लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 231, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 7 जुलाई 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बढ़ती आबादी हांफते संसाधन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 30.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होगी। | सूर्योदय 05 : 22 | सूर्यास्त 07 : 15



सलमान को पसंद आया विक्की कौशल का तौबा-तौबा डांस...14

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
SELECTION POINT The Complete Family Store
7 DAYS OPEN
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# 13 लोगों की गई जान, शाहजहांपुर-पीलीभीत सहित 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**दो दिन भारी बारिश की आशंका, मौसम विभाग ने 8 जुलाई तक जारी की चेतावनी**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई। इसमें बिजली गिरने से कुल छह लोगों, अतिवृष्टि से दो लोगों व डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई। बरेली मंडल समेत प्रदेश के 20 शहरों में 8 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बारिश के मौसम में अधिकारी राहत कार्य पर गंभीर नजर रखें और प्रभावित लोगों की मदद करें।

राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार डूबने से मारे गये लोगों में फतेहपुर के दो और मैनपुरी, कौशांबी, प्रतापगढ़ व रायबरेली के एक-एक लोग शामिल हैं, जबकि अतिवृष्टि से मारे गये लोगों में रायबरेली व मैनपुरी के एक-एक लोग शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को प्रदेश में औसतन 18.3 मिलीमीटर बारिश हुई। एक जून से अब तक 155.2 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई जो सामान्य वर्षा 134.5 मिलीमीटर के सापेक्ष 115.4 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 65.5 मिमी बारिश श्रावस्ती जिले में दर्ज की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, समुद्र तल पर मानसून टर्फ अपनी सामान्य स्थिति से थोड़ा दक्षिण की ओर से होते हुए जैसलमेर से सीकर, उरई, चुर्क, डाल्टनगंज, पुरूलिया एवं कोंटाई होते हुए उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इसके अतिरिक्त पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं दक्षिणी-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर बने दो अलग-अलग चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव है। प्रदेश में जारी सक्रिय मानसून की परिस्थितियों के कारण 2-3 दिनों के दौरान प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं भारी बारिश के आसार हैं। आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, शाहजहांपुर, मथुरा, हाथरस, एटा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और राजधानी लखनऊ समेत 20 शहरों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।



बरेली शहर के रामपुर बाग क्षेत्र में जलभराव के बीच गुजरते वाहन।

### उत्तराखंड में पुल बहा, चारधाम यात्रा भी स्थगित

देहरादून। उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी है। भूस्खलन व मलबा आने से कुमाऊं मंडल में 80 से अधिक सड़कें बंद हैं। रामनगर-रानीखेत और अल्मोड़ा को जोड़ने वाला मोहान के पास स्थित पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। बनबसा में शारदा बैराज का जल स्तर 1.21 लाख क्यूसेक तक पहुंच गया। जिस वजह से वहां वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी है। उत्तराखंड में स्थित गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरीनाथ, केदारनाथ तीर्थस्थानों चारों धामों की यात्रा भी स्थगित कर दी गई। आयुक्त, गढ़वाल मंडल और अध्यक्ष, चार धाम यात्रा प्रशासन संगठन, विनय शंकर पाण्डेय ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए गढ़वाल मंडल के चार धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालु 07 जुलाई को ऋषिकेश से आगे चार-धाम की यात्रा शुरू न करें। तीर्थयात्री जहां हैं, वहीं विश्राम करें।

**इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट :** देवरिया, गोरखपुर, एसके नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, शाहजहांपुर।

**इन जिलों के लिए यलो अलर्ट :** सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, कन्नौज, लखनऊ, अयोध्या, अंबेडकरनगर, मथुरा, हाथरस, एटा, मैनपुरी, औरैया, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन।

## एक नजर

### कुलभूषण मांटा को मरणोपरांत शौर्य चक्र

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की पवित्र धरा ने एक और वीर सपूत को देश की सेवा में खो दिया। राइफलमैन कुलभूषण मांटा को मरणोपरांत 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी मां दुर्गा देवी और धर्मपत्नी नीतू कुमारी ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में ग्रहण किया।

### नहीं हुआ मोहर्रम का चांद यौम-ए-आशूर 17 को

**लखनऊ।** शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने बताया कि 6 जुलाई को मोहर्रम का चांद नहीं हुआ, इसलिए 7 जुलाई को जिलहिज्जा की 30 तारीख होगी और 8 जुलाई को पहली मोहर्रम होगी। 17 जुलाई को यौम-ए-आशूर मनाया जाएगा। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि कि पहली मोहर्रम 8 जुलाई को और यौम-ए-आशूर 17 मोहर्रम को होगा।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शनिवार को 15 जुलाई तक बढ़ा दी। आप के नेता सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने पर विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया।

# पटना में भोले बाबा पर केस दर्ज

## राजनीतिक आकाओं से जुड़े हैं साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के तार, जांच करेगी पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** हाथरस भगदड़ प्रकरण में पुलिस अब आरोपी साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के राजनीतिक संबंधों की जांच में जुट गई है। पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं जो भोले बाबा के राजनीतिक संबंधों की ओर इशारा कर रहे हैं। संदेह है कि कहीं भगदड़ किसी राजनीतिक साजिश का हिस्सा तो नहीं थी।

इस बीच, पटना कोर्ट में भोले बाबा के खिलाफ पहला केस दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार ने आवेदन करते हुए भोले बाबा को मुख्य आरोपी बनाया है और कानूनी कार्यवाई की मांग की है। हाथरस के पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के एक बयान में यह तथ्य सामने आया कि भोले बाबा का मुख्य सेवादार और मामले में मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर ने हाल में कुछ नेताओं से संपर्क किया था। इससे घटना के इर्द-गिर्द संभावित राजनीतिक साजिश को भी बल मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मधुकर, भोले बाबा के लिए धन जुटाता था। पुलिस मधुकर को रिमांड पर लेने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए छह जुलाई को न्यायालय में याचिका दाखिल करेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपी मधुकर से जुड़े वित्तीय लेनदेन और कॉल रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

**डीजीपी ने बनाई फैक्ट्स फाइंडिंग टीम :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने एक फैक्ट्स फाइंडिंग टीम बनाई है। मैनपुरी, एटा, कासगंज, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, फिरोजबाद, इटावा और आगरा के एसपी और पुलिस आयुक्त को जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने अपने जिलों में सेवादारों से बात कर बाबा के कामकाज, आश्रम, फंडिंग और मददगारों के बारे में भी जानकारी जुटाएं। भोले बाबा राजस्थान के एक पेपर लीक माफिया का भी परिचित है। एक एडीजी ने बताया कि भोले बाबा जब भी राजस्थान जाता था कि तो दौसा जिले में हर्षवर्धन मीणा के घर पर रुकता था। मीणा राजस्थान-2020 जूनियर इंजीनियर परीक्षा (जेईएन) भर्ती पेपर लीक का मुख्य आरोपी है।

### हमें विश्वास, उपद्रवकारियों को बख्शा नहीं जाएगा : भोले बाबा

हाथरस हादसे में आरोपी भोले बाबा का पहला बयान सामने आया है। उन्होंने वीडियो बयान जारी कर कहा कि वह दो जुलाई की घटना से बहुत ही व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर हमें इस दुख की घड़ी से उबरने की शक्ति दें। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि सभी शासन और प्रशासन पर भरोसा बनाए रखें। हमें विश्वास है कि जो भी उपद्रवकारी हैं, उनको बख्शा नहीं जाएगा। अधिवक्ता एपी सिंह के माध्यम से उन्होंने समिति के सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे शोक संतप्त परिवारों और घायलों के साथ खड़े रहें और जीवन भर उनकी मदद करें।

### हाथरस पहुंचा आयोग घटनास्थल का निरीक्षण

हाथरस में घटनास्थल पर एसआईटी के बाद शनिवार को न्यायिक जांच आयोग की तीन सदस्यीय टीम जांच करने पुलिस लाइन पहुंची। टीम ने प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद टीम फुलरई मुगलगढ़ी स्थित घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने सिकंदराराऊ ट्रॉमा सेंटर को भी देखा। आयोग की टीम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व आईएएस हेमंत राव और पूर्व आईपीएस भवेश कुमार सिंह थे।

### ब्लॉक में बतौर तकनीकी सहायक तैनात था मधुकर



पुलिस की गिरफ्त में आया मुख्य आरोपी मधुकर एटा जिले के ब्लॉक शीतलपुर में बतौर तकनीकी सहायक (मनरेगा) के रूप में तैनात था, जिसे अब हटा दिया गया है। मधुकर वहां अनुबंध पर 20 ग्राम पंचायतों का कार्य देख रहा था। खंड विकास अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि मधुकर का मुख्य आरोपी के रूप में नाम सामने आने के बाद सेवा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मधुकर की पत्नी भी पंचायत सहायक है, दोनो एक साथ हाथरस के सिकंदराराऊ कस्बे में रहते थे। मधुकर ने ग्राम प्रधान का चुनाव भी लड़ा था, लेकिन हार गया। मधुकर ने अपने गांव के भी 30 लोगों को सत्संग से जोड़ा था, लेकिन वह सुरक्षित हैं।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया आरोपी

हाथरस भगदड़ मामले के मुख्य आरोपी मधुकर को जिला न्यायालय ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक भोले बाबा को समन भेजा जाएगा।

# चार आतंकी मारे गए दो जवान हुए शहीद

श्रीनगर, एजेंसी



मुठभेड़ में शहीद हरियाणा के प्रदीप नैन।

- **कुलगाम में दो जगहों पर हुईं मुठभेड़ गोलीबारी अभी जारी**
- **अतिरिक्त सुरक्षाबल मौके पर भेजे गए पूरे इलाके को घेरा**

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में चार आतंकवादी मारे गए और दो जवान शहीद हो गए। एक शहीद सैनिक हरियाणा के जींद जिले के गांव जाजनवाला नरवाना के निवासी पैरामिलिट्री कमांडो प्रदीप नैन हैं। जबकि हवलदार राजकुमार चीनीग्राम के निवासी हैं।

अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम में दो मुठभेड़ें ऐसे समय में हुई हैं जब अनंतनाग जिले में नुनवान-पहलगाम मार्ग और गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग से पिछले शनिवार को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के कारण पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दोनों मार्गों से तीर्थयात्रियों को कुलगाम जिले से होकर गुजरना पड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि पहली मुठभेड़ कुलगाम के मोदरगाम गांव में उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमें आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद इलाके में घेराबंदी और तलाश अभियान (कासो) चला रही थीं। जब सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी शुरू हुई तो अभियान एक मुठभेड़ में बदल गया। शुरुआती गोलीबारी में सेना की एलीट यूनिट का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सा कैंप में उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों को घेरने के लिए अतिरिक्त बलों को इलाके में भेजा गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि ऑपरेशन जारी है और सुरक्षा बल मोर्चे पर हैं। मोदरगाम गांव में अभियान चल रहा था तभी कुलगाम जिले के फ्रिसल चिनिगाम में एक और मुठभेड़ शुरू हो गई।

# अयोध्या में हमने राम मंदिर आंदोलन को हराया : राहुल

अहमदाबाद, एजेंसी



- **गुजरात पहुंचे कांग्रेस नेता ने भाजपा और मोदी सरकार पर साधा निशाना**
- **अहमदाबाद में बोले-उन्होंने हमारा दफ्तर तोड़ा, हम उनकी सरकार तोड़ेंगे**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन ने अयोध्या में भाजपा को हराकर राम मंदिर आंदोलन को पराजित कर दिया है जिसे लालकृष्ण आडवाणी ने शुरू किया था। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले चुनाव में भाजपा का गुजरात में भी यही हश्र होगा। गांधी ने कहा कि कांग्रेस को भाजपा द्वारा चुनौती दी गई है और धमकी दी गई है, लेकिन वह गुजरात में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को उसी तरह हराएगी, जिस तरह उन्हें अयोध्या में हराया गया। गांधी यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कुछ दिन पहले ही कांग्रेस और भाजपा के बीच गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर झड़प हुई थी, जब भाजपा के कार्यकर्ता हिंदुओं पर उनकी (गांधी की) टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करने वहां गए थे।


गांधी ने कहा कि उन्होंने (भाजपा) हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाकर हमें चुनौती दी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिलकर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है। यह लिखकर ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था। गांधी ने उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा की हार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। अयोध्या फैजाबाद में स्थित है।

### हर धर्म में पाया जाता है कांग्रेस का 'हाथ'

गांधी ने कहा कि कांग्रेस का 'हाथ' चिह्न हर धर्म में पाया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''गुरुनानक, महावीर, बुद्ध की तस्वीरों को देखिए। इस्लाम में भी वे आशीर्वाद के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। भगवान शिव के चित्र देखिए और आपको यह वहां भी मिलेगा। इसका मतलब है डरो मत, डराओ मत। गांधी ने कहा कि भाजपा के विपरीत कांग्रेस में पार्टी कार्यकर्ता अपने नेताओं के समक्ष अपनी राय व्यक्त करने से नहीं डरते हैं और यहां तक कि उनके फैसलों पर सवाल उठाते हैं तथा उनके मुंह पर ही कह देते हैं कि उन्होंने जो किया, वह उन्हें पसंद नहीं आया।

# सुधारवादी नेता पेजेश्कियान होंगे ईरान के नए राष्ट्रपति

दुबई, एजेंसी



- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई**
- **कट्टरपंथी नेता सईद जलीली हारे चुनाव**

ईरान के राष्ट्रपति चुनाव में सुधारवादी नेता मसूद पेजेश्कियान को जीत मिली है। उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हरा दिया है। अब तक गिने गए तीन करोड़ वोटों में से डॉ. मसूद पेजेश्कियान को 53.3 फ़ीसदी वोट मिले हैं, जबकि जलीली को 44.3 फीसदी वोट मिले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मसूद पेजेश्कियान को ईरान का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर शनिवार को बधाई दी।

पेजेश्कियान पेशे से हार्ट सर्जन रहे हैं। सुधारवादी माने जाने वाले पेजेश्कियान देश में 'मोरल पुलिसिंग' के कड़े आलोचक रहे हैं। उन्होंने ईरान में एकता और सद्भाव लाने का वादा किया था। यह भी वादा किया था कि वह दुनिया से ईरान के अलगाव को खत्म करेंगे। इसके बाद ही ईरान के लोगों का उनकी ओर झुकाव बढ़ना शुरू हुआ।

# वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 23 को पेश करेंगी बजट

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त को समाप्त होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी। रीजीजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत सरकार की अनुशंसा पर बजट सत्र, 2024 के लिए 22 जुलाई से 12 अगस्त, 2024 तक संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी सरकार का यह पहला बजट होगा। बजट में प्रमुख सामाजिक व आर्थिक फैसले होने की उम्मीद है।

# नीट-यूजी : मासान्त तक काउंसलिंग की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- **पहले जुलाई माह की शुरूआत में होनी थी काउंसलिंग**

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया इस माह के अंत तक शुरू हो सकती है। काउंसलिंग सत्र जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना थी। हालाँकि, काउंसलिंग अधिकारियों ने कोई तारीख या कार्यक्रम अधिसूचित नहीं किया था।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने अभी तक वर्ष 2024 के लिए नीट यूजी और पीजी की काउंसलिंग कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि चिकित्सा परामर्श समिति ने अभी तक काउंसलिंग अनुसूची अधिसूचित नहीं की है। काउंसलिंग कार्यक्रम की घोषणा एमसीसी अपनी वेबसाइट पर परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के आधार पर की जाती है। वर्ष 2024 के लिए एनएमसी यूजी और पीजी सीटों के लिए जुलाई के तीसरे सप्ताह तक यूजी सीट बंटवारे और अगस्त के मध्य तक पीजी सीटों को अंतिम रूप दे देगा।

# केजरीवाल की पत्नी देख सकती हैं उनके चिकित्सा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता को उनके चिकित्सा रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की अनुमति दे दी और उन्हें उनकी ओर से मेडिकल बोर्ड या डॉक्टरों से स्वतंत्र रूप से सलाह लेने की अनुमति भी दे दी। हालांकि, अदालत ने केजरीवाल की उस अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें चिकित्सकों से परामर्श के दौरान सुनीता केजरीवाल को उनकी 'अटेंडेंट' के तौर पर शामिल करने की अनुमति देने के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिए जाने का आग्रह किया गया था।

# झारखंड के पूर्व मंत्री के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

- **पूर्व मंत्री और सहयोगियों की 4.42 करोड़ की संपत्ति कुर्क**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले की जांच के तहत झारखंड के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, उनके पूर्व निजी सचिव और घरेलू सहायक के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है तथा 4.42 करोड़ रुपये की संपत्ति भी कुर्क की है। संघीय एजेंसी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने 4 जुलाई को आलमगीर आलम, उनके पूर्व निजी सचिव संजीव कुमार लाल, लाल की पत्नी रीता लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के खिलाफ कुर्की आदेश जारी किया है।

**सुरक्षा का जिम्मा** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा को ऑपरेशन मानसून शुरू, 1288 वर्ग किलोमीटर में फैला है कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

# जान जोखिम में डाल वन्यजीवों की रक्षा कर रहे सीटीआर के जवान

विनोद पपनै, रामनगर



**अमृत विचार :** बियावान जंगल में घुप्प अंधेरा ऐसा कि हाथ को हाथ नहीं दिखाई दे, ऊपर से मूसलाधार बारिश, जंगल में कहीं से बाघ तो कहीं से गुलदार के दहाड़ने की आवाज... ऐसी ही दुरुह स्थितियों में जान जोखिम में डालकर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के कर्मचारी जंगलों में शिकारियों की घुसपैठ रोकते हैं। रात के अंधेरे में अजगर, कोबरा, करैत जैसे जानलेवा सांप-बिच्छुओं से बचते-बचाते हुए शिकारियों की घुसपैठ रोकना और जंगल के चप्पे-चप्पे पर नजर रखना आसान नहीं है। फिर भी ये वनकर्मी बारिश के मौसम में 'ऑपरेशन मानसून' के तहत पार्क में सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहते हैं। सीटीआर के पर्यटन जोन बंद होने के बाद बारिश के मौसम में 'ऑपरेशन मानसून' शुरू हो जाता है। एक जुलाई से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के 1288.32 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले जंगल में रेड अलर्ट घोषित हो गया है। मानसून सत्र तक सभी वनकर्मियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं, वनकर्मी शिकारियों से वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद हैं।

### सीटीआर की दक्षिणी सीमा अति संवेदनशील

बारिश शुरू होते ही शिकारियों की नजर बाघ, गुलदार और हाथी समेत अन्य जंगली जानवरों के साथ ही पेड़ों पर रहती है। सीटीआर में उत्तर प्रदेश के अमानगढ़, अफजलगढ़, शेरकोट, धामपुर नगीना, नजीबाबाद और मंडावली से शिकारियों की घुसपैठ का खतरा बना रहता है। दक्षिणी सीमा पर प्रत्येक दो किमी में 40 वन चौकियां हैं। इनसे विशेष नजर रखी जाती है। बारिश में सड़कें क्षतिग्रस्त होने से कर्मचारी जंगल से बाहर नहीं आ पाते हैं इस वजह से वन चौकियों में पर्याप्त मात्रा में राशन व जीवन रक्षक दवाइयां भेज दी गई हैं। पार्क में जिन इलाकों में वनकर्मी नहीं पहुंच पाते हैं, वहां ड्रोन और थर्मल कैमरे से निगरानी होती है।

> सीटीआर के फील्ड कर्मचारी वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए पूरी मुस्तैदी से दिन-रात तैनात हैं। खोजी कुत्तों, ड्रोन, तथा हाथियों से भी गश्त की जा रही है। वन्यजीवों की सुरक्षा, शिकारियों की घुसपैठ रोकने को हर पल निगहबानी के लिए हम चौकस हैं। - **डॉ. धीरज पांडेय**, निदेशक, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

### ऐसे होती है जंगल की निगेहबानी

एक हजार वन कर्मी, 4 स्नीफर डॉग्स व 12 हाथियों के माध्यम से गश्त करते हैं। इसके अलावा वन कर्मियों की लंबी और छोटी दूरी की पैदल गश्त, ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी, वायरलैस सेट से सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। इतनी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की वजह से ही सीटीआर में शिकारियों का घुसपैठ करना आसान नहीं है।

एक नजर

### फ्यूचर लीडर्स स्कूल में प्रतियोगिता

**बिल्सी।** फ्यूचर लीडर्स स्कूल में शनिवार को कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय स्वास्थ्य और स्वच्छता रहा। विद्यार्थियों ने जीवंत और सूचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रथाओं की समझ का प्रदर्शन किया। कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा एक से क्रसय और अहान, कक्षा दो से अनुष्का उपाध्याय, कक्षा तीन से कृष्णा, कक्षा चार से प्रभात, कक्षा पांच से अवनी, कक्षा छह से इशिता और आरुषि शाक्य, कक्षा सात से तनु और कक्षा आठ से आस्था ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डायरेक्ट वीपी सिंह ने कहा कि कोलाज मेकिंग और स्कूल में को-करिकुलर एक्टिविटी में भाग लेने से छात्रों को समय पर प्रबंधन करने में मजबूती मिलती है। एमडी राहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### शिविर में 52 दिव्यांगों ने कराया पंजीकरण

**इस्लामनगर।** ब्लॉक मुख्यालय सभागार में शनिवार को दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए पंजीकरण शिविर लगा। इसमें 52 दिव्यांगों ने अपना पंजीकरण कराया। शनिवार सुबह से ही भरी बारिश हो रही थी और दिव्यांग अपने कागज लेकर शिविर में आने लगे। उन्होंने अपना पंजीकरण कराया। रजिस्ट्रेशन कर रहे राज कृष्ण ने बताया कि छड़ी, ट्राई साइकिल, बैसाखी, इलेक्ट्रॉनिक ट्राई साइकिल के लिए कैंप में पंजीकरण हुए हैं। कैंप में ऑडियोलॉजिस्ट राजू कुमार, अजय कुमार, जूनियर टेक्नीशियन आदि सहित बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौजूद रहे।

# शहर से लेकर देहात तक बारिश ही बारिश, अब लगने लगी आफत

## सड़कों पर जलभराव से बढ़ने लगी लोगों की मुसीबत, चार दिनों तक बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहा कृषि विभाग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर से लेकर देहात तक शनिवार को जमकर बारिश हुई। गर्मी से राहत मिलने तक तो ठीक लेकिन अब बारिश आफत लगने लगी है। जलभराव मुसीबत बन गया है। खेतों में खड़ी धान की नर्सरी खराब होने की नौबत आ गई है। सब्जियों को भारी नुकसान पहुंचा है। कृषि विभाग चार दिनों तक बारिश होने की संभावना जता रहा है।

पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। शुक्रवार की शाम बारिश शुरू हुई जो शनिवार सुबह पांच बजे तक जारी रही। इसके बाद बारिश थम गई। 11 बजे फिर बारिश शुरू हो गई जो देर शाम तक जारी थी। लगातार बारिश होने की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। शहर के कई प्रमुख मार्ग और मोहल्लों की गलियां तालाब नजर आ रही हैं। बाजार में जलभराव होने से ग्राहकों के न आने से दुकानदार खाली बैठे रहे। पटरी पर सामान बेचने वाले लोगों ने जल्दी घरों की ओर रुख कर लिया। रोडवेज बस स्टैंड पर पानी भर जाने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। उन्हें कीचड़ में खड़ी बसों तक पहुंचने के लिए परेशानी उठानी पड़ी।बारिश के दौरान सबसे अधिक दिक्कत स्कूली बच्चों को हुई। बच्चे भीगते हुए घर पहुंचे। इधर खेतों में खड़ी मक्का और मैंथा की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। खेत में कटी पड़ी मक्का की बाली से अंकुर फूटने लगे हैं। खेतों में पानी भरने से धान की पौध खराब होने लगी है। कई किसान ऐसे हैं जिन्होंने दो बार पौध लगाई।



जोगीपुरा रोड पर जलभराव से गुजरते लोग। ● अमृत विचार



बारिश में नाले चोक हो गए तो छह सड़का रोड पर जमा हो गया पानी। ● अमृत विचार



झमाझम बारिश में छाता लगाकर जाता युवक। ● अमृत विचार



मधुवन कॉलोनी में जलभराव के चलते बच्चों को गोद में लेकर ले जाता व्यक्ति।




सवारियों को भीगने से बचाने के लिए ई-रिक्शा पर लगाया तिरपाल।

### जलभराव बनी मुसीबत

शनिवार से दोपहर से शुरू हुई बारिश का दौर जारी है। लगातार बारिश होने से शहर की पॉश कालोनी में जलभराव हो गया है। रोड पर दो से तीन फुट पानी जमा हो गया है। वहीं शहर के प्रमुख मार्ग जोगीपुरा, छह सड़का, गांधी ग्राउंड रोड, दिनेश चौक, तोताराम मार्केट, पनबडिया, कबूलपुरा, चौधरी सराय, सुभाष चौक, आर्य समाज चौक, लोची नगला सहित कई अन्य स्थान बारिश में जलमग्न हो गए हैं। लोगों को दिक्कतों का सामना पड़ा।

### खेतों में खराब हो गई धान की पौध

किसान देवपाल, सेवाराम, हरदयाल आदि ने बताया कि 15 दिन पूर्व खेत में धान की पौध डाली थी जो खराब हो गई है। दोबारा से नर्सरी डाली वह भी खराब हो गई है। खेतों में खड़ी मक्का, मूंगफली और बेल वाली सब्जियों को भारी नुकसान पहुंचा है।

### परिषदीय स्कूल हो गए जलमग्न

कई दिनों से हो रही बारिश से परिषदीय स्कूलों में पानी भर गया है। बच्चों और शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सहसवान क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल बिचौला में जलभराव होने से बच्चे और शिक्षक परेशान हो गए। ऐसा ही हाल डायट स्थित संविलियन और पुलिस लाइन स्थित परिषदीय स्कूल का रहा। बच्चों को पानी से गुजरकर कक्षों तक पहुंचना पड़ा।

### चार दिन तक हो सकती है बारिश

जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग द्वारा जारी की गई सूचना के अनुसार अगले चार दिनों तक लगातार बारिश होने की संभावना जताई गई है। इसके बाद ही मौसम साफ हो सकेगा। इधर लगातार बारिश होने की वजह से तापमान में भी गिरावट हुई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

### किसान करें धान की सीधी बुवाई

जून माह में तापमान अधिक होने की वजह से किसानों ने देर से नर्सरी डाली थी। खेतों में पानी भर जाने से नर्सरी खराब हो गई है। जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि जिन किसानों की नर्सरी खराब हो गई है। वह सीधी धान की बुवाई कर सकते हैं। इस समय बारिश होने से खेत पहले से ही तैयार हैं। सीधी बुवाई करने से धान की फसल को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा। धान की नर्सरी डालने का अभी समय है। जो किसान सीधी बुवाई नहीं करना चाहते वह तीस जुलाई तक नर्सरी डाल सकते हैं। बारिश से मक्का की फसल को नुकसान पहुंचा है। जिन किसानों के खेतों में मक्का खड़ी है वे ऊपर के हिस्से को काट लें और तनों को जानवरों के चारे के रूप में इस्तेमाल करें।

# बिजली घर में जलभराव, रात आठ बजे शुरू हो सकी सप्लाई



उझानी के बिजली घर में जलभराव। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** बारिश से उझानी के बिजली घर में जलभराव हो गया जिसके चलते शनिवार को पूरा दिन बिजली सप्लाई बाधित रही। इंजन मंगवाकर पानी निलवाया और देर शाम आठ बजे सप्लाई शुरू की गई। पूरा दिन बिजली न आने की वजह से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। समरसेबिल नहीं चले। इंवर्टर भी डाउन हो गए। बिजली घर से सप्लाई शुरू होने के बाद भी कुछ जगहों पर बिजली नहीं आई। जेई अमित कुमार ने बताया कि बिजली घर में पानी भर गया था। पानी निकलवाकर सप्लाई शुरू कर दी गई है।

# पुलिस प्रतियोगिता में बदायूं की टीम चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पुलिस परेड ग्राउंड में चल रही पुलिस प्रतियोगिताओं में बदायूं की टीम ओवरऑल विजेता बनी। कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग, आर्म रेसलिंग प्रतियोगिताओं में नौ जिलों के 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि डीएम मनोज कुमार, एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

अंतिम दिन कुश्ती के 70 किग्रा वर्ग में बरेली ने बदायूं के खिलाड़ी को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। इसके बाद अन्य मैच हुए। पुरुषों की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बदायूं पहले और पीलीभीत दूसरे नंबर पर रहा। महिलाओं की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बरेली ने पहला और पीलीभीत ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुषों की कुश्ती प्रतियोगिता में बदायूं विजेता बनी। बरेली की टीम दूसरे नंबर पर रही। महिलाओं की कुश्ती प्रतियोगिता में बदायूं ने बादशाहत बनाई। मुरादाबाद की टीम दूसरे नंबर पर रही। बॉक्सिंग 86 किग्रा वर्ग में बदायूं के अंकित ने बिजनौर के प्रयांक को हराया। बदायूं ने चल बैजन्ती शील्ड पर कब्जा किया।

निर्णायक मंडल में जिला क्रीड़ाधिकारी अमित रिछारिया, कोच शैवर अली खान, रामदास यादव, बेसिक शिक्षा विभाग के पीटीआई रामअवतार, दिलीप जोशी, पुलिस के कुश्ती कोच जितेंद्र राणा रहे। एसपी देहात राम मोहन सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ उझानी शक्ति सिंह व प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।




विजेता टीम को सम्मानित करते डीएम मनोज कुमार व एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

● **डीएम और एसएसपी ने विजेताओं को किया सम्मानित**

# वाहन स्वामी आठ तक जमा कर दें लॉगबुक

**बदायूं,अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि लोकसभा चुनाव में जो हल्के भारी वाहन जिले में प्रयोग किए गए थे, उन वाहनों की लॉगबुक जिला पूर्ति अधिकारी सहायक प्रभारी अधिकारी, यातायात कार्यालय में वाहन स्वामियों द्वारा जमा किया जाना था। कुछ हल्के वाहन स्वामियों द्वारा किये गये ईंधन की लॉगबुक वापस जमा नहीं की गई है। ऐसे वाहन स्वामी अपनी लॉग बुक 8 जुलाई,तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें। ताकि भुगतान के संबंध में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

# देश के लिए डा. श्यामा प्रसाद ने किया संघर्ष




डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में हिस्सा लेते विधायक महेश चंद्र गुप्ता व अन्य ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए पद का त्याग कर तत्कालीन सरकार की नीतियों का विरोध किया और वह बिना परमिट के कश्मीर पहुंचे। वहां पर उन्होंने एक ही देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान व्यवस्था का विरोध किया। उन्होंने कहा जम्मू कश्मीर में कानून व्यवस्था के माध्यम से वहां के लोगों का विकास और सम्मान पूरे देश में बढ़ रहा है।

कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष हरप्रसाद सिंह पटेल, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राणा प्रताप सिंह, पूर्व डीसीबी चेयरमैन उमेश राठौर, जिला महामंत्री एमपी सिं, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा सीमा राठौर, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा केशव चौहान आदि उपस्थित रहे।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



डा. श्यामा प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक राजीव कुमार सिंह।

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी।

विधायक राजीव कुमार सिंह (बब्बू भईया) ने कहा कि राष्ट्र की अखंडता और समाज की उन्नति के लिए आजीवन कार्य करने वाले महान चिंतक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अतुलनीय योगदान को भारतवासी युगों-युगों तक याद रखेंगे। जिला सहकारी संघ के सभापति रवेन्द्रपाल सिंह, समाजसेवी डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, भाजपा आईटी विभाग के जिला सह संयोजक देवेश तोमर, युवा भाजपा नेता अग्निवीर गुर्जर आदि शामिल रहे।

रुकावट

जिले में 92 किमी लंबाई में हो रहा काम, अब तक 60 फीसद काम हो सका है पूरा

# बारिश ने बाधित किया गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण चल रहा है। जिसमें 92 किमी का हिस्सा जिले में है। गंगा एक्सप्रेस-वे का कार्य लगातार हो रही बारिश की वजह से प्रभावित हो गया है। पिछले कई दिनों से काम नहीं हो पा रहा है। कार्यदायी संस्था यूपीडा के अधिकारी कर्मचारी मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं।

गंगा एक्सप्रेस-वे बिसौली, बिल्सी, सदर और दातागंज क्षेत्र के 82 से अधिक गांवों से होकर गुजर रहा है। कई स्थानों पर डामर की सड़क भी बन चुकी है तथा अंडरपास भी बनाए जा चुके हैं। वर्तमान में बिनावर क्षेत्र में फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है। इसके अलावा यहां सर्विस रोड पर भी काम चल रहा है। फ्लाईओवर पर पिलर के ऊपर बीम रखे जा चुके हैं। सड़क बनाने के लिए फाउंडेशन तैयार किया जा रहा है। कई स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था के लिए भी फ्लाईओवर में पोल लगाने की तैयारी की चल रही है। लेकिन पिछले कई दिनों से हो रही बारिश एक्सप्रेस निर्माण में बाधा बन चुकी है। प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से दावा किया जा रहा है कि एक्सप्रेस वे निर्माण का करीब 60 फीसद का हिस्सा तैयार है। शेष पर काम तेजी से चल रहा है। लेकिन बारिश निर्माण कार्य में बाधा बन चुकी है। जिसकी वजह से काम प्रभावित हो गया है। बारिश रुकने के बाद काम में तेजी आएगी।



### दिसंबर तक पूरा करना है निर्माण कार्य

गंगा एक्सप्रेस वे का काम दिसंबर माह तक पूरा करने के लिए शासन की ओर से कार्यदायी संस्था यूपीडा को आदेश दिए गए हैं। शासन से निर्धारित तिथि को देखते हुए कार्यदायी संस्था से तेजी से कार्य पूरा करने में लगी है। लेकिन बारिश ने बाधा उत्पन्न कर दी है। जिसकी वजह से कार्य प्रगति नहीं पकड़ पा रहा है।

गंगा एक्सप्रेस वे काम तेजी से चल रहा है। बारिश में काम धीमा हो गया है। कार्यदायी संस्था को दिसंबर माह तक काम पूरा करने को कहा गया है। बारिश रुकने के बाद काम में तेजी आ जाएगी। कार्यदायी संस्था द्वारा किए जा रहे काम पर लगातार नजर बनी हुई है।

**-डॉ. वैभव कुमार**, एडीएम वित्त एवं राजस्व

### कांवड यात्रा को कलक्ट्रेट मे खुला कंट्रोल रूम

**बदायूं।** जिला मजिस्ट्रेट मनोज कुमार ने बताया कि श्रावण मास में कांवड यात्रा को दृष्टिगत रखते हुये कलक्ट्रेट एवं पुलिस विभाग में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। कलेक्ट्रेट स्थित आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कमाण्ड एंड कंट्रोल सेंटर) 05832-266054, 05832-266049, 05832-266050 7505389289, 7505395940, पुलिस लाइन स्थित कन्ट्रोल रूम 9454402956, 9454417440 तथा इसके अतिरिक्त कछला पुलिस चौकी, थाना कोतवाली उझानी, थाना कोतवाली बदायूँ तथा थाना कोतवाली सिविल लाइन के कन्ट्रोल रूम भी संचालित रहेंगे। कंट्रोम रुम में लोक निर्माण विभाग, नगर निकायों, विद्युत विभाग, थाना, सहायक आयुक्त खाद्य-2 आदि विभागों के कर्मचारियों की आठ-आठ घण्टें की डयूटी लगाई गई है।

### बंद नहीं हुआ वाहनों से वसूली का सिलसिला

**उझानी।** कोतवाली उझानी क्षेत्र में वाहनों की किश्त टूटने के नाम पर वाहन रोककर अवैध वसूली बंद नहीं हो रही है। कुछ महीने पहले सिविल लाइन पुलिस ने बरेली-मथुरा राजमार्ग पर वसूली करने वाले कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था लेकिन फिर से वसूली गैंग सक्रिय हो गया है। उझानी में छतुइया रेलवे क्रासिंग से बरी बाइपास तक लग्जरी गाड़ी से रात तक घूमते हैं। फाइनेंस पर लिए गए वाहनों की किश्त टूटने के बहाने वाहन छीन लेते हैं या अवैध वसूली करते हैं। लोगों ने डीएम से कार्रवाई की मांग की है।















शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

ASHOKA FOAM
WOW SALE
UP TO 70%

• Bed Linen • Rugs
• Bath Linen • Louvers
• Sofa Fabric • Curtains
• Wallpapers
• Wooden
• PVC Flooring
106/8 Civil Lines, Opp. Mission Hospital
Bareilly, Uttar Pradesh, India 243001
Tel: +91 9720031000 | www.shokafoam.com

# धरना-प्रदर्शन: ब्राह्मणों ने भरी हुंकार, थानाध्यक्ष को हटाया जाए

## संपूर्ण समाधान दिवस में सौंपा ज्ञापन, तीन दिन में कार्रवाई नहीं करने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह का ऑडियो वायरल होने के बाद से ब्राह्मण समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कार्रवाई न होने पर भड़के ब्राह्मण व अन्य सवर्ण समाज के लोगों ने बिसौली के पीडब्लूडी गेस्ट हाउस पर धरना-प्रदर्शन किया। जुलूस निकालकर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। थानाध्यक्ष पर जातिवाद का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। एडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सप्ताह भर पहले थानाध्यक्ष का ऑडियो वायरल हुआ था। जिसमें वह एक युवक से बात कर रहे हैं कि उन्होंने ब्राह्मणों के खिलाफ भी फर्जी मुकदमे लिखे हैं। इस ऑडियो से ब्राह्मण समाज के लोग आक्रोशित हो गए। थानाध्यक्ष पर कार्रवाई के लिए बिसौली और बिल्सी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवेश दत्त भारद्वाज ने एडीजी को फोन करके मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की थी। एसएसपी ने सीओ को जांच दी। ब्राह्मण समाज ने कहा कि सीओ खुद एक व्यक्ति पर कार्रवाई के चक्कर में विवाद में घिरे हैं वह जातिवाद करने वाले थानाध्यक्ष की सही जांच नहीं करेंगे। इसके बाद जांच एसपी देहात को दे दी गई।

कार्रवाई न होने पर शनिवार को परशुराम युवा मंच और राष्ट्रीय करणी सेना के नेतृत्व में ब्राह्मणों व अन्य समाज के लोगों शनिवार को बिसौली के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर धरना-प्रदर्शन किया। फैजगंज बेहटा थानाध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। परशुराम युवा मंच के जिलाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि ब्राह्मणों के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले थानाध्यक्ष को थाने में रहने का अधिकार नहीं है। केके उपाध्याय ने कहा कि ब्राह्मण सम्मान का भूखा ह।, किसी भी कीमत पर ब्राह्मण अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते। बनवारी लाल पाठक ने कहा किवेदपाल सिंह को थानाध्यक्ष पद से नहीं हटाया गया तो हजारों की संख्या में ब्राह्मण सड़कों पर उतरेंगे।

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र फौजी ने कहा कि कुछ दलाल प्रवृत्ति के लोग अफवाह फैला रहे हैं कि सवर्ण समाज दो फांट है लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। सभी लोग मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे। अभीक्ष पाठक ने कहा कि तीन दिन में थानाध्यक्ष को निलंबित न करने पर जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन होगा। इसके बाद वे लोग जुलूस के रूप में तहसील तक पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

सभासद दीपक पाठक, चंद्रपाल शर्मा, योगेश शर्मा, सविता शर्मा, रामकुंवर पाठक, साहू मिश्रा, प्रवीण शर्मा, बंटी सिंह, विवेक ओझा, सत्यनारायण शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, विशाल शर्मा, अवधेश मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा, ज्ञानेंद्र शर्मा, अनमोल शर्मा, सुशील शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, नितिन मिश्रा, मनु शर्मा, अभिषेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।


प्रदर्शन करते परशुराम युवा मंच और राष्ट्रीय करणी सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।


संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन सौंपते ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

• **फैजगंज बेहटा थानाध्यक्ष का ब्राह्मणों पर मुकदमे का आडियो वायरल हुआ था**


फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष की एक ऑडियो वायरल हुआ जिसमें ब्राह्मणों पर फर्जी मुकदमा लिखने की बात कही गई है। ऐसी मानसिकता है थानाध्यक्ष की नहीं हो सकती। धरना-प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया गया है। कार्रवाई न होने पर बड़ा आंदोलन होगा। – **हिमांशु** उपाध्याय, जिलाध्यक्ष परशुराम युवा मंच


थानाध्यक्ष ने ब्राह्मण विरोधी बात कही। उन्होंने जिम्मेदार कुर्सी पर बैठने के बाद भी गलत मानसिकता दर्शाई है। जिसके चलते अभी तो सांकेतिक धरना-प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया है। कार्रवाई न होने पर बड़ा आंदोलन होगा।
– **धर्मेंद्र सिंह फौजी**, मंडल अध्यक्ष, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना


जल्द कार्रवाई न होने पर सवर्ण समाज बड़े आंदोलन की तैयारी करेगा। जातिवाद की बात करने वाले थानाध्यक्ष को पदमुक्त कर देना चाहिए। ऑडियो सुनकर ब्राह्मण समाज आहत हुआ है। समाज एकजुट है। तीन दिन में कार्रवाई न होने पर आगे का निर्णय लिया जाएगा।
– **प्रदीप** उपाध्याय, अधिवक्ता

## दो केंद्रों पर 20 को होगी इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा

**बदायूं, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए तिथियों की घोषणा कर दी गई है। परीक्षा 20 जुलाई को होगी। इसके लिए जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन पर ही छह सौ से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। 15 और 16 जुलाई को प्रयोगात्मक तथा आंतरिक मूल्यांकन होगा। परीक्षा की तैयारी के लिए डीआईओएस ने कर्मचारियों को आदेश जारी किया है।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम 20 अप्रैल को जारी हुआ था। इसके बाद हाईस्कूल और इंटरमीडिएट जिन छात्रों के नंबर कम आए थे। उनसे आवेदन मांगे गए थे। 31 मई तक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में एक विषय में फेल होने वाले या फिर कम अंक पाने वालों ने आवेदन किया था। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 631 छात्रों ने इसके लिए आवेदन किया गया था। इनकी परीक्षा 20 जुलाई को होनी है। इसकी तिथि माध्यमिक शिक्षा परिषद ने निर्धारित की है।

परीक्षा के लिए राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि 20 जुलाई को होने वाली परीक्षा के लिए दो केंद्र बनाए गए हैं। इन पर दो पालियों में परीक्षा होगी।

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

27.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

## मारपीट में घायल की मौत, 14 पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बूंचा नगला में 11 मई को 55 साल के दयाराम और राकेश के बीच मारपीट हुई थी। जिसमें दयाराम की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया था।

हालत गंभीर होने पर उसे सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहां भी हालत नाजुक होने पर परिजन उसे बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले आए जहां शनिवार को दयाराम ने दम तोड़ दिया।

मृतक के बेटे वीकेश की तहरीर पर सुनील, रामनिवास, मोनू, अनिल, सोनू, कप्तान सिंह, लाखन सिंह, गोलू उर्फ यातेंद्र, अर्जुन, सुरेंद्र, अहिलकार, संतोष, वीरेंद्र, रतिराम के खिलाफ गैर इरादतन हत्या में रिपोर्ट दर्ज की है।

# सात महीने बाद जिले को मिले नए सीएमओ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

• **बस्ती से ट्रांसफर होकर आए रामेश्वर मिश्रा**

**अमृत विचार :** सात महीने के लम्बे इंतजार के बाद जनपद को नये सीमएओ मिल गए हैं। डा रामेश्वर मिश्रा बस्ती से स्थानांतरित होकर आए हैं। वह सोमवार को सीएमओ के पद पर कार्यभार ग्रहण करेंगे।

पिछले साल नवम्बर महीने में एक शव की आंख मोर्चरी से गायब होने का मामला उछला था। इस प्रकरण में शासन स्तर तक शिकायत की गयी थी। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के निर्देश पर शव का फिर से पोस्टमार्टम कराया गया जिसमें पता चला कि शव की एक आंख गायब है। इस मामले में पहला पोस्टमार्टम करने वाले दो डाक्टरों को आनन-फानन में जेल भेज दिया गया था। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच के बाद जब कार्यवाही हुई तो आंच तत्कालीन सीएमओ डा. प्रदीप वार्ष्णेय तक पहुंची और शासन स्तर से उन्हें 10 दिसम्बर को निलम्बित कर दिया गया। तभी से यहां सीएमओ की कुर्सी खाली थी। विभाग ने वरिष्ठता के आधार पर डा. अब्दुल सलाम खान को प्रभारी सीएमओ बना दिया था। कई बार कहा गया कि नए सीएमओ आ रहे हैं। दो चार दिन में कार्यभार ग्रहण कर लेंगे लेकिन सात महीने तक कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद डा. अब्दुल सलाम खान पूरी तरह सीएमओ की कुर्सी पर काबिज हो गये। इधर जून के अंतिम सप्ताह में कुछ अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची जारी की गयी। उसमें नए सीएमओं के आने की उम्मीद जतायी गयी। उसमें भी जब नाम नहीं आया तो सभी को मायूसी हाथ लगी। शनिवार को शासन स्तर से एक और सूची जारी की गयी है जिसमें बस्ती जिले के सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा को यहां का सीएमओ बनाया गया है।

## सोत सेतु पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक

**बदायूं, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड के अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि शाहबाद बिसौली कछला गंगाघाट मार्ग के 38 पर स्थित रानेट चौराहे के पास सोत नदी पर क्षतिग्रस्त दीर्घ सेतु का चार सदस्यीय समिति ने निरीक्षण किया। उसकी संस्तुति पर अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोनिवि ने भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित कर दिया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारी वाहन इस क्षतिग्रस्त सेतु से गुजर रहे हैं, जो कि सुरक्षा के लिहाज से उचित नहीं हैं। समिति के सुझाव पर इस क्षतिग्रस्त सेतु से तत्काल भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित किया जाता है। उन्होंने भारी वाहन आवागमन के लिए (1) बिसौली बजीरगंज-बिल्सी-कछला मार्ग (2) बिसौली-ओरछी-इस्लामनगर-रानेट चौराहा मार्ग का प्रयोग करने का निर्देश दिया है ।

# पिटाई से मृत किसान के परिजनों से मिले बदायूं और आंवला सांसद, दी सांत्वना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

• **सांसद आदित्य यादव और नीरज मौर्य ने आरोपियों पर की कड़ी कार्रवाई की मांग**
• **जमीन के विवाद में 11 जून को गांव दियोरी निवासी हरिराम की पीटकर कर दी थी हत्या**


ग्रामीणों से जानकारी करते पूर्व सांसद आदित्य यादव, नीरज मौर्य।

**अमृत विचार :** जमीन के लिए किसान की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। वहीं दुष्कर्म की शिकार युवती के परिजनों द्वारा समझौता न करने पर आरोपियों ने युवती की हत्या कर दी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बदायूं और आंवला सांसद के नेतृत्व में आए सपा प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

कोतवाली दातागंज के गांव दियोरी निवासी हरिराम की जमीन के विवाद में 11 जून को पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि ग्राम प्रधान समेत आठ आरोपी फरार हैं। बदायूं सासंद आदित्य यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जमकर गुंडा गर्दी और जमीन हड़पने के मामले सामने आ रहे हैं। प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। आंवला सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि हरिराम को बचाने आए उसके भतीजे को भी बुरी तरह पीटा गया। जिसका वीडियो भी सामने आया है। पुलिस आरोपी प्रधान संतोष, उसके भाई अनुज को संरक्षण दे रही है। जिसके चलते उनकी गिरफ्तारी नहीं की जा रही है। प्रधान व उसके पिता पर ग्राम समाज की जमीन फर्जी तरीके से बेचने के कई मामले दर्ज हैं। सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार न करने का मामला संसद और विधानसभा में उठाया जाएगा। वहीं एक गांव में युवती से 2023 में दुष्कर्म हुआ था। आरोपी जमानत पर छूटने के बाद युवती के परिवार पर फैसले का दबाव बनाने लगा। मारपीट की। पीड़िता के शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। 15 जून की रात आरोपी घर में घुसकर युवती को उठा ले गए। उसका शव फंदे पर लटका मिला। परिजन हत्या की बात कहते रहे जबकि पुलिस ने आत्महत्या में मामला दर्ज किया।

प्रतिनिधि मंडल ने गांव हर्रे नगला में पौधरोपण भी किया। पूर्व प्रत्याशी रचित गुप्ता के आवास पर गए। एमएलसी राजपाल कश्यप, कैप्टन अर्जुन सिंह, सहसवान विधायक बृजेश यादव, शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव, जिला महामंत्री सुरेश पाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख सतीश यादव, अंगद गुप्ता के अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय विद्यार्थी, सपा प्रदेश सचिव विनोद सविता आदि उपस्थित रहे।

# आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, दो लोगों की मौत

संवाददाता, म्याऊं

• **थाना अलापुर क्षेत्र में म्याऊं-उसहैत मार्ग पर हुआ हादसा**


हादसे के बाद मौके पर पड़ी दोनों बाइक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अलापुर थाना अंतर्गत म्याऊं-उसहैत मार्ग पर ढका गांव की पुलिया के पास दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। उनके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तकिया निवासी शाकिर (52) पुत्र पुत्तन की उसहैत निवासी अपनी बहन के घर पर दावत थी। शनिवार दोपहर वह दावत खाने बाइक से बहन के घर जा रहे थे। वहीं थाना अलापुर क्षेत्र के गांव यादव नगर निवासी भगवान सिंह पुत्र हीरालाल बाइक से अपनी मक्का की फसल के रुपये लेने के लिए कस्बा म्याऊं की ओर जा रहे थे। म्याऊं-उसहैत मार्ग के ढका की पुलिया के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि भगवान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि शाकिर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। उनकी सूचना पर ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों युवकों को म्याऊं के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल शाकिर को जिला अस्पताल लाया गया। जहां शाकिर ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों के परिजनों को सूचना दी। परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे।

## आईं 33 शिकायतें दो का निस्तारण

**बिल्सी, अमृत विचार :** आज माह के पहले शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम प्रवर्धन शर्मा ने जनता की समस्याओं को सुना और समाधान भी किया।

इस दौरान कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मात्र दो का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष सभी को संबंधित अधिकारी को प्रेषित कर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इनमें ज्यादातर शिकायतें बिजली, राजस्व, पूर्ति, भूमि विवाद से जुड़ी हुईं थीं। इस मौके पर सीओ सुशील कुमार सिंह, तहसीलदार राहुल कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार मोहित कुमार, बीडीओ सतीश कुमार सैनी, जेई दिनेश कुमार, बीईओ गौतम प्रकाश आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने किया बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण


तटबंध का निरीक्षण करती मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सहसवान के ग्राम नगला बरन के महावा तटबंध पर कराए गए बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ से कोई जनहानि नहीं होनी चाहिए जो भी कार्य हों वह गुणवत्तापरक ढंग से हों। अधिकारी सुनिश्चित करें कि आमजन व किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अधिकारी ग्राम वासियों से बेहतर समन्वय एवं संवाद स्थापित करें।

## व्यायाम से कम होंगी स्वास्थ्य समस्याएं

**बिल्सी, अमृत विचार :** भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज में शनिवार को जूनियर विभाग के विद्यार्थियों ने योग, व्यायाम को सीखा।

प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि व्यायाम करना संपूर्ण सेहत के लिए लाभकारी माना जाता है। सभी लोगों को प्रतिदिन कम से कम तीस मिनट व्यायाम का लक्ष्य बनाकर पालन करना चाहिए। ऐसा करके आप स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम कर सकते हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि जो लोग व्यायाम नहीं करते हैं और शारीरिक रूप से निष्क्रिय रहते हैं उनमें कई गंभीर और क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का खतरा अधिक हो सकता है। इस मौके पर दीपाली सक्सेना, वरुण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाबा कालोनी के दोहरे हत्याकांड मामले में 19 को होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

• **19 मार्च को दो भाइयों की हुई जघन्य हत्या का मामला**
• **पुलिस ने एक हत्यारोपी साजिद का एनकाउंटर किया**


मृतक आयुष।


मृतक आहान उर्फ हन्नू।

**अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र की बाबा कॉलोनी में दोहरे हत्याकांड की सीजेएम कोर्ट में सुनवाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सुनवाई के लिए 19 जुलाई की तारीख नीयत की गई है।

उल्लेखनीय है कि सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में मंडी चौकी से आधा किलोमीटर दूर बाबा कॉलोनी में 19 मार्च की शाम को दो भाइयों की काटकर उनके घर की छत पर हत्या कर दी गई थी। विनोद के घर के सामने नाई की दुकान चलाने वाला साजिद अपने भाई जावेद के साथ उनके घर में घुस गया। दोनों विनोद के बेटे आयुष और अहान को छत पर ले गया। जहां उनका गला रेतकर हत्या कर दी। तीसरा भाई पीयूष छत पर पहुंचा तो चीखता हुआ नीचे भागा। साजिद और जावेद हत्याकांड के बाद फरार हो गए थे। इससे गुस्साए लोगों ने आगजनी और तोड़फोड़ की। घटना के कुछ ही देर के बाद पुलिस ने हत्यारोपी साजिद को मुठभेड़ में मार गिराया था जबकि जावेद ने तीन दिन बाद सरेंडर कर दिया। उसे 21 मार्च को जेल भेज दिया गया। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने साक्ष्य संकलित कर आरोपी जावेद के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने संज्ञान लेकर सेशन ट्रायल का आदेश दिया है। इस मामले में 19 जुलाई को कोर्ट में सुनवाई होगी।

# पूर्व में लगते रहे कांवड़ शिविरों को ही प्रशासन देगा अनुमति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सावन मास में कांवड़ यात्रा मार्ग पर सिर्फ उन शिविरों को ही लगाने की अनुमति मिलेगी, जो पूर्व से लगते आ रहे हैं। नए शिविरों को लगानें की प्रशासन अनुमति नहीं देगा। शिविर लगाने के लिए 20 जुलाई तक आवेदन करना होगा।

22 जुलाई से सावन मास की शुरुआत हो रही है। इसी दिन से कावड़ यात्रा का आरंभ हो जाएगा। डीएम मनोज कुमार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी स्थिति में बिना अनुमति के शिविर नहीं लगने जाएं। सावन मास, शिवरात्रि ,मोहर्रम, गुरु पूर्णिमा, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी आदि त्योहारों को लेकर अभी से कार्य योजना तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई से सावन मास शुरू हो रहा है। इसमें शिविर लगाने के लिए 20 जुलाई तक आवेदन लिया जाएगा। इसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट के यहां आवेदन करना होगा।

> 22 जुलाई से सावन मास शुरू हो रहा है। 20 जुलाई तक शिविर लगाने के लिए आवेदन मांगे गये हैं। जो शिविर पूर्व से ही लगते आ रहे हैं। पुलिस की जांच के बाद उन्हें ही शिविर लगाने की अनुमति मिलेगी।
> –**अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट

# तीन दुकानें निरस्त, चार पर लगाया जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

• **घटतौली की शिकायतों पर डीएसओ ने की कोटेदारों पर कार्रवाई**
• **सरकी, छिबऊ, गंगापुर के उचित दर विक्रेताओं के बारे में मिली थीं शिकायतें**

**अमृत विचार:** राशन में घटतौली करने वालों के खिलाफ पूर्ति विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। तीन कोटे की दुकानों को निरस्त करने के साथ ही चार राशन डीलरों से जुर्माना वसूला गया है। वहीं दुकान में पैट्रो पदार्थ विक्रेता पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

पिछले माह बड़ी संख्या में ग्रामीणों के द्वारा घटतौली को लेकर पूर्ति विभाग में शिकायतें दर्ज कराई गईं। जांच में शिकायतें सही पाईं गईं। डीएसओ रमन मिश्रा ने तहसील सदर के गांव सरकी स्थित उचित दर विक्रेता कीर्ति देवी, बिल्सी तहसील के गांव छिबऊ कलां की उचित दर विक्रेता लक्ष्मी नारायण और तहसील सहसवान के गांव गंगापुर के उचित दर विक्रेता चंद्र प्रभा की दुकानों का अनुबंध पत्र निरस्त कर दिया है। वहीं गांव कादर बाड़ी के उचित दर विक्रेता राजवती से दो हजार रुपये, गांव मुगर्राटटेई के आजम खां से तीन हजार, गांव लभारी के उचित दर विक्रेता कप्तान सिंह से दस हजार तथा सहसवान तहसील के गांव कोठा उचित दर विक्रेता रोहिताश कुमार से तीन हजार रुपये का जुर्माना वसूला है। इन्हें चेतावनी दी गई है।

## आटो पार्ट्स की दुकान पर पैट्रो पदार्थों की बिक्री की सूचना पर छापा

बिसौली तहसील के गांव बगरैन में इनाया ऑटो पार्ट्स की दुकान पर पैट्रो पदार्थ बिक्री की सूचना पर पूर्ति निरीक्षक शुभ्रा मिश्रा, सोनू कुमार ने पुलिस के साथ छापा मारा। अधिकारियों ने दुकान से 510 लीटर डीजल और 180 लीटर पेट्रोल और 650 लीटर सॉल्वेंट बरामद किया। यह पदार्थ दुकानदारों द्वारा बिक्री के लिए रखे गए थे। जिस पर अधिकारियों द्वारा वसीम, हसीन, नत्थू और अनीश पुत्रगण रईस निवासी सिसईया थाना वजीरगंज के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके चलते दुकानदारों में हड़कंप मच गया।


डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
आँवला
IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000

GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग ) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL

डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार

एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डा. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डा. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

# शहर से देहात तक पौधरोपण से पर्यावरण बचाने की मुहिम

## संस्थानों और विभिन्न संगठनों ने निभाई सक्रिय भूमिका

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शिक्षण संस्थानों, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने शनिवार को मां के नाम का पौधा लगाया। लोगों ने उत्साह के साथ पौधारोपण अभियान में भाग लिया।

भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने जीलॉट पब्लिक स्कूल में पौधरोपण किया। इसमें प्रधानाचार्य ज्योति लता, महेन्द्र सिंह एवं अध्यापक मुरारी मोहन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय गीतकार डॉ. उर्मिलेश के 73वें जन्मदिन पर जिलाधिकारी मनोज कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह ने बदायूं क्लब में पौधरोपण किया। साथ ही डॉ. उर्मिलेश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि। डॉ. अक्षत अशेष, रविन्द्र मोहन सक्सेना, मनीष सिंघल, नरेश चंद्र शंखधार, डॉ. भास्कर शर्मा आदि उपस्थित रहे। मदर्स पब्लिक स्कूल में छात्राओं ने पौधों को रोपित किया। प्रधानाचार्य शीबा खान ने पौधारोपण कर उनकी उपयोगिता से बच्चों को अवगत कराया।

**स्कूल में ग्रीन डे पर बच्चों ने रोपे पौधे, बदायूं :** मदर एथीना स्कूल में आज वन महोत्सव के अवसर पर कक्षा प्लेग्रुप, नर्सरी, केजी, हेतु ग्रीन डे का आयोजन किया गया। जिसके तहत कक्षाओं को हरे रंग की सज्जा सामग्री से सजाया गया। नन्हे बच्चे हरे रंग की वेशभूषा में, हरे रंग की सब्जी, तथा फल लेकर विद्यालय आए, इस अवसर पर विशेष रूप से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने स्कूल परिसर में अलग अलग पौधे रोपे, इसके अलावा बच्चों ने अपने हाथों से कागज पर हरे रंग की कलाकृतियां बनायीं।


पौधों की जानकारी करते मदर्स स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार


जीलॉट स्कूल में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने पौधरोपण किया


पौधरोपण करते डीएम मनोज कुमार एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से लगाए पौधे



**उझानी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से संजरपुर रोड स्थित पूर्व शिक्षक स्व. जय सिंह यादव के कृषि फार्म पर छायादार, फलदार और औषधीय पौधे लगाए गए। सुखपाल शर्मा ने कहा कि जल, जंगल और जमीन से जीवन है। स्काउट के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा और शेर सिंह ने वेद मंत्रोच्चारण किया। गायत्री परिजनों ने बरगद, नीम, आड़ू, जामुन, अंजीर, मौसमी, संतरा, सेब आदि के एक दर्जन से अधिक पौधे रोपे। महेंद्र, राम जी, अवनीश आदि मौजूद रहे।

# बीडीओ अनुपस्थित, कमिश्नर नाराज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


शिकायतें सुनतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवाल व आईजी राकेश कुमार सिंह।

**अमृत विचार:** बरेली मंडल की कमिश्नर सौम्या अग्रवाल व पुलिस महानिरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने तहसील सहसवान में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया, जिसमें खंड विकास अधिकारी अनुपस्थित मिले। उनसे स्पष्टीकरण तलब कर लिया।

औचक निरीक्षण के दौरान आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने आमजन से प्राप्त शिकायतों को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुना व उन्हें शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण का आश्वासन दिया। संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद उनके द्वारा उप जिलाधिकारी व तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में उनके समक्ष राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विकास विभाग व जिला पूर्ति कार्यालय सहित विभिन्न विभागों की कुल 20 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

### पेट्रोल पंप पर विवाद, पुलिस ने की शांतिभंग में कार्रवाई

**रुदायन।** पेट्रोल पंप के सेल्समैन से कुछ लोगों ने मारपीट की। उसने डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस बुला ली। आरोप है कि एक नेता के दबाव में आरोपी को छोड़ दिया गया जबकि सेल्समैन का चालान कर दिया गया। पेट्रोल पंप एसोसिएशन मामले में उच्चाधिकारियों से शिकायत करेगा। गांव महानगर के राम रहीस यादव राजपुर रोशननगर स्थित ओम किसान सेवा केंद्र पर सेल्समैन हैं। शुक्रवार को नशे में धुत आए युवक ने गाली-गलौज करते हुए पंप चालू करने के लिए कहने लगा। उन्होंने खुद को भाजना नेता बताते हुए गाली दी। उसका मोबाइल छीनकर फेंक दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सेल्समैन ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस आरोपियों को पकड़कर थाने ले आई जहां से छोड़ दिया। शनिवार को उसे थाने बुलाया। आरोप है कि शांतिभंग में चालान कर भेज दिया। पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष शारदेंदु पाठक और जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष नवनीत गुप्ता को जानकारी दी।

### निःशुल्क कराएं ई-केवाईसी

**बदायूं।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में राशन कार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराए जाने का अभियान माह जून से चलाया जा रहा है। उन्होंने जनपद के समस्त राशन कार्ड धारकों को सूचित किया है कि वह अपने राशन कार्ड में सम्मिलित सभी सदस्यों की अपने घर के निकट स्थित उचित दर की दुकान पर निःशुल्क ई-केवाईसी करा लें।

खबरें पेज 8 पर...

## आज का मौसम

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

| 27⁰ | 26⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.25 | सूर्यास्त 07.15 |

## जिले में आज

- शहर के हुल्का माता रानी मंदिर पर आषाढ़ मेले को लेकर पूजा अर्चना सुबह छह बजे से।
- संत निरंकारी सत्संग शहर के सोरों गेट स्थित हरप्यारी धर्मशाला में सुबह 10 बजे से।
- जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ऑपरेशन जागृति अभियान फेस-2 पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।



अशोक नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार



शहर में मूसलाधार बारिश होने पर नदरई गेट बाजार में सड़क पर बहते पानी में होकर निकलते वाहन। ● अमृत विचार




राजकीय पशु चिकित्सालय में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

# ढाई घंटे की झमाझम बारिश में शहर जलमग्न, घरों में घंटों कैद रहे लोग

## शहर की सड़कें और गलियां बन गईं नदियां, घरों में घुसा बरसात का पानी तो परेशान हुए लोग, जलभराव से लोगों का राह निकलना हुआ दूभर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** पिछले कई दिनों से हो रही बारिश अब मुसीबत बनने लगी है। शनिवार को लगभग ढाई घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया। बारिश का पानी भरने से सड़कें और गलियां नदी नजर आने लगीं। इससे लोग घरों में बंद रहने को मजबूर हो गए। चार बजे बारिश एक घंटे के लिए थमी। मगर शाम को फिर बादल बरसने लगे। बारिश के चलते शहर की यातायात व्यवस्था चरमारा गई। सकुलर रोड और मालगोदाम चौराहे पर जाम लगा। जाम खुलवाने के लिए पुलिस कर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी।

मानसून आने के बाद से लगभग रोजाना बारिश हो रही है। शनिवार सुबह लगभग चार बजे बूंदाबांदी रुक गई थी। मगर आसमान पर बादल छाए रहे। शनिवार दोपहर लगभग एक बजे पहले बूंदाबांदी शुरू हुई। इसके बाद शुरू हुई मूसलाधार बारिश लगभग ढाई घंटे तक जारी रही। इससे जा जहां था वह वहीं ठहर गया। झमाझम बारिश होने से कुछ ही देर में नाले नालियां उफना गए। देखते ही देखते सड़कें नदियां बन गईं। बस्तियों में पानी भरने से लोग परेशान हो गए। कई इलाकों में बारिश का पानी घरों में घुस गया। शहर के नदरई गेट, बिलराम गेट, सोरों गेट, सहावर गेट और मुख्य एवं उप बाजार में हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा था। लगभग चार बजे बारिश थमी, लेकिन एक घंटे बाद ही फिर से बूंदाबांदी के साथ मेघा बरसने लगे।



बिलराम गेट बाजार में भरे पानी में स्कूटी बंद होने पर पैदल जाते अधिवक्ता व अन्य।

### घरों में घुसा बारिश का पानी बेडरूम और रसोई तक पहुंचा

बारिश की वजह से निचली बस्तियों में हालत बद से बदतर हो गए। शहर की तमाम बस्तियों में बारिश का पानी घरों में घुस गया। बैडरूम, रसोई में पानी भरने से लोगों के सामने समस्या खड़ी हो गई। शहर के लवकुश नगर, गंगेश्वर कॉलोनी, 16 बीघा, मोहल्ला भूतेश्वर, आवास सेक्टर एक, सिटी मोहल्ला, धान मिल रोड, अशोक नगर, किला रोड सहित शहर की दर्जनों बस्तियों के घरों में बारिश का पानी घुस गया। बारिश बंद होने के बाद भी बस्तियों से पानी नहीं निकला। घंटों लोग अपने घरों से पानी निकालते नजर आए।



आवास विकास के एक घर में घुसे पानी में चारपाई डालकर सोती महिला।

### दुकानों में घुसा पानी, लाखों का सामान खराब

शहर के मुख्य बाजारों में शनिवार को हुई बारिश से जलभराव हो गया था। गांधी मूर्ति, बिलराम गेट, लक्ष्मीगंज, मालगोदाम चौराहा आदि इलाकों में बारिश का पानी दुकानों में घुस गया। फुटपाथों पर दुकान लगाए बैठे दुकानदारों का सामान बारिश में बह गया। दुकानों में पानी भर जाने से दुकानदारों को लाखों का नुकसान हुआ है।



गांधी मूर्ति बाजार में बारिश का पानी भरने पर तालाब नजर आती सड़क। ● अमृत विचार

### गंजडुंडवारा में आधे घंटे की बारिश में उफनाए नाले-नालियां

कस्बा गंजडुंडवारा में आधे घंटे की बारिश से बस्तियां जलमग्न हो गई। कस्बे के 25 वार्डों में जलभराव हो गया। मुख्य मार्ग में सुदामापुरी रोड, गांधी रोड, स्टेट बैक रोड, थाना रोड सहित पर बारिश का पानी घरों एवं दुकानों में घुस जाने से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बरसात से जिला पंचायत भवन की दीवार ढही

कासगंज, अमृत विचार : मुसलाधार बारिश के दौरान शनिवार दोपहर जिला पंचायत भवन की दीवार भरभराकर गिर गई। इसकी चपेट में आकर ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। शहर के अशोकनगर में बीते वर्ष जिला पंचायत भवन का निर्माण कराया गया था। इस भवन की गुणवत्ता की पोल शनिवार को हुई मुसलाधार बारिश ने खोल दी। शनिवार को बारिश के दौरान बीते वर्ष बनाई गई दीवार अचानक गिर गई। चूंकि जिला पंचायत भवन के आसपास बस्ती है। इससे बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि दीवार के मलबा गिरने से एक ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों का कहना है कि दीवार के निर्माण में गुणवत्ता की कमी रही।



जिला पंचायत भवन की दीवार गिरने के बाद पड़ा मलवा।

### सरकारी कार्यालयों में भरा पानी

शहर के सोरों गेट स्थित पुलिस चौकी, पशु चिकित्सालय, नगर पालिका, विद्युत उपकेंद्र नदरई गेट, नदरई गेट पुलिस चौकी व अन्य सरकारी भवनों में जलभराव हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बारिश का पानी भर गया है। स्कूलों में पानी भर जाने से शैक्षणिक कार्य प्रभावित हुआ। कई विद्यालय भवनों की छतें जीर्णशीर्ण होने से छतों से पानी टपक रहा है।



आवास विकास के सेक्टर एक में घर में घुसा पानी निकालते बच्चे। ● अमृत विचार

### बारिश से बिजली आपूर्ति लड़खड़ाई

झमाझम बारिश से विद्युत उपकेंद्रों में भी पानी भर गया। इस कारण फीडरों से बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़ी। दोपहर लगभग डेढ़ बजे शहर भर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई, जो देर शाम तक सुचारू नहीं हो सकी। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान कई स्थानों पर फॉल्ट भी हुए।



आवास विकास के सेक्टर एक में घर अंदर घुसे पानी से सामान निकालते घरवाले।

## दूध में मिलावट के दो आरोपी दोषमुक्त

**कासगंज, अमृत विचार:** दूध में मिलावट करने के दो आरोपियों को न्यायालय ने सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के अभाव में दोष मुक्त करार दिया है। नगर पालिका कासगंज के तत्कालीन खाद्य निरीक्षक वाईए खान ने न्यायालय में परिवाद पत्र प्रस्तुत किया था। इसमें ग्राम कल्यानपुर निवासी दूध विक्रेता टीकम सिंह से बिलराम गेट पर दूध का सैंपल लिया था।

उस वक्त टीकम सिंह ने स्वयं को तनवीर अहमद मदनी निवासी मोहल्ला नवाब का नौकर होना बताया। जन विश्लेषक मेरठ को जांच के लिए भेजे सैंपल की रिपोर्ट में दूध में मिलावट होना पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य निरीक्षक ने तनवीर अहमद व टीकम सिंह के विरुद्ध पी एफ एक्ट की धारा-7/16 के तहत न्यायालय में परिवाद पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश से 10 सितंबर 2009 को विचारण के लिए तलब किए गए आरोपियों ने न्यायालय में उपस्थित होकर आरोपों से इनकार किया तथा परीक्षण की मांग की। इसके बाद साक्ष्य के रूप में परिवादी खाद्य निरीक्षक वाईए खान ने स्वयं को परीक्षित कराया, लेकिन वह आरोपियों के अधिवक्ता केशव मिश्रा एडवोकेट द्वारा की गई जिरह में कोई संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। केशव मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जीशान मसूद ने प्रकरण में दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को दोष मुक्त किया है।

# किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन के बताए गुर

संवाददाता, मोहनपुरा

- ब्लॉक स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** जनपद के मोहनपुरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के कर्मियों द्वारा गोष्ठी में किसानों को धान, मक्का, बाजरा आदि खरीफ की फसलों में कम लागत में अधिक उत्पादन पाने एवं संचारी रोग नियंत्रण की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश मिश्र ने खेती में जैविक खाद की उपयोगिता समझाई। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण मृदा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में अमर सिंह राणा सेवानिवृत्त एडीओ ने गोष्ठी में उपस्थित किसानों को कम लागत के उपाय सुझाए। इसके अतिरिक्त पशुपालन के लिए डॉ अनार सिंह वर्मा ने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। इस दौरान भगवान सहाय, भवरपाल सिंह, रजनीश कुमार, ठाकुरदास, गजेंद्र, पेशकार आदि कृषि विभाग के कर्मियों सहित हरस्वरूप, वासदेव, मौहर सिंह, पीतम्बर, जसवंत, अर्चना, निर्मला, मंजू, मुन्नी, कुसुम, शशि आदि किसान एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



कृषि विभाग केंद्र में आयोजित गोष्ठी में मंचासीन अतिथि व कृषि विभाग के अधिकारी।

**आवश्यकतानुसार प्रयोग करें उर्वरक :** गोष्ठी में अमर सिंह राणा ने बताया कि उर्वरकों का मानक एवं आवश्यकता अनुसार ही प्रयोग करें। अधिक उत्पादन पाने के लिए अत्यधिक उर्वरकों का प्रयोग प्रतिकूल प्रभाव डालता है। खेत में खरपतवार एवं कीट पर समय से नियंत्रण करना चाहिए। इसके अतिरिक्त गहरी जड़ों एवं उथली जड़ों वाली फसल चक्र परिवर्तन भी आवश्यक है। ऐसा करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति सही रहती है। साथ ही कीट नियंत्रण भी होता है। उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष के लिए किसान फसल से ही अपना बीज स्वयं बनाकर लागत कम कर सकते हैं। फाउंडेशन बीज को अगले तीन बार तक एवं सर्टिफाइड बीज को दो बार बीज बनाकर प्रयोग किया जा सकता है। ऐसा करने से अधिक कीमत का बीज लेने से बच सकेंगे। खेती में समय पर सिंचाई एवं हर तीसरे वर्ष में खेत को समतल कराकर अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं।

### पशु पालन संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए

डॉ. अनार सिंह वर्मा ने बताया कि दुधारू पशुओं के नवजात बच्चे को मां का पहला दूध अनिवार्य रूप से पिलाना चाहिए। नवजात बच्चे के पेट में कई तरह के कृमि होने की संभावना रहती है। मां का पहला दूध पीने से कृमि खत्म हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त नवजात के लिए यह दूध पौष्टिक एवं स्वास्थ्य वर्धक होता है। इसके अलावा सभी पालतू पशुओं का समय से टीकाकरण कराना चाहिए। बरसात के मौसम में पशुओं की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। गंदगी अथवा लगातार एक ही जगह पर पशुओं को न बांधे। जगह परिवर्तन अवश्य करें। दुधारू पशुओं को हरे चारे के साथ निर्वाह राशन अवश्य दें। दुधारू पशुओं की अच्छी किस्मों को पालें। साहीवाल, सिंधी और गिरी किस्म की गाय और मुर्रा किस्म की भैंस पालने पर अच्छी मात्रा में दूध उत्पादन प्राप्त होगा। पशुओं में किसी भी प्रकार की बीमारी की स्थिति में टोलफ्री नंबर 1962 पर संपर्क करें।

## पिता की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने जहर खाया, गंभीर

**कासगंज, अमृत विचार:** पिता की डांट से क्षुब्ध होकर एक किशोरी ने जहर खा लिया। अलीगढ़ जनपद के थाना दादों क्षेत्र के गांव नवीपुर निवासी जगदीश की 15 वर्षीय पुत्र संगीता ने शनिवार को जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल कासगंज ले जाकर भर्ती करा दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पिता जगदीश ने बताया कि वह किसी से फोन पर बात कर रही थी। इसी बात पर उसे डांट दिया। इसी बात से नाराज होकर संगीता ने घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत में काफी सुधार है।

# मूंगफली और मक्का की फसल को भारी नुकसान



खेत में पकी खड़ी मूंगफली की फसल। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरों

**अमृत विचार:** लगातार हो रही बारिश से खेतों में खड़ी मूंगफली और मक्का की फसल खराब होने लगी है। इससे दोनों फसलों भारी नुकसान होने की संभावना है। मूंगफली के खेत में पानी भर जाने से दाना काला और अंकुरित हो रहा है। वहीं कटी पड़ी मक्का के भुट्टा अंकुरित हो रहे हैं। इससे किसान खासे परेशान हैं।

जिले में मूंगफली और मक्का की फसल सर्वाधिक मात्रा में होती है। इन दिनों खेतों में मूंगफली और मक्का की फसल पकी खड़ी है। खेत में पानी भरने से मूंगफली और मक्का की फसल अंकुरित होने के कंगार पर है। उनमें जड़ें निकलने लगी हैं। किसान अपनी फसलों को पानी निकालने में लगे हैं। खुदी मूंगफली का दाना काला पड़ रहा, जबकि जो फसल खड़ी है उसका दाना सड़कर अंकुरित हो रहा है। मक्का की फसल कट चुकी है। खेतों में टूटे पड़े भुट्टे के आसपास पानी भर गया है।

> बारिश धान की फसल के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। मगर मक्का और मूंगफली करने वाले किसानों के लिए नुकसानदायक है। पानी भर जाने से मक्का और मूंगफली की फसलें काफी प्रभावित हुई हैं। किसान जल्दी से जल्दी दोनों फसलों को इकट्ठा कर लें।
> – **अवधेश मिश्रा**, जिला कृषि अधिकारी



खेत में मूंगफली की खोदाई चल रही है। बारिश का पानी खेत में भर गया। खुदी मूंगफली का दाना काला पड़ रहा है। दाना सड़कर अंकुरित हो रहा है। **–आशीष मौर्य**



मक्का खेत में सूख रही थी, वह भी बारिश में भीग गई। उसमें भी नुकसान की आशंका है। मक्का के भुटटों में जडे अंकुरित हो रही है। **– भोले शंकर**



फसल काफी अच्छी थी, लेकिन बारिश ने मूंगफली की फसल को खराब कर दिया। पानी भर जाने से दाना काला और छोटा निकल रहा है। **–हरी सिंह राजपूत**



मक्का की फसल खेत में काट कर डाली दी थी, तभी से बारिश हो रही है। भुट्टे खेत में पड़े अंकुरित हो रहे हैं। उनमें जड़ें निकलने लगी है। वह खासे परेशान हैं। **–सोनू जौहरी**

# पटियाली में बगैर रजिस्ट्रेशन चल रहे नर्सिंगहोम व क्लीनिक

संवाददाता, पटियाली

- भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को शिकायती पत्र भेजकर जांच कराने की मांग की

**अमृत विचार:** पटियाली कस्बे में पांच दर्जन से अधिक अपंजीकृत अस्पताल नर्सिंग होम, क्लीनिक चल रहे हैं। यहां मरीजों से इलाज के नाम पर खुली लूट की जा रही है। इसकी शिकायत भाजपा नगर अध्यक्ष पटियाली ने मुख्यमंत्री योगी और डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को पत्र भेजकर की है।

भाजपा नगर अध्यक्ष विवेक वार्ष्णेय ने सीएम योगी और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक, स्वास्थ्य निदेशक को भेजे पत्र में लिखा है कि कस्बे में पांच दर्जन हांस्पिटल, नर्सिंग होम क्लीनिक संचालित हैं। यहां बिना डिग्री के झोलाछाप इलाज कर रहे हैं। अपंजीकृत नर्सिंगहोम में बिना रजिस्ट्रेशन के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इस तरह इलाज के नाम पर गरीबों को लूटा जा रहा है। कस्बे में मात्र एक-दो हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन है। विवेक का कहना है कि वह सीएमओ डा. राजीव अग्रवाल से भी लिखित शिकायत कर चुके है। मगर उन्होंने कार्रवाई करना तो दूर झोलाछाप की चेकिंग तक नहीं कराई।

> पटियाली कस्बे में फर्जी हास्पिटल, नर्सिंगहोम, क्लीनिक चलने की शिकायत मिली थी। उस पर जांच की जा रही है। रही बात हास्पिटल व नर्सिंगहोम में ऑपरेशन थिएटर चलाने की तो मात्र एक हास्पिटल को ऑपरेशन करने की अनुमति मिली है। अगर कोई ऐसा करते पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। – **डा.राजीव अग्रवाल**, सीएमओ

बदहाल व्यवस्था

## जिले में 1263 परिषदीय विद्यालयों के 32 हजार बच्चे बगैर किताबों के कर रहे पढ़ाई

# कक्षा एक व दो के बच्चों को नहीं मिलीं किताबें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग में नया सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। गर्मी की छुट्टियां बीतने के बाद स्कूल दोबारा खुल गए। मगर तीन माह बीतने के बावजूद कक्षा एक और दो के बच्चों को किताबें अभी तक नहीं मिल पाई हैं। स्कूलों में बच्चे बिना किताबों के पढ़ाई कर रहे हैं।

जिले में 1263 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें तीन लाख के करीब बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों को किताबें मिल चुकी हैं। इससे उनकी पढ़ाई ठीक चल रही है। मगर कक्षा एक और दो के बच्चों को अभी तक शिक्षा विभाग द्वारा किताबें मुहैया नहीं कराई गई हैं। बच्चे विद्यालयों में पहुंच रहे हैं, लेकिन किताबों के बगैर उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही है। जिले में कक्षा एक और दो में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 32 हजार के करीब है। इन्हें अभी तक कोर्स नहीं मिला है। विभाग ने नामित फर्म के लिए 2,69305 किताबों का वर्क आर्डर भेजा दिया है। परंतु नामित फर्म ने अभी तक किताबें नहीं भेजी है। विभाग इंतजार कर रहा है कि कब किताबें आएगी बच्चों में वितरण की जाएगी।



परिषदीय विद्यालय में बिना किताबों के पढ़ाई करते कक्षा दो के बच्चे। ● अमृत विचार

> कक्षा एक और दो के बच्चों के लिए अभी नामित फर्म द्वारा किताबें नहीं भेजी गई हैं। कक्षा दो के बच्चों के लिए कोर्स में मात्र दो किताबें मिली हैं। पूरा कोर्स आने वाला है। किताबें जल्द ही आने की उम्मीद है। इसके बाद स्कूलों में भेजकर बच्चों को वितरित कराई जाएंगी।
> –**सूर्य प्रताप सिंह**, बीएसए

# कासगंज के 2.41 लाख किसानों को जल्द मिलेगा फॉर्मर रजिस्ट्री नंबर

## 715 राजस्व गांवों में कल से शुरू हो जाएगा यूनिक आईडी कार्ड बनाने का कार्य

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तैयारी में जुटे

**अमृत विचार:** जिले के 2.41 लाख किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री नंबर दिया जाएगा। इसके लिए आठ जुलाई से गांवों में शिविर लगाए जाएंगे, जो आठ अगस्त तक चलेंगे। रजिस्ट्री नंबर प्राप्त करने के लिए किसानों को आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और खतौनी लेकर पहुंचना है।

दरअसल, केंद्र सरकार की पीएम किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी गई है। 30 सितंबर तक हर हाल में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री करानी होगी। शासन के पत्र के बाद राजस्व और कृषि विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जिला कृषि अधिकारी अवधेश मिश्र ने बताया कि यह एक बुनियादी रजिस्ट्री होगी, जिसमें किसानों का पूरा विवरण दर्ज होगा। किसान रजिस्ट्री, किसानों का डिजिटल डाटा बेस होगा। इसमें किसान की यूनिक आईडी बनाई जाएगी। इसके लिए खसरा खतौनी में दर्ज अभिलेख का उपयोग किया जाएगा। नई व्यवस्था के अनुसार यदि कोई किसान या उसका परिवार किसान रजिस्ट्री अभियान के तहत अपना नाम दर्ज नहीं कराता है तो उसे भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त सहित अन्य योजनाओं के लाभ नहीं मिलेगा। यही नहीं, एक बार डाटा तैयार होने के बाद भविष्य में किसी भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अलग से सत्यापन नहीं करवाना होगा। किसानों को इसके माध्यम से योजनाओं का लाभ तो मिलेगा। संभावित उत्पादन व वास्तविक उत्पादन के आंकड़े भी जुटाए जा सकेंगे।

> किसानों को फार्मर रजिस्ट्री नंबर लेना अनिवार्य होगा। इसी रजिस्ट्रेशन से यूनिक आईडी बनाई जाएगी। सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ इसी आईडी से मिलेगा। बिना यूनिक आईडी के सम्मान निधि भी नहीं मिलेगी। सभी किसान यूनिक आईडी जरूर बनवा लें।
> –**अवधेश कुमार**, जिला कृषि अधिकारी

### फार्मर रजिस्ट्री नंबर से मिलेंगे कई फायदे

फार्मर रजिस्ट्री नंबर कई तरह से काम करेगा। कृषि वैज्ञानिकों से खेती से संबंधित सलाह भी ले सकेंगे। खेत की मिट्टी और जलवायु के हिसाब से कौन सी फसल बोनी चाहिए, किस किस्म का बीज खरीदना चाहिए, बेहतर पैदावार के लिए कितनी खाद, पानी और दवा की जरूरत है, इसकी भी जानकारी आसानी से की जा सकेगी। साथ ही विभिन्न फसलों के संभावित उत्पादन एवं वास्तविक उत्पादन के आंकड़े भी आसानी से जुटाए जा सकेंगे। इसके अलावा कृषि उत्पादों का विपणन भी सुविधाजनक होगा। साथ ही किसानों के लिए कृषि ऋण, वित्त सहित अन्य सेवा को सुगमता से उपलब्ध कराना संभव होगा।

### दो चरणों में चलाया जाएगा अभियान

जिले के 715 राजस्व गांव हैं। सभी किसान लाभार्थियों को फॉर्मर रजिस्ट्री नंबर उपलब्ध कराने के लिए दो चरणों में अभियान चलाया जाएगा। आठ जुलाई से आठ अगस्त के बीच 2.41 किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री नंबर उपलब्ध करा दिया जाएगा। बचे किसान अपने आप मोबाइल एप के जरिए व जनसुविधा केंद्रों पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकेंगे। यह कराना बहुत अनिवार्य होगा।

## किसानों के लिए गोल्डन कार्ड बेहद उपयोगी



**सहावर।** एसडीएम कोमल पवार ने शनिवार को तहसील सभागार में बैठक कर किसानों गोल्डन कार्ड की उपयोगिता बताई। उन्होंने बताया कि गोल्डल कार्ड किसानों के लिए बहुत उपयोगी है। एक कार्ड से ही सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने लेखपाल और राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र के सभी किसानों के गोल्डन कार्ड अभियान चलाकर बनाए जाए। बैठक में तहसीलदार संगीत चौधरी, लेखपाल दीपक भारद्वाज, कुलदीप शर्मा पंकज यादव, जिकुल हसन, बीरेंद्र सिंह, अजय कुमार, अंकुर, नवरत्न लेखपाल के अलावा राजस्व निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, जगवीर सिंह, ओमप्रकाश के अलावा कृषि विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## घायलों को विधायक ने सहायता राशि के चेक दिए



**अमांपुर।** गांव सादिकपुर निवासी रामादेवी, दुर्जन देवी, सूर्या देवी, कंठश्री, पिंकी देवी जिला हाथरस में आयोजित सत्संग में मची भगदड़ के दौरान घायल हो गई थी। प्रदेश सरकार ने घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की थी। अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा ने शनिवार को सादिकपुर जाकर घायलों को मुआवजा राशि के चेक दिए। उन्होंने कहा किजो भी इस हादसे में घायल हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी और प्रदेश सरकार उनके शीघ्र स्वस्थ हो की कामना करती है। इस मौके पर तहसीलदार संदीप चौधरी, जिला पंचायत सदस्य राजपाल सिंह, बूथ अध्यक्ष अवनीश आदि मौजूद रहे।

## मृतक आश्रित को सदर विधायक ने दिया चेक



**कासगंज।** दो जुलाई को हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर पीरोंदा निवासी मीनू पत्नी मदनलाल की मौत हो गई थी। शनिवार को सदर विधायक देवेंद्र राजपूत ने गांव पहुंचकर घटना पर दुख जताया और पीड़ित परिवार को सांत्वाना दी। हर संभव मदद का भरोसा दिया। सदर विधायक ने प्रदेश सरकार द्वारा घोषित दो लाख रुपये की मुआवजा राशि का चेक मृतका मीनू के पति मदनलाल को दिया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद की जाएगी। इस दौरान तहसीलदार देवेंद्र मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, जिला महामंत्री राजवीर सिंह भल्ला सहित अन्य भाजपा नेता और राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा एक आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा



**सोरोंजी, अमृत विचार :** सोरों कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा कर दिया। उनके कब्जे से नगदी और सोने-चांदी के जेवर बरामद हुए। सोरों कोतवाली क्षेत्र में चोरी की गई घटनाएं हुई थीं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने नाराजगी जताई और कोतवाली इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी को घटनाओं के खुलासे के निर्देश दिए थे। शनिवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मोहल्ला बदरिया निवासी गीता देवी, होडलपुर के अनिल वशिष्ठ एवं मोहल्ला कटरा के रूपकिशोर के यहां हुई चोरी की घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की नगदी एवं सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि आरोपी शनि जाटव निवासी मोहल्ला बदरिया कोतवाली सोरों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।


भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475

9411221895

7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी

गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली

Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी

क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायं 7:00 से 8:00 बजे तक


रविवार

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायंकाल अवकाश



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह

B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ

25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी

● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे

शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांकः- 07 जुलाई 2024, रविवार

21 जुलाई 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463

7599211076



प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## पुलिस ने अभियान चलाकर 10 वारंटी दबोचे

**कासगंज।** एसएसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस 10 वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। एएसी राजेश कुमार भारती ने बताया कि थाना अमांपुर पुलिस ने राजपाल निवासी ग्राम भाऊपुरा, बबलू उर्फ ऐवस निवासी ग्राम रामपुर, महीपाल निवासी ग्राम रामपुर, सोरों कोतवाली पुलिस द्वारा ज्ञान सिंह निवासी ग्राम गडरपुरा, रमाकांत निवासी चंदवा, थाना ढोलना पुलिस द्वारा कबीर, आफताब निवासीगण ग्राम मुबारिकपुर माफी, थाना पटियाली पुलिस द्वारा कमल माली निवासी मौहल्ला कटरा, ओमपाल निवासी ग्राम टपरी एवं सदर कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटी अकरम निवासी मोहल्ला बड्डूनगर को गिरफ्तार किया है। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# लापता युवक का शव झाड़ियों में पड़ा मिला

## मृतक के भाई ने गांव की एक महिला और उसके रिश्तेदारों पर लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, अलीगंज

- **पुलिस ने छह लोग हिरासत में लिए, युवक का गांव की महिला से चल रहा था प्रेम प्रसंग**

**अमृत विचार:** पिछले पांच दिनों से लापता युवक का शव झाड़ियों में पड़ा मिला। युवक के भाई ने गांव की एक महिला व उसके रिश्तेदारों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शक के आधार पर छह लोगों को हिरासत में लिया है। अब पुलिस को पोस्टमर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

जसरथपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महाराजपुर निवासी सचिन पुत्र उदयवीर सिंह ने बताया कि उसके भाई पंकज (25) ने अपनी एक बीघा जमीन का इकरारनामा गांव के जितेंद्र की पत्नी के नाम 20 दिन पहले कर दिया था। एक जुलाई को पंकज अपनी जमीन जितेन्द्र से छुड़ाने की सलाह लेने तहसील अलीगंज वकील के पास गया था। पंकज के साथ चाचा सौरव और चचेरे भाई सचिन भी साथ गए थे। चाचा सौरव और चचेरा भाई सचिन शाम को घर पहुंच गए, लेकिन पंकज नहीं लौटा। देर शाम तक इंतजार करने के बाद परिजनों को चिंता हुई। कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने पंकज की तलाश शुरू कर दी। चार जुलाई को जसरथपुर थाने में पंकज की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।



मृतक पंकज

शुक्रवार देर रात अलीगंज के ईदगाह रोड पर झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस को मिली। पुलिस ने शव कब्जे में लेने के बाद शिनाख्त कराने का प्रयास किया। इस बीच मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त पंकज के रूप में की। भाई सचिन ने बताया कि पंकज का गांव की एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला अपनी ननद के गांव भरपुरा अलीगंज में थी। उसने फोन करके पंकज को अलीगंज तहसील से अपनी ननद के गांव बुला लिया। आरोप है कि महिला ने अपनी ननद और ननदोई आदि के साथ मिलकर पंकज की हत्या कर दी।

साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने शक के आधार पर छह लोगों को हिरासत में लिया। उनकी निशानदेही पर शव बरामद किया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस चौकी के सामने तलाशी के बहाने ग्रामीण के रुपये निकाले

**जलेसर, अमृत विचार:** जनपद फिरोजाबाद के ग्राम नगलाधार निवासी केशव देव जलेसर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुडई प्रहलाद नगर में टीका कार्यक्रम में आए थे। यहां आदर्श पुलिस चौकी निधौली चौराहा के सामने एक व्यक्ति ने तलाशी लेने के नाम पर केशव देव आठ हजार रुपये छीन लिए। इस घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम मुडई निवासी राजकुमार राजपूत एवं अन्य ग्रामीण निधौली चौराहा जा पहुंचे। मगर तब तक रुपये छीनने वाला व्यक्ति फरार हो गया। उनकी शिकायत पर पुलिस ने सीसी टीवी कैमरे के फुटेज देखे, जिसमें एक व्यक्ति दिखाई दे रहा था, लेकिन उसका चेहरा नहीं दिखा।

## सार-संक्षेप

### शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले भेजे जाएंगे जेल



**अमांपुर।** शनिवार को थाना परिसर में कांवड यात्रा और मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें अधिकारियों ने त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील लोगों से की। खुराफात करने वालों को जेल भेजने की चेतावनी दी। पीस कमेटी की बैठक थाना प्रभारी हरिभान सिंह राठौर की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि सभी लोग त्योहार को शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ मनाएं। दोनों समुदायों के पर्व धार्मिक आस्था से जुडे हैं। शरारती तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी और शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कांवड़ियों को कोई दिक्कत न हो।ताजियादारों को पूर्व निर्धारित मार्गों पर ताजिया निकालने को कहा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर झूठी सूचनाओं का विश्वास न करें। कोई व्यक्ति समस्या उत्पन्न करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें कस्बा इंचार्ज प्रेमपाल सिंह, चेयरमैन चांद अली खान, राकेश पाराशर, विजय प्रकाश गुप्ता, प्रधान बदरूल हसन, अनवार खान, शकील खान, अशोक चौधरी, चमन मियां, आकाश गुप्ता सर्राफ, रफीक मियां, प्रधान अनुज सोलंकी, विकास दादा, सुखवीर चौहान, अरबाज खान, नहीम खान आदि मौजूद रहे।

### भक्त बोले: भोले बाबा को पहले सामने आना चाहिए था

**एटा।** हाथरस के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र में दो जुलाई को सूरजपाल ऊर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 123 लोगों की जान चली गई। घटना के चार दिन तक गायब रहने क बाद सूरज पाल उर्फ भोले बाबा सामने आए। उन्होंने अपने अनुयाइयों से अपील की है कि वे प्रशासन पर भरोसा रखें। इस हादसे में एटा के हीरा नगर निवासी रामदास ने अपनी पत्नी चंद्र प्रभा को खोया है। वह भोले बाबा के सत्संग में परिवार सहित जाया करती थीं। भोले बाबा के इस सत्संग में चंद्र प्रभा पति रामदास, पुत्र सौरभ कुमार व राजीव कुमार के साथ गई थीं। रामदास का कहना है कि भोले बाबा को पहले ही सामने आना चाहिए था। इस हादसे में वह भोले बाबा, जिला प्रशासन, सेवादार, आयोजक सबको दोषी मानते हैं। उनका कहना है कि सत्संग या प्रवचन देते हैं तो व्यवस्था भी दुरुस्त रखनी चाहिए। बाबा को पहले बताना चाहिए था कि भीड़ ज्यादा है। इसकी व्यवस्था ठीक रखना चाहिए। यदि वह सेवादारों को आदेश करते तो स्थिति नियंत्रित हो सकती थी। रामदास हाथरस जिला प्रशासन की भी गलती मानते हैं। रामदास के बेटे सौरभ ने बताया भोले बाबा को अपने भक्तों की खबर लेने के लिए पहले ही सामने आना चाहिए था। वह चार दिन छिपे रहे। सौरभ की ड्यूटी सत्संग में जलसेवा में लगी थी। सौरभ बताते हैं कि घटना के आधा घंटे बाद उनके पास फोन आया कि उनकी मां भगदड़ में फंस गई हैं। उनकी हालत गंभीर है। अस्पताल ले जाने पर उनकी मौत हो गई।

### चेकिंग में एक वाहन सीज, 161 वाहनों का चालान

**कासगंज।** शनिवार को यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने ट्रिपल राइडिंग, मोडिफाइड साइलेंशर, बिना हेलमेट, बगैर सीटवेल्ट, हूटर व काली फिल्म लगे 161 वाहनों का ऑनलाइन चालान कर शमन शुल्क वसूला। सीओ ट्रैफिक अजीत चौहान ने बताया कि बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर लगातार वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान किए जा रहे हैं। यह चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें।



### अनिल प्रधान बने अभाविप के जिला सह-संयोजक

**अवागढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्रज प्रांत का प्रांत अभ्यास वर्ग मंगलायतन विश्वविद्यालय अलीगढ़ में संपन्न हुआ। जिसमें एटा जिले के जिला सहसंयोजक की जिम्मेदारी अनिल प्रधान को सौंपी गई। इनके बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। दायित्व के घोषणा के बाद अनिल प्रधान ने संगठन का आभार व्यक्त किया। इसे पूर्व अनिल प्रधान नगर मंत्री जलेसर रह चुके हैं।

### जिले में चार सितम्बर तक धारा 189 लागू

**एटा।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन सत्य प्रकाश ने बताया कि आगामी दिनों मोहर्रम, स्वतंत्रता दिवस, सावन में जलाभिषेक, रक्षाबन्धन, जन्माष्टमी हैं। समय-समय पर धरना प्रदर्शन भी होते रहते हैं। इस हेतु सतर्कता एवं सुरक्षा के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चार सितम्बर तक के लिए तत्काल प्रभाव से धारा 189 लागू कर दी गई है। आदेश की अवहेलना एवं उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## पिता की दुकान में गए बालक की करंट से मौत

संवाददाता, एटा

- **दो स्थानों पर करंट लगने पर महिला समेत दो लोग झुलसे**

**अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत करंट की चपेट में आकर एक बालक की मौत हो गई, जबकि दो व्यक्ति झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम गांव गंगनपुर निवासी अजयपाल सिंह की गांव में ही डीजे की दुकान है। ताऊ राजपाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर शाम अजयपाल का चार वर्षीय बेटा चारू दुकान के अंदर घुस गया। इसी दौरान उसने बिजली का चार छू लिया। जिससे करंट लगने पर वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। परिजनों उसे फौरन मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डाक्टर ने चारू को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली नगर क्षेत्र के शीतलपुर निवासी योगेश कुमार की पत्नी संगीता को सबमर्सिबल से करंट लग गया। संगीता को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

इसके अलावा घर की छत के नजदीक से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में रोहित (25) पुत्र बबलू निवासी एका फिरोजाबाद करंट लगने से झुलस गया। परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज लाकर भर्ती कराया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में 3 लोगों की मौत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है। हादसों का पता लगने पर तीनों परिजनों में कोहराम मचा गया।



मृतक रामप्रकाश

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव अल्लैपुर निवासी प्रेमपाल सिंह (70) शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे शौच के लिए खेतों की ओर जा रहे थे। गांव के समीप ढाबा के सामने उन्हें किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे का पता लगने पर परिवार वाले मौके पर जा पहुंचे, जिससे कोहराम मच गया। दूसरा हादस कोवताली नगर क्षेत्र के जीटी रोड स्थित गोशाला के सामने हुआ। बागवाला थाना क्षेत्र के ग्राम नगला पुन्नी निवासी रामप्रकाश राजमिस्त्री थे। शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह शहर में काम करके अपने घर लौट रहे थे। तभी गौशाला के सामने उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। इसकी सूचना मिली तो परिजन मौके पर जा पहुंचे।



एटा- अल्लैपुर गांव के पास हुए हादसे के बाद विलाप करतीं मृतक के परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

- **कोतवाली देहात और नगर क्षेत्र में हुए हादसे, टक्कर मारने के बाद वाहन चालक फरार**

वहीं, शुक्रवार की देर रात कोतवाली देहात क्षेत्र के आगरा रोड स्थित नगला हीरा के समीप रोडवेज बस ने बाइक सवार सतीश चन्द्र (28) पुत्र उदयपाल सिंह निवासी नगला भीमा थाना एका जिला फिरोजाबाद को टक्कर मार दी। इसमें सतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन घायल को अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मारपीट की घटनाओं में कई घायल, रिपोर्ट दर्ज

**एटा, अमृत विचार:** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिलाओं समेत तीन लोगों के साथ धारदार हथियारों से हमला कर गोली चलाकर हत्या करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने मामले दर्ज कर लिए हैं।

जलेसर कोतवाली में सावित्री पत्नी वीरेंद्र निवासी साथानवीपुर ने गांव के निवासी अर्जुन समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 21 जून को पीड़िता व उसके पुत्र के साथ मारपीट की। हत्या के इरादे से गोली चलाई। जान से मारने की धमकी दी गई है। अलीगंज कोतवाली में संतोषी देवी पत्नी महेश निवासी मोहल्ला काजी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक मोहल्ला के कुलदीप पुत्र श्रीकृष्ण समेत चार लोगों ने पीड़ित के पति को लाठी डंडों से पीटा, धारदार हथियार से जान लेवा हमला किया तमंचा से हत्या के इरादे से हमला कर दिया। इधर, कोतवाली नगर में शिवप्रताप निवासी शिकोहाबाद रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि 3 जुलाई को हरिओम गुप्ता निवासी रिसाइल समेत 8-10 अज्ञात लोगों द्वारा धारदार हथियार से हमला कर दिया।

## असामाजिक तत्वों ने मंदिर में की तोड़फोड़, मूर्तियां खंडित कीं



जाहरवीर बाबा मंदिर में घटना की जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

**एटा, अमृत विचार:** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एटा-कासगंज मार्ग स्थित जाहरवीर बाबा के मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की और मूर्तियां खंडित कर दीं। दो मूर्तियां चोरी कर ले जाने का आरोप है। इस घटना का पता लगने के बाद से लोगों में आक्रोश है। मंदिर में तोड़फोड़ की जानकारी शनिवार सुबह को हुई। पुजारी लख्मी सिंह उर्फ सेठ ने कोतवाली देहात पुलिस को सूचना दी।

कोतवाली देहात के उपनिरीक्षक सुशील कुमार ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कहा कि यह पुराना मंदिर है। इस मंदिर में जाहरवीर बाबा के अलावा अन्य कई मूर्तियां हैं। शुक्रवार रात मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों ने अराजकता फैलाने के मकसद से मंदिर में तोड़फोड़ की और दो मूर्तियां गायब कर दीं। कई मूर्तियों को खंडित कर दिया। सुबह जब लोग मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई।

- **दो मूर्तियां गायब करने का आरोप**

## 15 अगस्त से दो अक्टूबर तक होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**एटा।** एडीएम (प्रशासन) व प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया है कि खेल महोत्सव स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को आरंभ होगा, जो गांधी जयन्ती दो अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन ब्लॉक से लेकर तहसील और जनपद स्तर कराया जाएगा, जिसका प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। खेल प्रतियोगिताओं में 14 वर्ष से अधिक और 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को शामिल किया जायेगा। इसमें एथेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन ब्लॉक व तहसील और जनपद स्तर पर किया जाएगा। एथेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिण्टन, टेबुल टेनिस, बास्केटबॉल, हैण्डबॉल, योगासन, हॉकी, फुटबॉल, भारोत्तोलन व क्रिकेट खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

## दाऊजी महाराज मंदिर में की गई देवी-देवताओं की पूजा अर्चना

**अवागढ़, अमृत विचार:** वार्ष्णेय समाज के किला रोड स्थित सेठानी खिल्लो देवी बारहसैनी धर्मशाला स्थित मंदिर श्री दाऊजी महाराज में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के दूसरे दिन शनिवार को विष्णु एवं लक्ष्मी जी, शिव परिवार, राम दरबार, दाऊजी महाराज एवं मां रेवती की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान वेदी पूजन, पंचामृत अभिषेक, औषधि अभिषेक, फल पुष्प वास, सैयादि वास आदि कार्यक्रम किए गए। वृंदावन से आए आचार्य पंडित राजाराम शास्त्री, महंत विश्वदीप उपाध्याय सहित पांच पुरोहितों वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम संपन्न कराए। दोपहर में वार्ष्णेय महिला मंडल द्वारा आयोजित 10 साल तक के बच्चों की एक मिनट प्रतियोगिता तथा 20 वर्ष तक के युवाओं को जंपिंग सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया गया। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। रविवार को बेदी पूजन व हवन के बाद श्री दाऊजी महाराज की रथयात्रा निकाली जाएगी। रात्रि में रसियों का विराट दंगल होगा। आयोजन में सभासद रवेंद्र वार्ष्णेय रिंकू, सुभाष वार्ष्णेय, विमला देवी वार्ष्णेय, मधू वार्ष्णेय, कमलेश वार्ष्णेय, तारा वार्ष्णेय, अलका वार्ष्णेय, शिखा वार्ष्णेय, मंजू वार्ष्णेय पप्पी मीडिया प्रभारी, कंचन वार्ष्णेय, रेखा वार्ष्णेय, नीरू वार्ष्णेय, पूनम वार्ष्णेय, प्रीति वार्ष्णेय, गीता वार्ष्णेय, मंजू वार्ष्णेय आदि रहे। रविवार केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल भी रहेंगे।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

# बारिश के बीच शनिजात में उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता, जलेसर

- **पिछले तीन दिनों से शनि जात में पहुंच रहे थे लोग, भीड़ के चलते दिनभर लगा रहा जाम**

**अमृत विचार:** अषाढ़ मास के शनिवार को होने वाली बड़े मियां-छोटे मियां एवं शनि जात में दूसरे दिन शनिवार को लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। इससे दिनभर लोग जाम से जूझते रहे। जात में आए लोगों से वाहन स्टैंड के नाम पर जमकर वसूली की गई।

शनिवार को दिनभर रुक-रुककर बरसात होती रही। बावजूद इसके जात में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और बड़े मियां-छोटे मियां के दरबार में माथा टेंका व शनिदेव की पूजा कर मनौती मांगी। भीड़ की वजह से भारी पुलिस बल होने के बावजूद नगर में जाम की स्थिति बनी रही। यहां अषाढ़ में शनिवार को पूजा अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। इसलिए यहां तीन दिन पूर्व से ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ने लगा। बसों में सवार होकर हजारों श्रद्धालुों ने नगर के चारों ओर पेड़ों की छांव में डेरा जमा लिया था। मगर बारिश होने से भीड़ के बीच अफरा तफरी का माहौल बन गया। बारिश की वजह से लोग बसों में बैठे नजर आए।



शनि जात में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच अपनी बारी का इंतजार करते लोग।

### 10 घंटे ठप रही बिजली सप्लाई

शनिवार को जात में उमड़ी भीड़ के कारण विद्युत विभाग ने सुबह पांच से दोपहर दो बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रखी। इस कारण इन्वर्टर डिस्चार्ज हो गए। उपखंड विद्युत अधिकारी गुलशन कुमार का कहना था कि नगर में विद्युत तार की स्थिति ठीक नहीं है। भीड़ में कोई हादसा ना हो जाए इसके कारण विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई थी

**बच्चों के मुंडन कराए गए, नवदंपतियों ने खुशी की दुआएं मांगी:** नगर में होने वाली शनि जात में हजारों नवविवाहित जोड़ों ने अपने सुखी दांपत्य जीवन के लिए दुआएं मांगीं। वहीं, बच्चों को बीमारियों से दूर रखने हेतु मुंडन कराया गया।

### भीड़ के बीच पकड़ा गया जेबकतरा, पुलिस को सौंपा

जात में उमड़ी भीड़ के बीच जेबकतरा सक्रिय रहे। श्रद्धालुओं की जेब से मोबाइल, कुंडल आदि चोरी होने की दर्जनों शिकायत पुलिस को मिलीं। इस दौरान भीड़ में एक जेबकतरा श्रद्धालुओं के हत्थे चढ़ गया, जिसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

### जगह-जगह वाहन स्टैंड के नाम पर की गई वसूली, लोगों में आक्रोश

प्रशासन के भारी भरकम पुलिस फोर्स तैनात किए जाने के बावजूद नगर में आधा दर्जन स्थानों पर वाहन स्टैंड के नाम पर वसूली की गई। इस कारण जात करने आए श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त रहा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित हो कि मेरे घर में दिनांक 01.07.2024 को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी हो चुकी है। जिसकी सूचना थाना मीरगंज में दर्ज है। चोरी में मेरे हाई स्कूल अनुक्रमांक 0776866 वर्ष 2019-20 व इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 2225597337 वर्ष 2021-22 यू.पी. बोर्ड की मार्कशीट व प्रमाण पत्र भी खो चुका हूँ। मुझे शैक्षिक प्रमाणत्र पत्रों की आवश्यकता है। अखलाक हुसैन पुत्र श्री सज्जाद हुसैन, निवासी ग्राम सैजना, पोस्ट मण्डनपुर, थाना व तह. मीरगंज (बरेली)

आवश्यकता है
आकांक्षा एन्क्लेव, निकट मुंशी नगर बरेली में 200, 300 या 500 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता है। सेंट जेवियर स्कूल के पीछे, बरेली
संपर्क करें
मो. 7310623798

सूचना
मैंने अपने पुत्र का नाम लक्ष्य से बदलकर लक्ष्य गौतम कर दिया गया है। भविष्य में लक्ष्य गौतम नाम से जाने। देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री घनश्याम सिंह, निवासी मकान नं. 54, पार्क एवेन्यू रेजीडेन्सी, निकट टोल प्लाजा दोहना, बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## भाजपा नेता के घर में घुसे बदमाश जाग होने पर भागे

**जलेसर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा प्रकोष्ठ ब्रज प्रांत के क्षेत्रीय मंत्री बीएल कुशवाह के आवास में शुक्रवार रात चार बदमाश घूस गए, जो जाग होने पर भाग गए। भाजपा नेता ने बताया कि वह रात में दो बजे के करीब लघुशंका के लिए उठे। तभी उन्हें आहट महसूस हुई। उन्होंने जंगले में झांककर देखा चार आदमी दिखाई दिए। उन्होंने बेहोश करने के लिए कुछ केमिकल फेंका। उन्होंने दरवाजा खोला तो बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी। उनके चीखने पर ऊपर के कमरे में सो रहीं उनकी पत्नी जाग गईं। उनके शोर मचाने पर बदमाश भाग गए। मारपीट के दौरान कुशवाह के शरीर पर हल्की चोटें भी आई हैं। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर दे दी हे।

**अभी स्कूलों में नहीं हो रहीं जागरुकता रैलियां, गांवों नहीं किया जा रहा रोगों के प्रति जागरूक**

# कागजों पर सिमटा है संचारी रोग अभियान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बारिश में संचारी रोगों से बचाव के लिए शासन स्तर से रणनीति तैयार की गयी है। मगर स्थानीय स्तर पर अभियान केवल कागजों तक सिमट कर रह गया है।

जिला प्रशासन ने विशेष संचारी रोग अभियान सफल बनाने को स्वास्थ्य एवं मलेरिया विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। कुछ अन्य विभागों को भी शामिल किया गया है। एक जुलाई को अभियान की शुरुआत जनजागरूकता रैली के साथ की गयी। उसके बाद कोई काम नहीं किया गया। स्वास्थ्य और मलेरिया विभाग को गांव-गांव संचारी रोगों की जानकारी देने के साथ ही सफाई के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करना था लेकिन अभी तक किसी गांव में अभियान नहीं चलाया गया। आशाओं को बताया गया कि यदि किसी घर में कोई बीमार है तो उसको चिन्हित कर उसको उपचार मुहैया कराया जाए। बीमार लोगों का ब्लड सैंपल लिया जाए। उनकी जांच कराई जाए जिससे बीमारी का पता चल सके। ब्लॉक क्षेत्रों में प्रत्येक गांव में विशेष संचारी अभियान के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करना, जलभराव वाले स्थानों पर मच्छर नाशक दवा का छिड़काव, नाली-नाले साफ कराना, घरों में लार्वा खोजा जाना है लेकिन मलेरिया विभाग ने अभी तक कोई कार्यक्रम नहीं बनाया है। अभियान कहां से शुरू किया गया। कहां कहां चलाया गया। इसकी कोई जानकारी नहीं दी गयी है। विकास खंड जगत और सलारपुर क्षेत्रों में विशेष संचारी अभियान के बारे में ग्रामीणों को पता भी नहीं है। ग्राम उदमई निवासी जसवीर ने बताया कि गंदगी से नालियां भरी हैं। इनमें मच्छर पनप रहे हैं। बारिश में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं सूरजपुर निवासी देवेन्द्र ने बताया कि उनके गांव में गंदगी की भरमार है। जन जागरूकता अभियान के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। गांव के प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों को भी अभियान के बारे में जानकारी नहीं है। इसलिए कहा जा सकता है कि विशेष संचारी अभियान धरातल पर नहीं बल्कि कागजों में तेजी से चल रहा है।

**11 से 31 तक दस्तक अभियान**

11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाना है। आशा वर्कर्स गांव-गांव, घर-घर पहुंचेंगी। बीमार लोगों को चिन्हित करेंगी ।ब्लड सैंपल लिया जाएगा। सैंपल जांच में मलेरिया या बुखार का पता चलेगा, उसके बाद उसका उपचार किया जाएगा। दस्तक अभियान से जनपद में प्रत्येक परिवार की स्थिति के बारे में जानकारी मिल सकेगी। दग्राम पंचायत, शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग आदि विभागों को काम करने के लिए निर्देशित किया गया है।

विशेष संचारी अभियान बारिश के चलते धीमा है। मौसम साफ हो तो स्कूली बच्चों की जागरूकता रैलियां करायी जाएंगी। अन्य विभाग भी इसमें अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। अभियान चलाने के लिए विभाग अपने माइक्रोप्लान के हिसाब से काम कर रहा है। **-योगेश कुमार सारस्वत**, जिला मलेरिया अधिकारी

## पति से रिश्ता तुड़वाकर प्रेमी ने शादी से किया इन्कार

बरेली कार्यालय

- **गर्भवती महिला ने बारादरी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र में प्रेमी ने महिला को शादी का झांसा देकर रिश्ता तुड़वा दिया और फिर शादी से इन्कार कर दिया। महिला ने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बारादरी निवासी महिला ने बताया कि उसका 13 साल से मोहल्ले के सुनील उर्फ छोटू से प्रेम प्रसंग चल रहा है। उसने 13 जून 2018 को सुनील से परिजनों की बिना मर्जी के आर्य समाज मंदिर में विवाह कर लिया था। विवाह के बाद परिजनों ने दबाव बनाकर उसकी शादी दूसरे युवक से करा दी। शादी होने के बाद सुनील ने कहा कि वह अपने पति को छोड़ दे तो वह शादी कर लेगा। सुनील ने उसके पति को उसके वीडियो, कॉल रिकार्डिंग और फोटो भेज दिए। इस पर पति ने उसे छोड़ दिया। पति के छोड़ने पर उसने दोबारा सुनील से संबंध बना लिए। महिला के मुताबिक वह तीन माह की गर्भवती है।

उसने जब सुनील से शादी करने के लिए कहा तो उसने इन्कार कर दिया। सुनील के परिजनों से शिकायत की तो उन्होंने गर्भपात करने का दबाव बनाया।

बारादरी पुलिस ने आरोपी सुनील उर्फ छोटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान आरंभ

**जलेसर, अमृत विचार:** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक संजीव दिवाकर ने शनिवार को तहसील परिसर में पौधरोपण किया।

इस मौके पर विधायकने कहा के के मौजूदा स्थिति ऐसी है कि पर्यावरण बचाने के साथ-साथ मौसम को सही रखने के लिए पौधे लगाने होंगे। केचल पौधे लगाने से काम नहीं होगा उनकी सुरक्षा भी हम सभी को करनी होगी। अन्यथा स्थिति बहुत खराब होने वाली है। सभी पर्यावरण बचाने के लिए पौधारोपण करें एवं उनकी सुरक्षा की व्यवस्था की करनी होगी।

इस दौरान एसडीएम राजकुमार मौर्य, क्षेत्राधिकारी पुलिस कृष्ण मुरारी दोहरे, चौकी प्रभारी अनूप श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी पी एस आनंद, नायब तहसीलदार वंशिका सिंह, बलॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# तहसील दिवस में शिकायतों का अंबार, मात्र चार का निस्तारण

### बदायूं के डीएम ने अधीनस्थों को दिए निस्तारण करने के आदेश



तहसील दिवस में शिकायत सुनते डीएम मनोज कुमार व एसएसपी बृजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** शनिवार को सदर तहसील में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। ज्यादातर शिकायतें, भूमि पर कब्जा, राशन बनवाने, पेंशन और आवास दिलाने को लेकर थीं। अधिकारियों के समक्ष आईं 101 शिकायतों में से मात्र चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए अन्य अधिकारियों को डीएम ने आदेश दिए।

डीएम मनोज कुमार ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से है। शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक व समयबद्ध का निस्तारण किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड से नाम हटवाने, भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाने, मकान दिलवाने, पेंशन दिलवाने सहित विभिन्न विभागों की कुल 101 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से चार का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उप जिलाधिकारी सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## एटा में एसएसपी व एडीएम ने सुनीं शिकायतें

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** एसएसपी राजेश कुमार सिंह व एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश और एसडीएम भावना ने तहसील एटा सदर में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनीं। वहीं, एडीएम वित्त एवं राजस्व ने तहसील अलीगंज में शिकायतों को सुना।

शनिवार को तहसील एटा सदर में कुल 57 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील अलीगंज में कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 2 का निस्तारण किया गया। वहीं, तहसील जलेसर में 31 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें 4 का निस्तारण किया गया। एसएसपी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुनें तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एसडीएम सदर भावना विमल, एसडीएम जलेसर राज कुमार मौर्य, एसडीएम अलीगंज प्रतीत त्रिपाठी, समस्त तहसीलदार, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।



तहसील दिवस में पीड़ितों की शिकायतें सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

- **अधीनस्थों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

## बिगड़ते पर्यावरण से बढ़ता जा रहा धरती का तापमान

संवाददाता, अलीगंज

- **विधायक ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी के विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने शनिवार को अलीगंज के ब्लॉक परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इससे मानव जीवन, जीव-जंतु व पेड़ पौधों पर बुरा असर पड़ रहा है। पेड़ कम होने से धरती का तापमान बढ़ रहा है।

सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि शुद्ध वायु और शुद्ध जल आने वाली पीढियों का अधिकार है। ये तभी संभव है, जब हम पर्यावरण को संरक्षित करेंगे और अधिक से अधिक पौधरोपण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करके शहर को हरा भरा बनाएं तथा ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें। ताकि हमारा शहर व जिला हरा भरा रहे। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रदूषण को कम करके पर्यावरण को बचाया जा सकता है। हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में आगे आना चाहिए।



में पौधारोपण करते विधायक सत्यपाल।

सभी को अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने चाहिए। जितने अधिक पेड़ होंगे, पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि वनों की संख्या लगातार कम हो रही है, जिससे धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## शिखर इन्स्टीट्यूट में छात्र छात्राओं को बांटे टैबलेट



छात्रा को टैबलेट देते शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रामनाथ राम नारायण मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित शिखर इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग, शेखूपुर में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, कादरचौक ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोबरन सिंह राजपूत, किसान मोर्चा के महामंत्री नत्थू लाल वर्मा ने टैबलेट स्मार्टफोन वितरित किये।

विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि टैबलेट स्मार्टफोन से अध्ययन, प्रशिक्षण तथा परीक्षाओं की जानकारी एवं तैयारी में मदद मिलेगी। टैबलेट, स्मार्टफोन दोधारी तलवार हैं। इस्तेमाल सूझबूझ के साथ करें। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं को आश्वासन दिया कि पढ़ाई-लिखाई से संबंधित किसी भी जरूरत एवं समस्या के लिए संस्थान हमेशा आपके साथ खड़ा है। संस्थान की ट्रस्टी किरन थरेजा, मैनेजर विक्रान्त मेंदीरत्ता, सचिव करन थरेजा ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें दीं।संचालन नर्सिंग प्रधानाचार्या सारिका सिंह ने किया। फार्मेसी प्रधानाचार्या प्रीती पाल, निशा शर्मा, नवनीत ठक्कर, शिखा वर्मा के साथ समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

## नदी में बही वन विभाग की गाड़ी, अधिकारियों ने कूदकर बचाई जान

**बढ़ापुर (बिजनौर), अमृत विचार :** बढ़ापुर क्षेत्र में मालन कोटावाली नकटा नदी में शनिवार सुबह उत्तराखंड वन विभाग की पाखरों रेंज के अधिकारियों की गाड़ी बह गई। पानी के तेज बहाव के बीच अधिकारियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर पुल के पास जेसीबी से गाड़ी को नदी से बाहर निकाला गया।

शनिवार को उत्तराखंड वन विभाग के अधिकारियों की कार मोहल्ला भजड़ावाला के पश्चिमी दिशा में नदी के पानी के बहाव के साथ रेत में फंस गई। नकटा नदी का जलस्तर बढ़ने से गाड़ी पानी में डूब गई। गाड़ी पानी मे डूबी गाड़ी में सवार सभी अधिकारी व कर्मचारी सकुशल बाहर निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो गाड़ी में सवार एक महिलालोगों से वीडियो बनाने से भी मना कर रही थी। इस कारण लोगों को महिला व गाड़ी में सवार लोगों पर शक हो रहा था। बाद में जेसीबी से गाड़ी को बाहर निकाला गया।

## भाकियू ने भ्रष्टाचार के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जलेसर, अमृत विचारः** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम बैरनी में ग्राम प्रधान एवं राशन डीलर के द्वारा की जा रही मनमानी एवं भ्रष्टाचार के विरोध में भारतीय किसान यूनियन किसान के प्रदेश महासचिव की अगुवाई में एसडीएम को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश महासचिव प्रत्येंद्र शाह सिसोदिया ने बताया कि ग्राम पंचायत में राशन डीलर के द्वारा सरकार के निर्देशों का पालन न कर मनमानी की जा रही है शासन द्वारा निर्गत कांटों को नहीं लगाया गया और कांटे से तोड़कर राशन वितरण किया जा रहा है वही ग्राम पंचायत प्रधान के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों रुपया अपने पुत्रों के नाम निकाला गया है जिसके चलते शासन की मंशा के अनुरूप कार्य न होकर मनमानी की जा रही है उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए अन्यथा आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन दिए जाने के उपरांत उप जिलाधिकारी ने संपन्न संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल जांच कर कार्रवाई की जाए। इस दौरान नवनीत दीक्षित कुलदीप यादव रोहित ठाकुर रोहित चौहान रवि ठाकुर लकी सिसोदिया रहे।

### डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म कल से भरे जाएंगे

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म 8 जुलाई से भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट या परीक्षा पोर्टल पर 14 जुलाई तक ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे। विद्यार्थियों को भरे हुए फार्म विभाग में 15 जुलाई तक जमा करने होंगे और विभाग को फार्म सत्यापित भी करने होंगे।

## खुसरो डिग्री कॉलेज में किया गया पौधारोपण

संवाददाता, वगरैन

**अमृत विचार :** खुसरो डिग्री कॉलेज सरौरी बगरैन में पौधा रोपण किया गया । मुख्य अतिथि बगरैन भाजपा मंडल अध्यक्ष रितेश चौहान ने कहा कि एक पौधा सभी को जरूर लगाना चाहिए। तथा उसका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए।

वजीरगंज मंडल अध्यक्ष अनुज सक्सेना ने कहा कि समय रहते प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर मनुष्यों को जल तथा वायु संकट से जूझना पडेगा । पुलिस चौकी प्रभारी सुपेन्द्र मलिक ने कहा कि लोग पानीबर्बाद कर रहे हैं। पॉलिथिन का प्रयोग वृक्षों की कटाई आदि से पर्यावरण प्रभावित हो रहा है।

हाशिर खां, आईरा जिलाध्यक्ष ठा. वेदपाल सिंह ने भी संबोधित किया। महेश गुप्ता उप क्षेत्रीय वन अधिकारी हाशमी खान, अकेश शर्मा, शगुन पाराशर, नत्थूलाल, दीपक वार्ष्णेय, राशिद खान सुमित कुमार, मोहित कुमार, पवन चौहान, माजिद खान, धीरेश सिंह, अनिल शर्मा,शीला, मोरपाल यादव मौजूद रहे ।




पौधरोपण के दौरान मौजूद भाजपा नेता रितेश चौहान व अन्य। ● अमृत विचार

## भोले बाबा की आस्था ने रिटायर्ड शिक्षक के परिवार में कराई रार

**आगरा, अमृत विचार :** साकार विश्व हरि भोले बाबा की आस्था ने रिटायर्ड शिक्षक के परिवार में रार कर रखी है। महिला ने भोले बाबा को ही अपना पति मान लिया है। वह अब पति से विवाद करती रहती है। शिक्षक अभी अस्पताल में भर्ती है लेकिन वह सत्संग में शामिल होने गई। वह पूरे दिन उनका सिमरन करती रहती है। हर मंगलवार को केदारनगर में उनकी कुटिया में माथा टेकने के लिए जाती है। पूरे घर में बाबा के फोटो लगा लिए थे, इसकी मना की गई तो विवाद हो गया।

रिटायर्ड शिक्षक नारायण सिंह, ने बताया कि चार बच्चों की मां होने के बाद भी पत्नी ने भोले बाबा के जाल में फंस गई है। वह अब तो उन्हें ही पति मान चुकी है। उसने घर तक छोड़ दिया है। बच्चों ने उसे काफी समझाने की कोशिश की लेकिन वह कुछ भी सुनने को तैयार नहीं होती है। उसने पूरे घर में बाबा के पोस्टर लगा दिए थे तो उन्होंने पोस्टर फाड़ दिए। इस पर वह अब फोटो को छिपाकर रखती है। वह खुद सभी को छोड़ने की धमकी देती है। वह पहले शाहंगज में रहते थे उसके बाद उन्होंने शमसाबाद रोड़ पर मकान ले लिया लेकिन उनकी पत्नी ने एक नहीं सुनी। वह अस्पताल में भर्ती है, बावजूद उसके सत्संग में गई थी। भगदड़ की सूचना पर उसकी चिंता हुई लेकिन वह सकुशल है। अपने घर को बर्बाद करने वाले नारायण सिंह साकार हरि को नारायण सिंह ढोंगी मानते हैं। वो कहते हैं कि बाबा में कुछ ताकत नहीं है। बाबा ठगने का काम करते हैं। कई महिलाएं उनके चंगुल में फंसी हुई हैं।



अस्वस्थ नारायण सिंह

**खेती किसानी** दलहनी फसलों से तौबा, अषाढ़ में बोई जाती थी देसी मक्का, मूंगफली और बाजरा, उत्पादन कम होने से विलुप्त हो गया देशी अनाज

# देसी की जगह हाइब्रिड पर किसान कर रहे भरोसा

केपी शर्मा, बदायूं

**अमृत विचार :** दो दशक पहले तक किसान देसी ज्वार मक्का और मूंगफली उगाते थे। देसी फसलों को तैयार होने में पांच से छह महीने लगते थे वहीं एक या दो क्विंटल बीघा से अधिक पैदावार नहीं होती थी। खेतों में सूड़ी हो जाती तो कभी-कभी पूरे खेत की फसल ही नष्ट हो जाती थी। किसान खासा नुकसान झेलते थे। अब किसान हाइब्रिड बीजों का आपयोग कर रहे हैं।

शुरुआत में कुछ किसानों ने हाईब्रिड मूंगफली और मक्का की खेती की। इन दोनो फसलों का उत्पादन आशा से कहीं अधिक हुआ तो अगले साल कुछ और किसानों ने हाईब्रिड अनाज का उत्पादन शुरू कर दिया। अब स्थिति यह है कि अब जनपद के किसी गांव में देसी मक्का मूंगफली, ज्वार चना आदि देखने को नहीं मिल रहा है। हर गांव में हर किसान हाईब्रिड अनाज का उत्पादन कर रहा है। देसी फसलें करीब पांच से छह महीने में तैयार होती थीं जबकि हाईब्रिड फसल सौ दिन में तैयार हो जाती है जिससे किसान को कम समय में बेहतर उत्पादन मिलता है। हाईब्रिड मक्का कम दिनों में तैयार हो जाती है। जबकि देसी मक्का आषाढ़ में बोई जाती थी और कार्तिक माह के बाद तैयार होती थी। इसी तरह मूंगफली भी पांच से छह महीने में तैयार होती थी। देसी फसलों का उत्पादन कम होने से किसान कभी खुशहाल नहीं हुआ मगर आज एक बीघा खेत में करीब दस क्विंटल मक्का होती है जिसका मूल्य दो हजार रूपए क्विटल से अधिक रहता है।



खेतों में तैयार खड़ी हाइब्रिड मक्का। ● अमृत विचार



हाइब्रिड मूंगफली से भरा खेत। ● अमृत विचार

जब से हाईब्रिड अनाज का बीज आने लगा है तब से किसान देसी मक्का ज्वार, मूंगफली तथा तिल उर्द नहीं कर रहा है। देसी मक्का और मूंगफली कभी दो क्विटल से अधिक की पैदावार नहीं हुयी। उर्द भी एक क्विटल बीघा से कभी अधिक नहीं हुआ। हाईब्रिड मक्का का रकबा दस हजार हेक्टेयर से अधिक है जबकि मूंगफली का करीब पांच हजार हेक्टेयर के आस पास है। हाईब्रिड अनाज की फसलें एक साल में तीन तैयार होती हैं। जबकि देसी फसलें एक साल में दो ही मिलती थीं। **-दुर्गेश कुमार**, जिला कृषि अधिकारी

## युवक की प्रताड़ना से परेशान महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**संभल/धनारी, अमृत विचारः** गांव सुल्तानगढ़ के मजरा करेला की मढैया निवासी रामदास की पत्नी 40 वर्षीय रामबेटी का शव जंगल में नीम के पेड़ पर लटका मिला।

रामदास ने पुलिस को बताया कि पड़ोस के गांव कीरतपुर का रहने वाला गब्बर उसकी पत्नी को काफी समय से प्रताड़ित कर रहा था। गब्बर की हरकतों की वजह से रामबेटी तनाव में रहती थी। पति ने कहा कि शनिवार की सुबह 10 बजे भी गब्बर ने रामबेटी को प्रताड़ित किया था। गब्बर की प्रताड़ना से आहत होकर ही उसने गांव के बाहर जंगल में नीम के पेड़ पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि गब्बर के खिलाफ प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## इंस्टाग्राम पर चैटिंग के बाद किन्नर के पास पहुंचा किशोर

संवाददाता, गुन्नौर

- **जानकारी मिलने पर परिजन यहां पहुंचे और पुलिस की ली मदद**

**अमृत विचार :** इंस्टाग्राम पर चैटिंग के बाद किशोर किन्नर के पास चला आया। जैसी ही इसकी खबर किशोर के परिजनों को लगी तो उन्होंने तुरंत पुलिस थाने का रूख किया और तहरीर दी। पुलिस के हस्तक्षेप से किशोर परिजनों के साथ अपने घर लौट गया।

हाथरस जनपद के थाना सासनी के गांव नया नगला निवासी अरविंद कुमार का 17 वर्षीय बेटा गगन देवी जागरण चौकी में काम करता है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर उसकी बातचीत कस्बा निवासी एक किन्नर से होती थी। बताया गया कि 4 जुलाई को गगन सादाबाद में आयोजित जागरण में गया लेकिन घर नहीं लौटा।

परिजन किशोर की तलाश कर रहे थे, तभी गगन ने मोबाइल से अपनी मां को फोन कर बताया कि वह गुन्नौर में किन्नर के पास है। शनिवार को किशोर के पिता अरविंद व अन्य लोग गुन्नौर आए और पुलिस को तहरीर देकर पुत्र को किन्नर के चंगुल से मुक्त कराने की मांग की।

इसके बाद पुलिस अरविंद के साथ किन्नर के यहां पहुंची। किशोर को उसके पिता को सौंप दिया। वहीं, किन्नर ने बताया कि किशोर खुद आ गया था। अब अपने घर लौट गया है।

# कोसी में बढ़ा जल स्तर, बाढ़ की आशंका

## शनिवार की शाम कोसी बैराज से डिस्चार्ज किया 10,158 क्यूसेक पानी

रामपुर, कार्यालय

**अमृत विचार :** पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से कोसी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। शनिवार की शाम रामनगर कोसी बैराज से 10,158 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। प्रशासन ने बाढ़ से निपटने के लिए तमाम तैयारियां कर ली हैं। बाढ़ संभावित क्षेत्रों में 35 चौकियां स्थापित कर दी गई हैं। शनिवार को दढ़ियाल बांध से 10,000 क्यूसेक, लालपुर वियर से 2000 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। इसके चलते किसानों के दिलों की धड़कन बढ़ गई है।

रामनगर बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर बाढ़ संभावित क्षेत्रों में तमाम तैयारियां कराई गई हैं। पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते रामनगर बैराज से शनिवार की शाम 10,158 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। इसके कारण कोसी का जल स्तर बढ़ना शुरू हो गया है। बाढ़ संभावित क्षेत्रों में 35 चौकियां बनाई गई हैं। इन पर संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, पुलिस और स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती कराने के साथ बाढ़ से प्रभावित गांवों के लोगों को जरूरी मदद प्रदान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

एक्सईएन नहर खंड सियाराम ने बताया कि बाढ़ के कारण उत्पन्न समस्या के प्रति पूरी गंभीरता बरतते हुए तत्काल सहायता एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे दिए हैं। इसके अलावा दवाओं की आपूर्ति, पशुओं के लिए चारा, जनता के लिए राशन की व्यवस्था सहित बाढ़ के दौरान जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित मानकों का ध्यान रखते हुए जरूरी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।



कोसी में जल स्तर का जायजा लेत जेई जितेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

**शनिवार को यहां से किया गया इतना पानी डिस्चार्ज**

| | |
|---|---|
| रामनगर कोसी बैराज | 10,158 क्यूसेक |
| दढ़ियाल बांध | 10,000 क्यूसेक |
| लालपुर वियर | 2000 क्यूसेक |

" बाढ़ से निपटने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कोसी नदी में शनिवार को उत्तराखंड से 10,158 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। पहाड़ों और मैदानी क्षेत्र में जिस तरह बारिश हो रही है उसके मद्देनजर तैयारियां कर ली गई हैं।

–सियाराम, एक्सईएन, नहर खंड

**इन गांवों में कटान कर सकती है कोसी**

सोनकपुर, रसूलपुर, खेमपुर, पसियापुरा, इमरता, बजावाला, खिजरपुर, लालपुर, रुद्रपुर, बैजना, बैजनी, प्राणपुर, दलेलनगर, सरकड़ी, धनुपुरा और मधुपुरा।

## जेनरेटर के नीचे दबकर आधे घंटे तक तड़पता रहा बालक बचाया

**गुन्नौर, अमृत विचार :** बच्चों के खेलने के दौरान जेनरेटर पलटने से 12 वर्षीय बालक नीचे दब गया। करीब आधे घंटे तक जेनरेटर के नीचे दबा बालक तड़पता रहा और शरीर से खून रिसता रहा। अचानक किसी राहगीर की नजर पड़ी तो उसने जेनरेटर हटाकर बच्चे को निकाला।

यह हादसा गुन्नौर में मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर स्थित एक निर्माणाधीन मकान के पास हुआ। मुहल्ला मुंडा निवासी मजदूर रतन सिंह का बारह वर्षीय बेटा शिव कुमार पड़ोस के अन्य बच्चों के साथ घर के पास ही निर्माणाधीन मकान के बाहर खेल रहा था। बच्चों के खेलने के दौरान ऊंचाई पर रखा जेनरेटर खिसक कर साइड में पलट गया। जिससे जेनरेटर के नीचे शिव कुमार दब गया। यह देख साथ खेल रहे बच्चे भाग गए। बच्चों ने हादसे के बारे में किसी को नहीं बताया। भारी भरकम जेनरेटर के नीचे दबा शिव कुमार बेहोश हो गया।

## गुस्साई महिलाओ ने चौकी में टांगी चूड़ियां

**काशीपुर, अमृत विचार:** कुंडेश्वरी रोड स्थित अपना घर सोसाइटी निवासी बृजेश सिंह पिथौरागढ़ डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। 9 से 27 जून तक उनका परिवार पिथौरागढ़ में था। वापस आकर देखा कि मकान के ताले टूटे थे। चोर घर से करीब 10-11 तोला सोना व चांदी के आभूषण और 20 हजार रुपये नकदी आदि ले गए थे। वारदात का खुलासा नहीं हो पाने से भड़के कॉलोनीवासियों ने शनिवार को कुंडेश्वरी चौकी का घेराव किया। गुस्साई महिलाओं ने चौकी प्रभारी की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय पर चूड़ियां टांग दीं। कुछ देर बाद पहुंचे चौकी प्रभारी राजेंद्र मौनियाल ने महिलाओं व अन्य लोगों को समझाते हुए बताया कि पुलिस लगातार सुरागरसी में जुटी है। कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरों का अभाव है। सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने जल्द की वारदात का खुलासा करने का भरोसा दिलाया। अनुराग गंगोला राजीव कुमार, मनीषा, हेमा रावत, दीपा सत्यवाली आदि मौजूद थे।

# पांच घंटे बंद रहा टनकपुर-चम्पावत एनएच



टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलबा हटाने में जुटी जेसीबी। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

- मलबा आने से गल्लागांव-देवलीमाफी मोटर मार्ग बंद
- दर्जनों गांवों का जिला मुख्यालय से कटा संपर्क

**अमृत विचार :** पहाड़ों और क्षेत्र में हो रही भारी बारिश से शनिवार को टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित होता रहा। करीब 5 घंटे तक मार्ग बंद रहने से यात्रियों की भारी फजीहत हुई। स्वाला के पास बार-बार मलबा आने से दिक्कत बढ़ रही है।

गल्लागांव-देवलीमाफी मोटर मार्ग मलबा आने से बंद हो गया है। इससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों का संपर्क कट गया है। क्षेत्र के लोग पुरानी पंगडंडियों से पैदल लोहाघाट-बाराकोट मोटर मार्ग तक पहुंच रहे हैं। ग्रामीण जगदीश चंद्र तिवारी, दीवान राम, कमल कुमार, गिरीश चंद्र आदि ने बताया कि रोड के किमी संख्या एक पर शुक्रवार को पहाड़ी का बड़ा हिस्सा गिर गया था। शनिवार को और अधिक मलबा आने से रोड पूरी तरह बंद हो गई है। शनिवार सुबह लोनिवि ने लोडर मशीनों से बोल्डरों को हटाकर देवलकांडा तक सड़क खोल दी लेकिन उसके आगे आया मलबा नहीं हटाया। लोहाघाट-हल्द्वानी मोटर मार्ग में गर्सलेख के समीप पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने से खतरा बना हुआ है। देवीधुरा में जमनपौड़ के पास बरसाती नाला उफान पर आ गया है।

शनिवार को यहां एक घंटे तक वाहनों की आवाजाही ठप रही। शनिवार को गुमदेश के गुरेली गांव के सागर तोक निवासी नवीन भट्ट के मकान के आंगन की दीवार ढह गई। इससे आवासीय मकान को खतरा पैदा हो गया है।

# आजम के मामलों में नरमी बरतने पर विधायक नाराज

रामपुर, कार्यालय

- एसडीएम से जताई नाराजगी, अविलंब कब्जा हटाने को कहा
- बोले-हमसफर रिसोर्ट में आ रही खाद के गड्ढों की जमीन पर अब तक क्यों नहीं लिया कब्जा

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम खां के प्रति जिला प्रशासन का रुख नरम हो गया है। इसे लेकर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने हमसफर रिसोर्ट में आ रही खाद के गड्ढों की जमीन को खाली कराने के मामले में बरती जा रही ढिलाई को लेकर सख्त नाराजगी जताई है। उप जिलाधिकारी को भेजे पत्र में जमीन से अविलंब कब्जा हटाने के लिए कहा है।

सपा नेता आजम खां का पसियापुरा शुमाली स्थित हमसफर रिसोर्ट है। शहर विधायक की शिकायत के बाद जिला प्रशासन की तरफ से ही तहसीलदार सदर की कोर्ट में वाद दायर किया गया था। इसमें कहा गया था कि रिसोर्ट में खाद के गड्ढों की 0.038 हेक्टेयर जमीन है। इसकी गाटा संख्या 164 है। कोर्ट के आदेश पर पैमाइश हुई। इसमें सामने आया कि खाद के गड्ढों की जमीन है। कोर्ट ने जमीन से कब्जे हटाने के साथ ही क्षतिपूर्ति वसूलने के भी आदेश दिए। इसके बाद भी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। एसडीएम सदर को दो रिमाइंडर भेजने के बाद भी मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इसके बाद शहर विधायक ने शनिवार को एक बार फिर उप जिलाधिकारी मोनिका सिंह को पत्र भेजा है। उन्होंने तहसील प्रशासन के रवैये के खिलाफ सख्त नाराजगी जताते हुए अविलंब जमीन से कब्जा हटवाने के लिए कहा है। उनका कहना है कि तहसील प्रशासन की कार्यशैली देखकर लग रहा है कि आजम खां के मामलों को टालने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध लगती है।

## 10वीं की छात्रा हुई लापता, कोच पर अपहरण का आरोप

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ने वाली 10वीं की छात्रा लापता हो गई। वह घर से स्कूल के लिए निकली थी और फिर लौट कर नहीं आई। उसे आखिरी बार उसी के स्कूल के फुटबॉल कोच के साथ देखा गया था। परिजनों ने कोच पर अपहरण करने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 15 वर्षीय भतीजी उनके साथ ही रहकर पढ़ाई करती है। वह शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में 10वीं की छात्रा है। बीती 3 जुलाई को वह स्कूल के लिए घर से निकली थी, लेकिन लौट कर नहीं आई। छुट्टी का समय गुजरने के बाद तलाश करते हुए स्कूल पहुंचे तो स्टाफ ने बताया कि छात्रा स्कूल पहुंची ही नहीं। लापता छात्रा की एक सहेली से पूछताछ में सामने आया उसे आखिरी बार स्कूल के फुटबॉल कोच के साथ देखा था।

# हत्या की दोषी पत्नी को आजीवन कैद

मुरादाबाद, कार्यालय

- प्रेमी को भी मिला आजीवन कारावास, दोनों ने 2013 में की थी इस्लाम की हत्या

**अमृत विचार:** इस्लाम हत्याकांड में शनिवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

कटघर थाना क्षेत्र के रहमत नगर निवासी उस्मान ने 14 जून 2013 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस समय उस्मान ने तहरीर में बताया था कि उसके भाई इस्लाम ने रुकैया से प्रेम विवाह किया था। उस समय उनका परिवार मझोला के मियां कॉलोनी में किराये पर रहता था। जहां पर रुकैया के प्रेम संबंध राशिद से हो गए थे। उनका भाई एक पीतल की फर्म में काम करता था। उन्होंने तहरीर में बताया था कि भाई के जाने के बाद दोनों चोरी छिपे मिलते थे। इस बात की जानकारी होने पर इस्लाम और उस्मान ने मियां कॉलोनी से किराये का मकान छोड़ दिया और रहमत नगर में रहने लगे थे। लेकिन रुकैया ने राशिद से मिलना जुलना नहीं छोड़ा था। जिस कारण इस्लाम और रुकैया में झगड़ा होता रहता था।

13 जून 2013 की रात इस्लाम और उनके पिता सुलेमान घर की छत पर सो रहे थे। नीचे कमरे में भाई और भाभी सो रहे थे। सुबह करीब चार बजे इस्लाम के चीखने की आवाज आई। सुलेमान आनन-फानन में नीचे उतर के आए तो देखा कि रुकैया इस्लाम का हाथ पकड़े हुए थी जबकि उसका प्रेमी राशिद चाकू से उनके पेट में वार कर रहा था। वारदात को देख पिता सुलेमान ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी दौरान राशिद उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। परिवार के लोग इस्लाम को अस्पताल लेकर गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या आठ अरुण कुमार की अदालत में की गई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ब्रजराज सिंह और समर्थ शुक्ला ने बताया कि इस केस के वादी उस्मान और उसके पिता समेत अन्य गवाहों ने घटना की पुष्टि की। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पत्नी रुकैया और उसके प्रेमी राशिद को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## 10 से चौपुला पुल को अटल सेतु से जोड़ने का काम होगा शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** लंबे इंतजार के बाद चौपुला पुल को अटल सेतु से जोड़ने का काम 10 जुलाई से शुरू हो जाएगा। इसके लिए सोनीपत से 42 मीटर लंबे स्टील के सभी गर्डर आ गए हैं। दोनों पुलों को जोड़ने के बाद सड़क और रेलिंग बनाई जाएगी। सेतु निगम ने पुल पर सितंबर में वाहनों के आवागमन की योजना तैयार की है। अटल सेतु का काम वर्ष 2018 में शुरू हुआ था। इसे पुराने चौपुला पुल से भी जोड़ना था लेकिन दोनों पुलों के बीच एक निजी भवन के मालिक की आपत्ति की वजह से 2021 में यह काम अटक गया था। सेतु निगम ने डिजाइन में बदलाव कर दोनों पुलों को गर्डर से जोड़ने की योजना बनाई। दिल्ली की एक कंपनी ने 42 मीटर लंबे स्टील के स्ट्रक्चर को सोनीपत के खरौदा की एक कंपनी को गर्डर तैयार करने के लिए फरवरी 2023 में आर्डर दिया था।

# तमंचा दिखाकर कार लूटने वाले गिरोह के तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

संवाददाता, रुद्रपुर

- बिहार में आरोपियों ने बेची चोरी की कार, बरामदगी के प्रयास जारी
- 12 बोर का तमंचा और कार की आरसी हुई बरामद



**अमृत विचार:** जून माह में तमंचा दिखाकर कार लूटकांड का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे 12 बोर का एक तमंचा व लूटी कार की आरसी बरामद की गई है। बावजूद पुलिस ने अभी तक लूटी गई कार बरामद नहीं की। बताया कि आरोपियों द्वारा लूटी कार को बिहार में बेच दिया गया है। उसकी बरामदगी के पुलिस प्रयास कर रही है।

शनिवार को खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल और सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि 26 जून को ग्रीन पार्क निवासी जसविंदर सिंह ने बताया था कि उसका आवास-विकास नैनीताल हाईवे पर ओम साई कार बाजार का कार्य है। बताया कि उसकी दुकान पर अबरार अंसारी व वंश मखीजा नाम के दो युवक आए और नेक्सन कार संख्या यूपी-22 एजे-3033 को खरीदने की बात करते हुए टेस्ट ड्राइव के नाम पर किच्छा बाईपास तक ले गए। वे तमंचा दिखाकर कार लूटकर फरार हो गए।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप भारत सिंह और एसओजी प्रभारी संजय पाठक के नेतृत्व में टीम का गठन किया।

शनिवार को सुरागरसी के आधार पर पुलिस ने सामिया लेक सिटी निवासी अबरार अंसारी, विवेकानंद आवास विकास रुद्रपुर निवासी वंश मखीजा और लूटकांड में सहयोग देने वाले ग्राम बेरिया दौलत थाना केलाखेड़ा निवासी जितेंद्र उर्फ जतिन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से 12 बोर का तमंचा व लूटी कार की आरसी बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कार को लूटने के बाद वह ललितपुर के रास्ते गोरखपुर होते हुए बिहार के मोतिहारी पहुंचे। जहां कार को करीब पांच लाख रुपये में मनीष कुमार नाम के युवक को बेच दिया है। मिली रकम को आपस में बांट लिया। एसपी क्राइम ने बताया कि कार बरामदगी के लिए एक टीम का गठन कर बिहार रवाना किया जाएगा।

## चेक बाउंस मामले में दंपती को तीन महीने की सजा

**काशीपुर, अमृत विचार:** मेन चौराहा स्थित एक म्यूजिक कार्नर के स्वामी आसित ने अपने अधिवक्ता पवन कुमार के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत कर कहा था कि विशालनगर निवासी ओमवीर सिंह और उनकी पत्नी नीरु यादव ने उनकी फर्म से लाइट म्यूजिक का सामान 30,29,403 रुपये में खरीदा था। बदले में उन्हें बंधन बैंक का चेक दिया। यह चेक उसने बैंक ऑफ बड़ौदा की काशीपुर शाखा के अपने खाते में लगाया। 30 अक्टूबर को यह चेक बाउंस हो गया। आरोपियों ने उसके नोटिस का भी जवाब नहीं दिया। अदालत ने आरोपियों को एनआई एक्ट के तहत तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परिशीलन कर अदालत ने दोनों आरोपियों ओमवीर और उसकी पत्नी नीरु को तीन-तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है।

# हादसे में कार सवार मां और बेटे की मौत, पिता घायल

संवाददाता बाजपुर

- अज्ञात वाहन से टकराकर सड़क किनारे दस फीट गहराई वाले नहर में जा गिरी थी कार

**अमृत विचार:** नेशनल हाइवे-74 पर हुए सड़क हादसे में कार सवार मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

पांडेयवाला रोड, गूघाल रोड, ज्वालापुर टाउन हरिद्वार निवासी मितेंद्र सैनी (24), अपनी मां मधु सैनी (52) और पिता पुष्पेंद्र सैनी (55) के साथ कार संख्या (डीएल3/सीबी0293) में रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच शनिवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर गणेशपुर की पुलिया के पास कार किसी वाहन से टकराकर सड़क किनारे 10 फीट गहरी नहर में जा गिरी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए तीनों को आनन-फानन में उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मितेंद्र सैनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से उसकी मां घायल मधु सैनी व पिता पुष्पेंद्र कुमार सैनी को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायलों को काशीपुर उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन मधु ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची केलाखेड़ा थाने की पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। नहर में गिरी कार को पुलिस ने क्रेन के माध्यम से बाहर निकाला। वहीं घटना की सूचना से मृतकों के स्वजनों में कोहराम मच गया है।

## प्रेमिका के बालिग होने पर शादी से मुकर गया प्रेमी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम थाना क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की ने बताया उसके लंबे समय से एक युवक से प्रेम संबंध थे। जब संबंध बने तो लड़की नाबालिग थी। नाबालिग रहते वक्त युवक ने कहा था कि बालिग होते ही वह उससे शादी कर लेगा। झांसा देकर उसने शारीरिक संबंध बनाए। इधर, कुछ वक्त पहले वह बालिग हुई और शादी का वादा याद दिलाया तो प्रेमी मुकर गया। प्रेमिका के कई बार गिड़गिड़ाने पर भी वह नहीं माना। जिसके बाद लड़की ने काठगोदाम पुलिस को तहरीर दी।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिद्धनगर वि.खं. पूरनपुर जिला पीलीभीत**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिद्धनगर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पनद्रहवां वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / आर.जी.एस.ए. / आई.सी.डी.एस. / स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड, नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिवोर / अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय, मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 01:00 बजे तक दिनांक 09.07.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 09.07.2024 को 04:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री महेन्द्र सिंह (ग्राम प्रधान) श्री प्रेमशंकर (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत कबीरगंज वि.खं. पूरनपुर जिला पीलीभीत**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कबीरगंज की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पनद्रहवां वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / आर.जी.एस.ए. / आई.सी.डी.एस. / स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड, नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिवोर / अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय, मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 12:00 बजे तक दिनांक 09.07.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 09.07.2024 को 02:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री इकबाल सिंह (ग्राम प्रधान) श्री प्रेमशंकर (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत राणाप्रतापनगर वि.खं. पूरनपुर जिला पीलीभीत**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राणाप्रतापनगर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पनद्रहवां वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / आर.जी.एस.ए. / आई.सी.डी.एस. / स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड, नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिवोर / अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय, मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 02:00 बजे तक दिनांक 09.07.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 09.07.2024 को 04:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्रीमती रमावती (ग्राम प्रधान) श्री प्रेमशंकर (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामनगर वि.खं. पूरनपुर जिला पीलीभीत**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामनगर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पनद्रहवां वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / आर.जी.एस.ए. / आई.सी.डी.एस. / स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड, नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिवोर / अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय, मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 12:00 बजे तक दिनांक 09.07.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 09.07.2024 को 02:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्रीमती पल्लवी सिंह (ग्राम प्रधान) श्री प्रेमशंकर (सचिव)

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरतपुर वि.खं. पूरनपुर जिला पीलीभीत**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भरतपुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024–25 में पनद्रहवां वित्त / पंचम राज्य वित्त आयोग / आर.जी.एस.ए. / आई.सी.डी.एस. / स्वच्छ भारत मिशन ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड, नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खडंजा नव निर्माण एवं खडंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना / अनुरक्षण हैंड पम्प रिवोर / अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरिंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप इंटरलॉकिंग ईट, हयूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय, मरम्मत स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 12:00 बजे तक दिनांक 09.07.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 09.07.2024 को 02:00 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री शमशेर आलम (ग्राम प्रधान) श्री प्रेमशंकर (सचिव)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)**

पत्रांक : 441/न.पं.प.ब./2024–25 दिनांक : 06.07.2024

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बहेड़ी द्वारा पालिका निधि धनराशि के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविददाता किसी एक अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। कार्य विवरण निम्नवत है:–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित (लाख रु.में जीएसटी सहित | 02 प्रतिशत धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कैनाल कोठी के पास दुकानों का निर्माण मो. शेखूपुर | 39,90,300.00 | 79,810.00 | 4710 | तीन माह |
| 2 | ब्लॉक रोड शिव कुमार शर्मा के पास दुकानों का निर्माण | 39,65,400.00 | 79,310.00 | 4680 | तीन माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 10.07.2024 को प्रात: 11:00 बजे से
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 21.07.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 22.07.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क (जीएसटी सहित) पालिका के पंजाब नैशनल बैंक शाखा बहेड़ी में खुले खाता संख्या 3867002100002355 आईएफएससी कोड PUNB0386700 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।
7. 02 प्रतिशत धरोहर राशि को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहेड़ी के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा जारी एफ.डी.आर./एन.एस.सी. निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है जिसकी मूल प्रति निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर पालिका कार्यालय में मूल निविदा व संलग्नकों सहित जमा करना होगा।

जितेन्द्र सिंह, अवर अभियन्ता (सिविल), नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)
वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)
रश्मि जायसवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बहेड़ी (बरेली)

**कार्यालय ग्राम पंचायत कन्धरपुर, वि.खं. मझगवां, बरेली**

**निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस–2 योजनान्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के तहत मनरेगा/15वां वित्त/एस.बी.एम. आदि की धनराशि द्वारा निम्न सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री की लागत | धरोहर प्रतिशत | मात्रा | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक खाद्य गड्डे | 82,968 | 2 प्रतिशत | 04 | 15 दिन |
| 2 | आर.आर.सी. | 6,47,592 | 2 प्रतिशत | 01 | 15 दिन |
| 3 | इन्सीनेटर | 15,000 | 2 प्रतिशत | 01 | 15 दिन |
| 4 | सामुदायिक सोकपिट | 66,000 | 2 प्रतिशत | 03 | 15 दिन |
| 5 | फिल्टर चैम्बर | 1,20,000 | 2 प्रतिशत | 03 | 15 दिन |

उक्त सामग्री लगाये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्पकालीन सामान्य निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्तें एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं को GST फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रकाशित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार निर्माण समिति को होगा। सामग्री घट–बढ़ सकती है। 2% धरोहर राशि नकद/एफ.डी. के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बन्धक होनी चाहिए। निविदा सूचना 10.07.24 तक 10 से 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं तथा उसी दिन 4 बजे खोली जायेंगी।

ग्राम प्रधान–भूरी देवी सचिव–हेमंत श्याम

# हिन्दुत्वः समग्र दार्शनिक अनुभूति

लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक कहा है। इस वक्तव्य पर अखिल भारतीय प्रतिक्रिया हो रही है। नेता प्रतिपक्ष से सदन की मर्यादा और अतिरिक्त शालीन व्यवहार की अपेक्षा रहती है,लेकिन राहुल जी ने मर्यादा तोड़ दी। वे प्रधानमंत्री को संसदीय परंपरा के अनुसार माननीय नहीं कहते। वे उन्हें 'नरेंद्र मोदी' कहते हैं। वे संभवतः यह बात भी नहीं जानते कि संसदीय व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष का पद बेहद सम्माननीय होता है। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में वह 'गवर्मेंट इन वेटिंग' कहा जाता है। कमाल है कि वे भारतीय उपमहाद्वीप के अभिजनों की विश्ववरेण्य हिन्दू संस्कृति से अपरिचित हैं। हिन्दू उन्हें हिंसक दिखाई पड़ते हैं। हिन्दू समाज व्यवस्था का मूलभूत तत्व लोककल्याण है। हिन्दू भारत की प्रकृति और संस्कृति के संवाहक हैं। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। हिन्दू जीवनशैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है।

हिन्दुत्व समग्र दार्शनिक अनुभूति है,लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दू तत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, सांप्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रमण हैं। हिंसक हिन्दुत्व राहुल जी ने जोड़ा है। अंग्रेजी भाषांतर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है,लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। आस्तिकता हिन्दू जीवन की मूल प्रकृति है। हिन्दू होना परिपूर्ण लोकतंत्री होना है। हिन्दू सभी विचारों का आदर करते हैं।

हिन्दू धर्म वैदिक धर्म का विकास है। हिन्दू होना भारतीय जीवनशैली है। इस्लाम और ईसाईयत पंथ हैं। वे भारत के बाहर विकसित हुए। भारत में उनका परिचय हिन्दू धर्म से हुआ। हिन्दुओं के लिए भी इस्लाम व ईसाईयत सर्वथा नए विश्वास थे। भारतीय जनता का एक हिस्सा इस्लाम व ईसाईयत को भी धर्म कहता है,लेकिन हिन्दू धर्म ईसाईयत या इस्लामी पंथिक विश्वास जैसा नहीं है। ईसाईयत और इस्लाम में एक ईश्वर, एक देवदूत या पैगम्बर और एक पवित्र पुस्तक के प्रति विश्वास की धारणा है। हिन्दू धर्म किसी एक पवित्र पुस्तक या देवदूत से बंधा नहीं है। कुछ विद्वान भारत में सभी धर्मों में समन्वय की बातें करते हैं। वे इस्लाम और ईसाईयत को भी धर्म कहते हैं। सच यह नहीं है। पंथ, मत, मजहब और रिलीजन अनेक हैं। धर्म एक है। इसे सनातन धर्म भी कहते हैं। इसे वैदिक धर्म भी कहते हैं। भारत में धर्म और धार्मिक विकास की यात्रा मजेदार है। यहां दर्शन और वैज्ञानिक विवेक का जन्म पहले हुआ और धर्म संहिता का विकास बाद में। जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता हिन्दू दर्शन की विशेषता है। यहां साधारण हिन्दू भी आस्था पर प्रश्न करते हैं और संवाद भी। प्रश्नाकुलता और उदारता हिन्दू समाज की बड़ी पूंजी है। सबके प्रति बंधुभाव हिन्दू की प्रकृति है। ऐसा उदार हिन्दू समाज हिंसक नहीं हो सकता।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से हिन्दुओं ने विश्व वरेण्य संस्कृति का विकास किया। इसका ध्येय विश्व का लोकमंगल रहा है। हिन्दू धर्म जगत की व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। धर्म का संवर्द्धन और पालन प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब।

हिन्दू विचार में प्रकृति शाश्वत है। प्राकृतिक नियम शाश्वत होते हैं। प्रकृति सुंदर है। आनंदरस से भरी पूरी है। यह सत्य है। शिव है। कल्याणकारी है। इसी शिव और सुंदर का संवर्द्धन हम सबका कर्तव्य है। यह प्रतिपल सृजनशील है। नया आता है। अरुण होता है। तरुण होता है। गृह नक्षत्र सुनिश्चित नियम में गतिशील रहते हैं। प्रकृति के गोचर प्रपंचों में हिंसा नहीं है। वैदिक पूर्वजों ने प्रकृति के संविधान को 'ऋतु' कहा है। ऋतु वैज्ञानिक अनुभूति है और हिन्दू प्रतीति है। हिन्दू दृष्टि में प्रकृति की शक्तियां उपास्य हैं। इन्द्र, अग्नि, पृथ्वी, पर्जन्य, मरुत, रूद्र आदि अनेक वैदिक देवता हैं। वरुण देवता प्राकृतिक नियमों के संरक्षक-ऋतावा हैं। हिन्दू विश्वास में देवता भी नियम पालन करते हैं। मरुत वायुदेव भी नियमानुसार गतिशील ऋतजाता हैं (ऋ०3-15-11)। हिन्दू आस्तिकता में किसी भी शक्तिशाली मनुष्य या देवता को नियम पालन न करने की छूट नहीं है। ऋतु के संरक्षक शक्तिशाली वरुण को भी नहीं।

ऋग्वेद के अनुसार धरती और आकाश वरुण के नियम से धारण किए गए हैं-वरुणस्य धर्मणा (6-70-1)। ऐसे अनुभवजन्य विश्वास में हिंसा की जगह नहीं है। प्राकृतिक नियमों का धारण करना धर्म है। बताते हैं कि शक्तिशाली वरुण ने सूर्य का मार्ग निर्धारित किया है। यह है ऋतु नियम। सूर्य ने यह नियम पालन किया। यह हुआ सूर्य का धर्म। वैदिक काल के बाद ऋतु और धर्म एक ही अर्थ में कहे जाने लगे। ऋतु मार्गदर्शी है। इसके अनुसार कर्म करना धर्म है। धर्मानुसार कर्म में हिंसा नहीं। विष्णु बड़े देवता हैं। उन्होंने तीन पग चलके पूरी धरती नाप ली। ऋग्वेद के अनुसार वे धर्म धारण करते हुए तीन पग चले।

सूर्य, सविता देवता हैं। वे भी द्युलोक, अंतरिक्ष और पृथ्वी को धर्मानुसार प्रकाश से भरते हैं। (4-53-3) प्रजापति सत्यधर्म हैं (10-121-9) सूर्य भी सत्यधर्मा हैं। प्रकृति की सभी शक्तियां ऋतबद्ध धर्म आचरण करती हैं। इसलिए हिन्दुओं का आचरण भी नियमबद्ध होता है। सुख आनंद का आधार सत्य है। सत्य नित्य है। सत्य बोलना धर्म है। वैदिक काल से ही झूठ के लिए 'अनृत' शब्द प्रयुक्त होता रहा है। ऋतु सत्य है। अनृत झूठ है। पूर्वजों ने मानव समाज के लिए नियमों का विकास किया। देशकाल के अनुसार इसमें नया जुड़ता रहा है। काल बाह्य छूटता रहा है। इसी आचार संहिता का नाम धर्म पड़ा। हिन्दू धर्म सतत् विकासशील है। हिन्दू ईश्वर को भी मानने या न मानने के लिए स्वतंत्र हैं। बृहदारण्यक उपनिषद् (2-5-11) में कहते हैं, ''धर्म सभी भूतों का मधु है। समस्त भूत इस धर्म के मधु हैं।'' इसी मधु का नाम हिन्दुत्व है। हिन्दू मन स्वाभाविक ही उदार है।

दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से हिन्दुओं ने विश्व वरेण्य संस्कृति का विकास किया। इसका ध्येय विश्व का लोकमंगल रहा है। हिन्दू धर्म जगत की व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। धर्म का संवर्द्धन और पालन प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब। प्रकृति में रहते हैं। इसी के अंगभूत घटक हैं। प्रकृति से हमारे व्यवहार की आत्मीयता भी हिन्दुत्व है। हिन्दू संपूर्ण अस्तित्व के प्रति सत्यनिष्ठ हैं। कठोपनिषद् में नचिकेता और यम के बीच प्रश्नोत्तर हैं। नचिकेता ने यम से पूछा, "जो धर्म से पृथक है, अधर्म से पृथक है, भूत भविष्य से भी पृथक है, कृपा कर के आप मुझे वही बताइए।" यहां दिक्काल से परे किसी अमृत तत्व की जिज्ञासा है। हिन्दू दिक्काल से परे भी सोचते रहे हैं। धर्म राष्ट्रजीवन की आचार संहिता है। इस आचार संहिता का विकास हजारों वर्ष की साधना से हुआ है। नचिकेता धर्म अधर्म और देशकाल-भूत भविष्य से परे संपूर्ण सत्य का जिज्ञासु है।

हिन्दुओं ने वैदिक काल में ही सभा और समितियों का विकास कर लिया था। सभा में मधुर बोलना उच्चतर जीवन मूल्य है। सभा के योग्य लोग सभ्य कहे जाते थे। लोकसभा पवित्र सदन है। कार्यवाही के नियम हैं। अध्यक्षीय आसन का सम्मान सभी सदस्यों का कर्तव्य है। इसी पवित्र सदन में प्रधानमंत्री को नमस्कार करते लोकसभा अध्यक्ष के झुकने की व्याख्या की गई। इस व्याख्या ने भारत का मन आहत किया है। वरिष्ठों का सम्मान हिन्दू संस्कृति का महत्वपूर्ण अंश है। ऋग्वेद में कहा गया है, "नमः ऋषभ्यः, पूर्वेभ्यः, पूर्वजेभ्यः, पथिकृभ्यः-ऋषियों को नमस्कार, हमसे पूर्व जन्मे लोगों को नमस्कार, पूर्वजों को नमस्कार और पथ प्रदर्शक को नमस्कार है,लेकिन पवित्र संसद में झुककर नमस्कार का मजाक बनाया गया। यह आहतकारी है।

# भारतीय दर्शन एवं संत परंपरा

भारतीय दर्शन एवं संत परंपरा में विविध शंकराचार्य, गिरी, संत, संन्यासी, तपस्वी, ऋषि, मुनि, यति, नाथ, जोगी, मंहत और भी बहुत कुछ है। मठ, मढ़ी, आश्रम भी है। अखाड़ा परिषद जहां से प्रमाणित साधु कुंभ के उपरांत निकलते हैं, ऐसी सुनियोजित व्यवस्था है फिर भी कंवल बाबा, चटनी बाबा, भोले बाबा साकार हरी जैसे बाबाओं के दरबार भी हरे-भरे रहते हैं। हाथरस कांड गवाही देते हुए कह रहा है कि एक सामान्य सिपाही लाखों लोगों का भगवान बन गया। लाखों अनुयायी चरण धूल के लिए व्यग्र होते हुए अपने प्राण भी गवां देते हैं। ऐसे दरबार और लाखों अनुयायी पोल खोलते हैं। हमारी सामाजिक एवं धर्म व्यवस्था की। आज जब भारत बुलेट ट्रेन, सुपरसोनिक वायुयानों और तकनीकी प्रगति के युग का दावा ठोंक रहा है,उस देश में लाखों लोग किसी के पैरों की धूल लेकर कृतकृत्य हुए जा रहे हैं। चमत्कारी पानी संतान प्राप्ति की दिव्य औषधि बना हुआ है।

> भारत जैसे विचारवान देश में इस प्रकार की विवेकहीन धार्मिकता या अंधभक्ति कई बिंदुओं की ओर इशारे कर रही है। जैसे-जैसे भौतिक व्यवस्थाएं संपन्न हुई हैं वैसे-वैसे मानसिक जटिलताएं बढ़ती गई हैं।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक, उझानी, बदायूं

भारत जैसे विचारवान देश में इस प्रकार की विवेकहीन धार्मिकता या अंधभक्ति कई बिंदुओं की ओर इशारे कर रही है। जैसे-जैसे भौतिक व्यवस्थाएं संपन्न हुई है वैसे-वैसे मानसिक जटिलताएं बढ़ती गई हैं। इन जटिलताओं का आसन समाधान पाने के लिए अल्प शिक्षित या अशिक्षित वर्ग इन फर्जी बाबाओं के दरबार में चक्कर काटता है। अधिकांश भीड़ ग्रामीण महिलाओं की मिलेगी जो अपनी छोटी-छोटी शंकाओं के समाधान इन दरबारों में ढूंढने पहुंच जाती हैं। ये लोग बहुत छोटे से दायरे का ही जीवन देखते व समझते हैं। ज्यादा बड़ी-बड़ी जटिल पौराणिक बाते, धर्मवेत्ताओ के आख्यान प्रवचन समझने में इन्हें मुश्किल लगती है,चूंकि इनका अधिकांश समय बुद्धि आधारित कार्य पर न होकर श्रम पर आधारित होता है। ये बाबा उनके इसी अल्प ज्ञान का लाभ उठाकर आसान शब्दों में लच्छेदार बातें पेश कर देते हैं,उन्ही के जीवन के उदाहरणों को सुनाकर लोकप्रियता हासिल कर लेते हैं। समस्या ये है कि भारत जैसे देश में असली संत, नकली साधु, कथावाचक, सरस कथावाचक, मोटिवेशनल स्पीकर,ओझा तांत्रिक, सिद्धि वाले बाबा जी, गाने वाले बाबाजी, जेल वाले बाबाजी, तेल वाले बाबा जी सबके पास उनकी सधी सधाई श्रोता पार्टी है। सब "मामेकम शरणं व्रज"(केवल मेरी शरण में आ जाओ) कहते हुए भक्त गढ़े जा रहे हैं। लाखों लोग अपना काम धाम छोड़कर इन बाबाओं का प्रताप बढ़ा रहे हैं। इससे इतना तो स्पष्ट होता है कि ये बाबागिरी एक मनोवैज्ञानिक खेल है। इस मनोवैज्ञानिक खेल का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ, प्रभाव राजनीति पर भी है।

भारत का आदमी इतना खाली हो चुका है कि अपने जीवन की समस्या स्वयं न सुलझाकर, कहीं भी उलझने को तैयार हो जाता है। तुलसीदास जी तो कह ही गए थे "पंडित सोई जो गाल बाजवा।" और ये सारे बाबा काबा, तरह-तरह के वाचक अपने विचार को इनके माध्यम से विचारधारा बनाने की महत्वाकांक्षा हासिल कर लेते हैं। भारत जैसे देश में सामाजिक जागरूकता की दिशा में बड़े प्रयास चाहिए। धर्म के नाम पर होती सांस्कृतिक होड़, आर्थिक प्रदर्शन की होड़ रोकनी होगी। जिस किसी के अधिक फॉलोअर हैं ऐसे व्यक्ति कभी भी समाज के लिए "हर्ड पॉइजनिंग" (भीड़ के कानों में जहर घोलने) जैसे कार्य कर सकते हैं। इन पर अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक है।

# बिहार के इंजीनियरों से श्रेष्ठ निर्माता त्रेतायुग के वानर थे

पुल पर चलकर-पुल पार होते हैं, न कि नदी। 'सुशासन बाबू' के राज में विगत पंद्रह दिनों के अंतराल में समय और दूरी को पार करने के लिए बने बिहार की विभिन्न नदियों के ग्यारह पुल ढह गए। यह चौंका देने वाली ऐसी घटनाओं का विस्फोटक सिलसिला है,जिसने न केवल राज्य और वहां की सरकार, प्रशासन के साथ-साथ पूरे लोक निर्माण विभाग और तकनीकी व्यवस्था को हिला दिया,बल्कि मानवीय भावना को भी गहराई से झकझोर दिया। इससे विश्व में बिहार की इंजीनियरिंग और मेधा पर गंभीर सवाल उठे हैं।

राजनीतिक हलकों में ऐसा ध्वनित होता रहता है कि वर्तमान केन्द्रीय सरकार राम राज्य के उच्चादर्शों को प्रतिमान मानते हुए कार्य कर रही है। बिहार की सरकार उसी राम राज्य का मजबूत हिस्सा है। त्रेतायुगीन कथाओं के इतिहास में अंकित रामायण के महाकाव्य में भी एक भव्य पुल मौजूद है। भगवान राम की सेना के दो वानर बंधुओं नल और नील के मार्गदर्शन में वानर सेना द्वारा निर्मित पुल ने भारत और श्रीलंका की भूमि को जोड़ा, जिससे विशाल समुद्र को पार करके राक्षसराज रावण की लंका के द्वीप साम्राज्य तक पहुंचा जा सका। न केवल चट्टानों और गारे से,बल्कि भक्ति की इच्छा और विश्वास की शक्ति से बनाया गया यह पुल आज भी उद्देश्य और आस्था के मिलन का प्रतीक माना जाता है।

बिहार के हृदय में पुलों की एक गहरी कहानी है, जहां मिथकों की प्राचीन प्रतिध्वनियां और आधुनिक समय की वास्तविकताएं आपस में टकराती हैं। इस कहानी का रिश्ता बिहार से यूं कायम होता है कि बिहार की बेटी जगदंबा सीता के लिए हजारों साल पहले एक पुल बनाया गया था। राक्षसराज रावण ने उनका पंचवटी से अपहरण कर लिया और लंका ले गया,जिसके बाद उनके स्वामी भगवान श्रीराम ने उन्हें बचाने के लिए अदम्य धैर्य और साहस के साथ वीरतापूर्ण अभियान शुरू किया। शक्तिशाली हनुमान के नेतृत्व में वानर सेना ने राम के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और न्याय के प्रति अपनी भक्ति से प्रेरित होकर विशाल महासागर पर पुल बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। यह पुल हजारों साल बाद भी मिथ और विज्ञान के बीच आज भी देखा जा सकता है, जिसके अस्तित्व पर समय-समय पर सवाल खड़े किए गए।



अरविन्द त्रिपाठी
कानपुर

> रामायण का पुल, जिसे 'सेतु बंध' के रूप में जाना जाता है, साहस और दृढ़ संकल्प का एक वसीयतनामा था। यह केवल एक भौतिक संबंध नहीं था, बल्कि ईश्वरीय इच्छा और भक्तों के अटूट संकल्प का प्रकटीकरण था।

अब इसकी तुलना आधुनिक बिहार के पुलों से करें,जहां इंजीनियरिंग बुनियादी ढांचे और स्थिरता की चुनौतियों का सामना करती है। आवागमन और प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन के बाद बने ग्यारह पुल अब टूट और बिखर गए हैं। इन्हें बनाने के लिए टेंडर जारी करने से लेकर तमाम विशेषज्ञ समितियों की ओर से चरणवार जांचा-परखा और मंजूर किया गया,लेकिन तकनीकी विफलताओं और पर्यावरणीय तनावों में निहित होने के बावजूद, इन पुलों के ढहने के कारण मानवीय प्रयास और नश्वर सरलता की सीमाओं की गहरी कहानी को प्रतिध्वनित करते हैं।

रामायण का पुल, जिसे 'सेतु बंध' के रूप में जाना जाता है, साहस और दृढ़ संकल्प का एक वसीयतनामा था। यह केवल एक भौतिक संबंध नहीं था,बल्कि ईश्वरीय इच्छा और भक्तों के अटूट संकल्प का प्रकटीकरण था। माता सीता और प्रभु राम के प्रति अपने प्रेम और निष्ठा से प्रेरित वानर सेना ने इस चमत्कार को बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। उनके प्रयासों को एक ही उद्देश्य ने प्रेरित कियाः एकजुट होना और बचाव करना, विशाल महासागर द्वारा उत्पन्न दुर्जेय चुनौती को पार करना।

इसके विपरीत बिहार के पुल अपनी इंजीनियरिंग क्षमता के बावजूद अपने डिजाइन से परे की ताकतों के सामने झुक गए। भूविज्ञान, जलवायु और शायद अपेक्षाओं (इसे भ्रष्टाचार भी पढ़ सकते हैं) के बोझ की जटिलताएं उन पर भारी पड़ीं। फिर भी इन पुलों का जन्म भी उद्देश्य से हुआ था-समुदायों को जोड़ना, व्यापार को सुविधाजनक बनाना, जीवन को ऊपर उठाना। तो फिर रामायण के पुल को आज के बिहार के पुलों से क्या अलग करता है? यह केवल इस्तेमाल की गई सामग्री या इस्तेमाल की गई तकनीक नहीं है,बल्कि इरादे का सार और भावना की गहराई है। सेतुबंध का पुल अटूट विश्वास और धार्मिकता की खोज की नींव पर बनाया गया था। यह इस विश्वास का प्रमाण था कि समर्पण और एकता के माध्यम से असंभव को भी जीता जा सकता है। इसके विपरीत, बिहार के पुलों को विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया था, लेकिन उन्हें ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसने मानव निर्माण की नाजुकता को उजागर किया। वे हमें याद दिलाते हैं कि प्रगति और नवाचार के बीच, एक विनम्र सत्य छिपा है प्रकृति की दुर्जेय शक्तियों के सामने हमारी रचनाओं की नश्वरता।

बिहार इन पुलों के ढहने के बाद के हालात से जूझ रहा है। यह न केवल इंजीनियरिंग की कमियों पर,बल्कि इतिहास और मिथक के स्थायी सबक पर भी विचार करने का समय है। रामायण का पुल एक कालातीत प्रकाश स्तंभ की तरह खड़ा है,जो हमें याद दिलाता है कि सच्ची महानता केवल निर्माण के कार्य में नहीं है, बल्कि इसे चलाने वाले लचीलेपन और उद्देश्य की भावना में है। बिहार में ग्यारह पुलों की कहानी में हम मानवीय महत्वाकांक्षा के द्वंद्व को देखते हैं,जहां निर्माण की इच्छा का सामना अस्तित्व की कठोर वास्तविकताओं से होता है। फिर भी इस चिंतन में आशा है कि जो कुछ गिर गया है उसके खंडहरों से, हम इस बात की गहरी समझ के साथ पुनर्निर्माण कर सकते हैं कि न केवल भौतिक खाई को पाटना,बल्कि समझ और भावना के अंतराल को भी पाटना क्या होता है,जो हमें एक सभ्यता के रूप में एकजुट करते हैं।

# अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन

हमारे ऋषि-मुनि पूर्वज, वैज्ञानिक, शात्र-पुराण और हमारा अनुभव सब प्रमाणिक तौर पर यह वाक्य कहते हैं- "प्रथम सुख निरोगी काया" "स्वास्थ्य एक अनमोल रत्न है", "हेल्थ इज वेल्थ" आदि। हमारा मुस्कुराता हुआ तेजमय चेहरा ही हमारे उत्तम स्वास्थ्य का दर्पण होता है। आपके चेहरे पर प्रसन्नता और खुशी सभी नजर आएगी जब आपका शरीर एक दम स्वस्थ्य और फिट होगा। हमारे इस नश्वर शरीर में यदि कहीं भी किसी भी अंग में थोड़ी सी भी परेशानी एवं पीड़ा है तो उतने से ही हम बेचैन हो जाते हैं। संसार की सारी खुशियां त्योहार, उत्सव और हर्षोल्लास उस व्यक्ति के लिए व्यर्थ व निरर्थक हैं,जिसके तन में कोई रोग लगा है। उसको कोई भी आनंद सुहाता नहीं है। उसको किसी भी आनंद में आनन्द नहीं मिल सकता और यदि आपका तन-मन स्वस्थ है तो छोटी सी खुशी में भी आप झूमने लगेंगे। आपके स्वस्थ चेहरे पर प्रसन्नता का भाव और तेज दूर से ही झलकता नजर आएगा।



जगपाल सिंह भाटी
बरेली

आज की इस मिलावटी दौर में स्वास्थ्य को स्वस्थ रखना बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण हो गया है। लाभ, लोभ, लालच और विलासिता के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चला रहा है। हर कोई अपने-अपने फायदे के लिए एक दूसरे को धोखा दे रहा है, जिसकी वजह से शुद्ध वस्तुएं मिलना असंभव सा हो गया है। यहां तक आज के समय में हवा और पानी भी जहरीले हो चले हैं। इस बेहद नाजुक दौर में निरोग स्वस्थ रहना कठिन हो गया है। बच्चा, जवान और बूढ़ा हर कोई आज दवा पर निर्भर हो गया है। मोटापा हाई ब्लड प्रेशर, शुगर कब्ज, अनिद्रा, कमजोरी, नजर कमजोर होना एवं समय से पूर्व बूढ़ा दिखना जैसे फैशन बन गया है। हम कुछ दैनिक नियमों से काफी हद तक अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। नियमित रूप से कम से कम 15 मिनट तक योग, व्यायाम, प्राणायाम या सुबह का टहलना जरूर करें।

प्रातः उठने के पश्चात सबसे पहले आंखों पर ताजे पानी से छप्पा लगाए इससे आखें स्वस्थ रहतीं हैं। सुबह खाली पेट दो गिलास गुनगुना या ताजा पानी अवश्य पिएं। नहाने से पहले और खाने के बाद पेशाब अवश्य जाएं। पानी पीकर तुरंत बाद पेशाब नहीं जाना चाहिए और पेशाब करने के तुरंत बाद पानी नहीं होना चाहिए। खड़े होकर भी पानी न पिएं। लघु शंका (पेशाब) और दीर्घ शंका (लेट्रीन) करते समय अपने दातों को दबाकर रखें। दांत मजबूत और स्वस्थ रहेंगे। कुछ भी खाने के बाद और सोने से पूर्व कुल्ला अवश्य करें। सोने से पूर्व एक गिलास दूध या पानी पीकर सोने से नींद अच्छी आती है। हमेशा पूर्व और दक्षिण दिशा में सिर करके सोना चाहिए। आपका भोजन अधिक से अधिक सादा, हल्का, कम और प्रकृति के अनुकूल होना चाहिए। भोजन प्रसन्न मुद्रा में और चबा-चबा कर करें। अतः आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सचेत और सतर्क रहें, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।

# ब्रह्म से मिलन का महापर्व

पुरी रथ यात्रा का त्योहार भगवान जगन्नाथ को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति इस पुरी रथ यात्रा में पूरी श्रद्धा से भाग लेता है, वह जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है। भगवान जगन्नाथ के रथ पर सवार होने का एक दर्शन ही बहुत शुभ माना जाता है। इसके साथ ही काम, क्रोध और लोभ से छुटकारा मिलता है। पुरी में होने वाली रथ यात्रा सबसे भव्य आयोजनों में से एक है, जो दुनियाभर से पर्यटकों को आकर्षित करती है। उत्सव के दिन तीन देवताओं की पूजा की जाती है, उनमें भगवान बलभद्र, जो भगवान जगन्नाथ के बड़े भाई हैं, सुभद्रा, जो भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र की बहन हैं और भगवान जगन्नाथ शामिल हैं।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

प्रत्येक देवता के पास एक रथ है। भगवान बलभद्र के रथ में 16 पहिए हैं, जबकि भगवान जगन्नाथ के रथ में 18 पहिए हैं। इसी तरह सुभद्रा के रथ में 14 पहिए हैं। भक्तगण जगन्नाथ मंदिर से भगवान कृष्ण, भगवान बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियों को गुंडिचा मंदिर ले जाते हैं। फिर मूर्तियों को रथों में स्थापित किया जाता है। पुजारी स्नान पूर्णिमा मनाते हैं, जो एक प्रथा है जिसमें तीन मूर्तियों को पानी (109 बाल्टी) से नहलाया जाता है। नहाए गए मूर्तियों को जुलूस के दिन तक अलग रखा जाएगा। इस आयोजन को अंसारा कहा जाता है। ओडिशा के शाही उत्तराधिकारी चेरा पहरा की रस्म निभाते हैं। राजा देवताओं को ले जाता है और चेरा पहरा के आयोजन के दौरान उन्हें रथों पर रखता है। पुरी रथ यात्रा उत्सव की शुरुआत विशेष प्रार्थना और अनुष्ठानों के साथ देवताओं के आह्वान से होती है और इसे 'रथ प्रतिष्ठा' के नाम से जाना जाता है। इसके बाद तीन मुख्य देवता, देवी सुभद्रा, भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र को उनके संबंधित रथों में बैठाया जाता है। देशभर से भक्त भगवान के रथ को खींचने की उत्कट इच्छा के साथ आते हैं, क्योंकि यह कार्य बहुत पवित्र माना जाता है। रंग-बिरंगी शोभायात्रा ढोल, तुरही या ढोल पर बजने वाले भक्ति गीतों की ध्वनि के साथ आगे बढ़ती है। जुलूस अंत में गुंडिचा मंदिर पहुंचता है जिसे भगवान जगन्नाथ की मौसी का निवास माना जाता है। इस त्योहार को 'घोष यात्रा','दशावतार यात्रा', 'नवदिन यात्रा' या 'गुंडिचा यात्रा' के नाम से भी जाना जाता है। पुरी रथ यात्रा उत्सव एकीकरण और समानता का प्रतीक है। यह उन दुर्लभ त्योहारों में से एक है, जो सभी प्रकार के भेदभावों से ऊपर है। यहां तक कि मुसलमान भी इस अद्भुत रथ उत्सव में भाग लेते हैं। इस परंपरा की शुरुआत तब होती है जब राजा इंद्रद्युम ने जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां बनवाई तो रानी गुंडिचा ने मूर्तियां बनाते हुए मूर्तिकार विश्वकर्मा और मूर्तियों को देख लिया जिसके चलते मूर्तियां अधूरी ही रह गई तब आकाशवाणी हुई कि भगवान इसी रूप में स्थापित होना चाहते हैं। इसके बाद राजा ने इन्हीं अधूरी मूर्तियों को मंदिर में स्थापित कर दिया। उस वक्त भी आकाशवाणी हुई कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी जन्मभूमि मथुरा जरूर आएंगे। स्कंदपुराण के उत्कल खंड के अनुसार राजा इंद्रद्युम ने आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन प्रभु के उनकी जन्मभूमि जाने की व्यवस्था की। तभी से यह परंपरा रथयात्रा के रूप में चली आ रही है। एक दूसरी कथा भी जिसके अनुसार सुभद्रा के द्वारिका दर्शन की इच्छा पूरी करने के लिए श्रीकृष्ण और बलराम ने अलग-अलग रथों में बैठकर यात्रा की थी। सुभद्रा की नगर यात्रा की स्मृति में ही यह रथयात्रा पुरी में हर साल होती है। इस रथयात्रा के बारे में स्कंद पुराण, नारद पुराण, पद्म पुराण और ब्रह्म पुराण में भी बताया गया है। इस भव्य रथ उत्सव को देखने के लिए हर साल दस लाख से अधिक तीर्थयात्री पुरी आते हैं।

# शिक्षा में नई व्यवस्थाओं की चुनौतियां

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा एक नई व्यवस्था को मंजूरी दी गई है। यह नई नीति उच्च शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में प्रवेश को लेकर बनाई गई है एवं आयोग ने इसे सत्र 2024-25 से ही लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस नीति के अनुसार विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर भारतीय विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार प्रवेश का मौका दिया जाएगा। सत्र में प्रथम बार प्रवेश जुलाई-अगस्त में तथा दूसरी बार जनवरी-फरवरी में होंगे।

वर्तमान में लागू व्यवस्था के अंतर्गत विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले की प्रक्रिया वर्ष में केवल एक बार अर्थात जुलाई-अगस्त में होती है। नई व्यवस्था को लागू करने एवं इससे संबंधित समस्त इंतजामात सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यूजीसी के द्वारा प्रवेश नीति संबंधी यह निर्णय ऐसे समय पर लिया गया है, जबकि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया जोरों से चल रही है। नवीन व्यवस्था को लागू करने के पीछे यूजीसी का तर्क यह है कि इस पद्धति के लागू हो जाने से उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले से संबंधित दिक्कतें दूर हो जाएंगी। किन्हीं कारणों से यदि कोई विद्यार्थी जुलाई-अगस्त में दाखिला लेने से चूक जाता है तो वह पुनः जनवरी-फरवरी में यह अवसर प्राप्त कर सकेगा। नतीजतन उसे अपने पूरे साल का नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा एवं उसकी शिक्षा बिना किसी व्यवधान के आगे बढ़ती रहेगी। इससे पूर्व भी यूजीसी के द्वारा ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश को लेकर यह व्यवस्था लागू की गई थी। उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2022 में ऑनलाइन कोर्स में जुलाई सत्र में 19.73 लाख, जबकि जनवरी सत्र में 4.28 लाख प्रवेश हुए थे। स्पष्ट है कि विद्यार्थियों की एक अच्छी खासी संख्या ने संबंधित पाठ्यक्रमों में जनवरी सत्र में प्रवेश लिया था। ऐसी स्थितियों को देखते हुए ही नियमित पाठ्यक्रमों में भी दो बार प्रवेश लेने की व्यवस्था को लागू करने का फैसला लिया गया है। यद्यपि यूजीसी का निर्देश है कि इस नियम को लागू किए जाने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों को शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात, बुनियादी ढांचा इत्यादि की जानकारी यूजीसी को देनी होगी। निस्संदेह यह व्यवस्था विद्यार्थियों के हित में है, क्योंकि प्रायः ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें विद्यार्थी जानकारी के अभाव में किसी बीमारी की वजह से अथवा पिछली परीक्षा का परिणाम देर में आने की वजह से अगली कक्षा में प्रवेश लेने से चूक जाता था। नतीजा यह होता था कि विद्यार्थी को एक बार चूकने के उपरांत पुनः अपना प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए पूरे साल इंतजार करना पड़ता था, जिससे उसका समय बर्बाद हो जाया करता था। प्रवेश संबंधी नई व्यवस्था के लागू हो जाने के बाद इन सभी दिक्कतों से छुटकारा मिल जाएगा।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर शाहजहांपुर

> सभी चुनौतियों के भली-भांति विश्लेषण के उपरांत ही ऐसी व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए ताकि शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से निर्बाध एवं व्यवस्थित बनी रहे।

इसी प्रकार शिक्षा मंत्रालय के द्वारा सत्र 2025-26 से दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को भी वर्ष में दो बार कराए जाने के विचार पर सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है। प्रथम बार परीक्षा फरवरी में एवं दूसरी बार अप्रैल में होगी। खास बात यह है कि विद्यार्थी के लिए दोनों ही परीक्षाओं में शामिल होने का विकल्प खुला रहेगा। जिस परीक्षा में विद्यार्थी का प्रदर्शन बेहतर होगा, उस परीक्षा में विद्यार्थी के द्वारा प्राप्त किए गए स्कोर को ही उसका अंतिम स्कोर माना जाएगा। इस व्यवस्था से भी कहीं न कहीं विद्यार्थी का हित सुनिश्चित होगा। मान लीजिए कि किसी कारणवश विद्यार्थी का पेपर पहली परीक्षा में खराब हो जाता है तो उसके पास दूसरी परीक्षा का विकल्प हो जाने के कारण किसी भी तरह का तनाव उस पर हावी नहीं हो पाएगा, लेकिन जहां एक ओर इन नवीन व्यवस्थाओं को विद्यार्थियों के हित में माना जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ इनके सामने कुछ चुनौतियां भी हैं, जिनको अगर हल्के में लिया गया तो ये व्यवस्थाएं कहीं न कहीं नुकसानदेह भी साबित हो सकती हैं।

दो बार प्रवेश की व्यवस्था को लागू करने से पहले इस बात पर अवश्य मंथन किया जाना चाहिए कि कक्षाओं का संचालन किसी भी तरह से बाधित न हो एवं पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो सके। दो बार प्रवेश लेने की सुविधा कहीं न कहीं विद्यार्थियों को लापरवाही की स्थितियों की ओर धकेल सकती है। यहां पर एक विकल्प यह हो सकता है कि ऐसी व्यवस्था केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए लागू की जाए जो किन्हीं वाजिब कारणों की वजह से सत्र के आरंभ में प्रवेश लेने से चूक गए हैं। ठीक इसी प्रकार दो बार बोर्ड परीक्षाओं का आयोजित किया जाना भी विद्यार्थियों के तनाव को कम करने के साथ ही उन्हें एक सीमा से अधिक बेफिक्र बना सकता है एवं उनके अंदर यह प्रवृत्ति पैदा हो सकती है कि पहली परीक्षा में प्रदर्शन की ओर ध्यान कदापि न दिया जाए। इन सभी चुनौतियों के भली-भांति विश्लेषण के उपरांत ही ऐसी व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए ताकि शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से निर्बाध एवं व्यवस्थित बनी रहे।

## सार-संक्षेप

### गोरखनाथ विवि में भी होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

**लखनऊ।** गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम के मेडिकल कॉलेज (श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर) में एमबीबीएस की पढ़ाई होगी। नेशनल मेडिकल कॉउंसिल(एनएमसी) ने नीट काउंसलिंग के जरिए इस सत्र में प्रवेश लेकर पाठ्यक्रम शुरू करने की मान्यता दे दी है। विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने बताया कि एमबीबीएस की मान्यता मिल जाने से वाराणसी और लखनऊ के बाद गोरखपुर में निजी क्षेत्र का पहला मेडिकल कॉलेज होगा।

### मुजफ्फरनगर दंगा: अदालत में पेश हुए मंत्री-पूर्व विधायक

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** मुजफ्फरनगर में 2013 में हुए सांप्रदायिक दंगे में भड़काऊ भाषण देने के सिलसिले में प्रदेश सरकार के मंत्री कपिलदेव अग्रवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान एवं अन्य आरोपी एक स्थानीय सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) में शनिवार को पेश हुए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 जुलाई की तारीख तय की है। अभियोजन अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि विशेष एमपी/एमएलए अदालत के न्यायाधीश देवेंद्र सिंह फौजदार ने इस मामले की आगे की सुनवाई के लिए 9 जुलाई की तारीख तय की है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच सीटीईटी का आयोजन आज

**लखनऊ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आयोजित होने वाली सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीटीईटी) 2024 का आयोजन रविवार (7 जुलाई) को किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 5 जुलाई को जारी कर दिए गए हैं। बिना एडमिट कार्ड के उम्मीदवारों को परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें कि केंद्र पर रिपोर्टिंग का समय 7 बजे निर्धारित किया गया है। सीबीएसई सीटीईटी 2024 परीक्षा देश भर के 136 शहरों में 20 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पाली में होगी। पहली पाली में परीक्षा सुबह 9 :30 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी।

### पांच जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदले

**लखनऊ।** प्रदेश के पांच जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल दिए गए हैं। संयुक्त निदेशक ग्रेड के चिकित्सकों में बस्ती जिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.रामेश्वर मिश्र को बदायूं का सीएमओ, अयोध्या में तैनात डॉ.रजत कुमार चौरसिया को सिद्धार्थनगर, अमेठी के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार को बहराइच, सीतापुर में एसीएमओ डॉ.राजीव नयन को फतेहपुर का और शामली के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.अनिल कुमार को शामली का सीएमओ बनाया गया है।

### लोन दिलाने नाम पर ठगी, गिरोह के 11 शख्स गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर 49 थाने की पुलिस ने बैंक से लोन दिलवाने के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसा कर उनके साथ ठगी करने वाले गिरोह के दो पुरुष एवं नौ महिलाओं समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने आशीष कुमार उर्फ अमित, जितेंद्र कुमार वर्मा, निशा उर्फ स्नेहा, दिव्या, लक्ष्मी यादव, पूनम, पूजा सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग लोगों को सस्ते दर पर लोन दिलवाने के नाम पर अपने झांसी में लेते थे तथा उनसे लोन की प्रक्रिया के विभिन्न कारण बताकर अपने खाते में रकम डलवा लेते थे। की है।

### एचटी लाइन का तार टूटकर गिरा, बाइक सवार जिंदा जला

**शिवली (कानपुर)।** धरमपुर गौरी गांव में रात को मसाला लेने जा रहे एक बाइक सवार युवक पर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन टूटकर गिर गई। जिससे युवक बाइक समेत जिंदा जल गया। शिवली कोतवाली क्षेत्र के धरमपुर गांव निवासी सुदामा (36) सरसों बेचने का काम करता था। शुक्रवार की रात को वह बाइक से मसाला लेने पास के गौरी जा रहा था। वह धरमपुर व गौरी गांव के बीच पहुंचा था कि उसके ऊपर अचानक 11 हजार वोल्टेज का विद्युत का तार टूटकर गिर गया।

# किसी भी स्थिति में बख्शे न जाएं जमीन पर कब्जा करने वाले : मुख्यमंत्री योगी

## कहा- जनसमस्याओं के निस्तारण में नहीं चलेगी अफसरों की हीलाहवाली

- गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने सुनीं 400 लोगों की समस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर



जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं से रूबरू मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जमीन कब्जाने वाले किसी भी दशा में न बख्शे जाएं। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली नहीं चलेगी। अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर जनसमस्याओं का निस्तारण कराएं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 400 लोगों की समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

बारिश के कारण मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर सभी लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों की ओर से जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए, ताकि इलाज के लिए उन्हें परेशान न होना पड़े।

### मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, खिलाया गुड़

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया और गोशाला में जाकर गोसेवा की। गोवंश को उन्हें गुड़ खिलाया। गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।

# बाढ़ से सुरक्षित हैं हम: मंत्री

- बाढ़ की परियोजनाओं पर चर्चा करने अयोध्या पहुंचे स्वतंत्र देव सिंह

संवाददाता, अयोध्या



**अमृत विचार:** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शनिवार को बाढ़ परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए अयोध्या पहुंचे। भारी बारिश के बीच रामनगरी पहुंचे स्वतंत्र देव ने तटीय इलाकों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि नेपाल में भारी बारिश के बाद सरयू समेत अन्य नदियों में बाढ़ की नौबत आ जाती है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बाढ़ की 238 परियोजनाएं चल रही है, जिसमें लगभग सभी पूरी हो चुकी है। हमारी कोशिश है कि किसानों को किसी तरह की हानि न पहुंचे। इसके लिए परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। बस्ती से अयोध्या पहुंचे स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि परियोजनाएं पूर्ण होने के बाद पूर्वांचल का इलाका बाढ़ से सुरक्षित है। अयोध्या, देवीपाटन, आजमगढ़ मण्डल समेत गोंडा, बाराबंकी व अम्बेडकरनगर तक हमारी परियोजनाएं कार्य कर रही हैं। जिले स्तर पर लगातार समीक्षाएं चल रही हैं। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि मां आशीर्वाद बनाये रखें।

### राहत कार्य पर सतर्क नजर रखें अधिकारी: योगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बारिश के मौसम में अधिकारी राहत कार्य पर सतर्क नजर रखें और प्रभावित लोगों की मदद करें। उन्होंने कहा कि पूरी तत्परता से राहत कार्य किए जाएं। आपदा से प्रभावित लोगों को अनुमन्य राहत राशि का अविलंब वितरण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को राहत से जुड़े अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल भराव की स्थिति में जल निकासी के लिए प्रभावी प्रबंध किए जाएं। नदियों के जल स्तर की सतत निगरानी की जाए। फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाय, ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा सके।

# राहुल गांधी देख रहे प्रधानमंत्री बनने का सपना : आठवले

- राजधानी पहुंचे केंद्रीय मंत्री को एक कार्यक्रम किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले शनिवार को राजधानी पहुंचे। रविन्द्रालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा को पूर्व से कुछ सीटें ज्यादा मिली हैं। इसके लिए दोनों पार्टियों ने संविधान बदलने का झूठा प्रोपेगेंडा फैला कर वोटरों को गुमराह किया।

आठवले ने कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे थे, उनका सपना इतनी जल्दी पूरा होने वाला नहीं है। अभी हमारी सरकार 20 से 25 वर्ष और सत्ता में रहेगी। जनता हमारे साथ है। हाथरस मामले पर आठवले ने कहा, पुलिस प्रशासन की लापरवाही की वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ। पुलिस को आगे से ध्यान रखना चाहिए।

# आप सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई 15 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को वे हाजिर नहीं हुए। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तारीख नियत की है। संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि संजय सिंह के खिलाफ जमानती वारंट जारी है।

# अयोध्या संग्रहालय के डिजाइन पर मंथन

- दो वर्ष में तैयार हो जाएगा अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम संग्रहालय

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार:** सरयू तट स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय अगले दो वर्ष में विश्व स्तर के स्वरूप में तैयार हो जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इसका जीर्णोद्धार कर रही है। इसकी जिम्मेदारी राजकीय निर्माण निगम को दी गई है। संग्रहालय के निर्माण और गुणवत्ता की देखभाल भारत सरकार की संस्था इंजीनियर इंडिया लिमिटेड करेगी। डिजाइन वास्तु के अनुसार नोएडा की फर्म डिजाइन एसोसिएट करेगी।

मंदिर निर्माण समिति के दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शनिवार को राम मंदिर की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय को भी भव्यता और दिव्यता दिए जाने पर मंथन हुआ। इसके लिए एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की अध्यक्षता में संग्रहालय के कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान राजकीय निर्माण निगम के साथ भारतीय इंजीनियरिंग लिमिटेड के इंजीनियर के साथ दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू अंतर्राष्ट्रीय म्यूजियम के भी एक्सपर्ट मौजूद रहे। इस दौरान संग्रहालय के नवनिर्माण किए जाने पर मंथन किया गया।

बैठक के बाद राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने बताया कि एक वर्ष पहले राम मंदिर संग्रहालय को लेने की इच्छा जताई थी। जिसे प्रदेश सरकार ने राम मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिया गया था। कहा कि दो वर्षों में राम कथा संग्रहालय बनकर तैयार हो जाएगा।

# बिल्डर की फर्मों की जांच, सवा करोड़ वसूले

- विशेष अनुसंधान शाखा ने एक साथ की कार्रवाई, गलत तरीके से आईटीसी क्लेम वसूला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जीएसटी के 25 अफसरों की पांच टीमों ने लैंड डेवलप करने, प्लॉट विक्रय और अपार्टमेंट बनाकर बेचने वाले बड़े बिल्डर के पांच प्रतिष्ठानों पर एक साथ जांच की।

अलग-अलग जिलों में घंटों चली जांच में बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। दस्तावेजों की जांच में तीन साल से गलत तरीके से आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) क्लेम सरकार से वसूलने की जानकारी सामने आई है। यही नहीं फर्म ने सालाना टर्नओवर कम दिखाकर जीएसटी चोरी कर बड़ा खेल भी किया है। विशेष अनुसंधान शाखा ने पेनाल्टी समेत कर चोरी का करीब सवा करोड़ रुपया जमा कराया है। सूचना के आधार पर एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 अमरेश त्रिपाठी ने ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह को एक बड़ी टीम गठन करने को कहा। संबंधित सभी जिलों के दलों को सक्रिय किया गया।

> बिल्डर के अलग-अलग जिलों के प्रतिष्ठानों पर जीएसटी टीम की विशेष अनुसंधान शाखा ने एक साथ कार्रवाई की। इसमें गलत तरीके से आईटीसी क्लेम बिल्डर द्वारा वसूला जा रहा था। जांच में इसकी पुष्टि होने पर बिल्डर ने सवा करोड़ रुपया जमा कराया है। - **अमरेश त्रिपाठी,** एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2

संयुक्त आयुक्त सिंह ने बताया कि एक साथ बिल्डर के लखनऊ गोमतीनगर के दो, बाराबंकी एक, सीतापुर (नैमिष) एक और नोएडा मिलाकर कुल पांच प्रतिष्ठानों पर जीएसटी टीम ने कार्रवाई की। कई घंटे प्रतिष्ठानों में अभिलेखों को खंगाला गया, तो गलत तरीके से आईटीसी क्लेम कर सरकार को कई करोड़ का चूना लगाने की जानकारी हुई।

# विस उप चुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ता मजबूती से जुटें: संतोष


राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने कहा कि विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए पार्टी नेता व कार्यकर्ता मजबूती से जुटें। वह शनिवार को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, अभियानों व प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे।

राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि संगठन के विस्तार का कार्य निरंतर व अनवरत चलता है। प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक कार्यक्रमों व अभियानों के साथ ही अपने सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति भी सजग है। प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के संकल्प के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता समेत स्थानीय नागरिकों को भी जोड़ने का काम करना है।

# वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय का निधन



**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय (66) का वाराणसी में शनिवार शाम को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वाराणसी के इंदिरा नगर निवासी अभय उपाध्याय ने बताया कि उनके बड़े भाई अजय उपाध्याय का शनिवार शाम 4 बजे उनके आवास पर निधन हो गया। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली में रह रहे थे और तीन-चार दिन पहले उनसे (अभय से) मिलने आए थे।

# चुनाव आयोग को तलाश एक अदद अफसर की

- अफसरों के न भेजने पर आयोग ने फिर लिखा पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में नगर निकाय उप चुनाव कराने के लिए अब राज्य निर्वाचन आयोग को सिर्फ एक आईएएस अधिकारी की तलाश है। उप चुनाव के लिए मतदान आठ जुलाई को होना है, पर अभी तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी के तौर पर संयुक्त निर्वाचन आयुक्त की तैनाती नहीं की गई है। पूर्व में मांगे गए अधिकारियों के न भेजने पर आयोग ने फिर सरकार को पत्र भेजा है।

प्रदेश में 29 जिलों में नगर निकायों के खाली पड़े सदस्यों की सीटों पर चुनाव होना है। चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने सरकार को पत्र भेजकर आयोग में निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति करने की मांग की थी। पत्र में कहा गया था कि आयोग में स्वीकृत अपर निर्वाचन आयुक्त, संयुक्त निर्वाचन आयुक्त, उप निर्वाचन आयुक्त व सहायक निर्वाचन आयुक्तों की तैनाती की जाय, पर अभी तक इन अफसरों की तैनाती नहीं की गई है। अब आयोग ने दोबारा पत्र भेजकर संयुक्त निर्वाचन आयुक्त तैनात किए जाने की मांग की है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि चुनाव पर सतर्क नजर रखने के लिए जिले स्तर पर चुनाव प्रेक्षक तैनात किये गए हैं।

# राजस्व निरीक्षक-लेखपाल को पीटा

**संडीला, (हरदोई)।** राजस्व निरीक्षक और लेखपाल डीएम के आदेश पर अमल करने के लिए खेत की मेड़ बंदी करने पहुंचे। उसी बीच वहां पहुंचे लोग पहले तो राजस्व टीम को गाली-गलौज करने लगे, उसके बाद उनकी पिटाई शुरू कर दी। मामला कासिमपुर थाने के दुलारपुर आंख का बताया गया है। पुलिस ने राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के आदेश पर अमल करने के लिए लेखपाल गिरिजा शंकर के साथ कासिमपुर थाने के दुलारपुर आंट पहुंचे, जहां भगौती प्रसाद व रामकिशोर के खेत की मेड़ बंदी करनी थी। उसी बीच गांव के फूल मियां, इज़हार अली, अकील आदि वहां पहुंच कर मारपीट करने लगे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वर्ग पहेली-123

**बाएं से दाएं**

3. 1. किसी बात 2. वर्णन 3. बातचीत, बहस, चर्चा।
4. घूमता हुआ, चक्कर खाता हुआ।
7. 1. कोई चीज़ इतनी तेज़ी से फेंकना या ढकेलना कि वह चक्कर खाते हुए आगे बढ़े 2. लुढ़कने में प्रवृत्त करना।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रकार का विद्युत चुंबकीय विकिरण जिसकी आवृत्ति उप-आण्विक कणों के आपसी टकराव से निकलती है।
2. 1. किसी कथन के पश्चात् होने वाली बातचीत (कथन)
3. 1. अपवित्र, अशुद्ध, नापाक, मलिन, गंदा 2. दुष्ट, ख़राब।
5. प्रेमिका, प्रेयसी।
6. खाने योग्य (पदार्थ)।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 | ■ | 2 |
| 3 | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | | | 5 | |
| 6 | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | 7 | | | |

### वर्ग पहेली -122 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 से | ■ | 2 झों | 3 क | ना |
| 4 क | रा | वा | ■ | ट | ■ |
| म | ■ | ■ | 5 अ | ■ | ■ |
| 6 अ | प | र | द | न | ■ |
| स | ■ | ■ | ब | ■ | 7 अ |
| ल | ■ | ■ | दा | ■ | चे |
| ■ | ■ | 8 अ | ना | कृ | त |

## सुडोकू -36

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 9 | | 8 |
| | | | 2 | | | 7 | | 3 |
| | | 6 | 1 | 8 | | 4 | | |
| 8 | | 7 | | 9 | | | | 4 |
| 5 | | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | 3 | | 6 | | 5 |
| | | 5 | | 4 | 6 | 2 | | |
| 9 | | 2 | | | 7 | | | |
| 6 | | 8 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू -35 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 8 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 8 जुलाई 04 .59 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष:** आज सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लाभ उन्नति का अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में संलग्न लोगों को व्यापार को बढ़ाने की ओर ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा के योग हैं।

**वृष:** आज संघर्ष करने से भाग्य साथ देगा विरोधी गुप्त रूप से आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे। सावधानी बनाए रखें। सामाजिक कार्य में अभिरुचि बढ़ेगी। दूसरों की छोटी-मोटी बातों को तूल न देते हुए अपने लक्ष्य पर फोकस करना उचित रहेगा।

**मिथुन:** आज विरोधी पक्ष आपकी कमजोरी का लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। आपकी सूझबूझ से परिस्थितियों अनुकूल होने लगेंगे। कारोबार में विस्तार की योजना साकार होती हुई नजर आएगी। आर्थिक मामलों में शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** आज परोपकार, दया, धर्म में अभिरुचि बढ़ेगी। किसी पुराने कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। मजदूर वर्ग को रोजगार संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। किसी भी जोखिम भरी योजना में निवेश करने से बचना चाहिए।

**सिंह:** आज नौकरी की तलाश में इधर से उधर भटकना पड़ सकता है। आपको शारीरिक परिश्रम अधिक करना पड़ सकता है। पहले के रुके हुए कार्य पर फोकस करना होगा। उद्योग धंधे से जुड़े लोगों को अपेक्षा से कम सफलता मिलेगी।

**कन्या:** आज किसी पुराने मुकदमे से छुटकारा मिलेगा। जेल से मुक्त होंगे। समाज में आपके कार्यों की सराहना होगी। व्यापार में नए मित्र बनेंगे। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए लंबी यात्रा पर जाना सफल होगा।

**तुला:** आज नौकरी में पदोन्नति के योग बनेंगे। भूमि, भवन आदि के कार्य में लगे लोगों को विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कोई काफी समय से रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। राजनीति में आपके नेतृत्व की सराहना होगी।

**वृश्चिक:** आज किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है। राजनीति में मिली असफलता अपमान का सबब बनेगी। व्यापार में तनाव होने से मन खिन्न रहेगा। यात्रा में किसी अनजान व्यक्ति पर अधिक विश्वास करना हानिकारक सिद्ध होगा।


**धनु:** आज कोई महत्वपूर्ण कार्य धन के अभाव में बाधित हो सकता है। कृषि कार्य में रुचि कम रहेगी। सरकारी की कोई योजना आपके लिए उन्नति कारक सिद्ध होगी। निर्माण संबंधी कार्य में अकारण विघ्न आ सकते हैं। किसी व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**मकर:** आज कार्यक्षेत्र में झूठे आरोप में जेल जाना पड़ सकता है। नौकरी में मनचाही जगह स्थानांतरण हो सकता है। राजनीतिक विरोधी षड्यंत्र रच कर फसा सकते हैं। किसी विश्वासपात्र व्यक्ति से धोखा मिल सकता है। व्यापार में अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

**कुंभ:** आज नौकरी में अधीनस्थ से तालमेल बैठाने का प्रयास करें। लंबित कार्य निपट सकेंगे। व्यापार में नए अनुबंध के लिए आपको कठिन प्रयास करना पड़ेगा। आध्यात्मिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को कोई सरकारी सहायता मिल सकती है।

**मीन:** आज दूर देश में लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। वाहन खरीदने की पुरानी इच्छा पूर्ण हो सकती है। शुभचिंतकों की सलाह की अनदेखी करने से बचना चाहिए अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य पूर्ण रात्रि तक।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- परदेशी बाबू — सुबह : 11 .29
- कोहराम — रात : 07 .00

**&pictures**
- वलाटी — सुबह :11 .22
- कंजूस मखीचूस — रात : 08 .00

**Sony Pix**
- वंडर वुमन — सुबह : 08 .57
- 65 — रात : 07 .25

**Zee Cinema**
- फुकरे 3 — सुबह : 10 .26
- सूर्यवंशी — रात : 08 .30

**Colors Cineplex**
- रुध्रन् — दोपहर : 01 .13
- हनुमान — रात : 08 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ?
चिंटू- पापा 80 प्रतिशत आए हैं।
पापा- लेकिन मार्कशीट पर तो सिर्फ 40 प्रतिशत लिखा है?
चिंटू- बाकी के 40 प्रतिशत आधारकार्ड लिंक होने पर होने पर सीधे अकाउंट में आएंगे।
चप्पल, दे चप्पल, दे चप्पल!

मास्टर जी- बताओ कौन सी ऐसी चीज है, जो खींचने से छोटी होती है?
टिंकू- सर बीड़ी...
मास्टर जी- नशेड़ी की औलाद, तू निकल मेरी क्लास से बाहर!

## खेल डायरी

### विनेश ने जीता स्पेन ग्रां प्री का स्वर्ण पदक

**मैड्रिड।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को स्पेन ग्रां प्री में महिलाओं के 50 किलोवर्ग का स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता विनेश ने फाइनल में मारिया तियुमेरेकोवा को 10-5 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। पूर्व में रूस की खिलाड़ी रही मारिया अब तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर खेलती है। बुधवार को ऐन मौके पर शेंगेन वीजा पाने वाली विनेश ने तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। विनेश ने पहले क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराया। इसके बाद कनाडा की मेडिसन पार्क्स को चित किया और सेमीफाइनल में कनाडा की ही कैटी डचाक को 9-4 से मात दी।

### सबसे उम्रदराज ग्रैंडस्लैम चैंपियन विक का निधन

**लंदन।** विंबलडन विजेता और टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल विक सेक्सास का 100 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह सबसे उम्ररदाज ग्रैंड स्लैम चैंपियन थे। सेक्सास की बेटी टोरी की पुष्टि के आधार पर उनके निधन की घोषणा की। उनका शुक्रवार को निधन हो गया। वह हॉल ऑफ फेम के सबसे उम्रदराज सदस्य थे और 1953 विंबलडन एकल खिताब जीतने वाले इस खिलाड़ी को इसमें 1971 में शामिल किया गया था।

### भुल्लर मोरक्को में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**रबात (मोरक्को)।** ओलंपिक की तैयारी में लगे भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने दूसरे दौर में पांच अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे वह 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। पहले दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने वाले भुल्लर का कुल स्कोर आठ अंडर है और वह शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी खिलाड़ी जॉन कैटलिन से केवल एक शॉट पीछे हैं।

### अभय एशियाई स्क्वाश टूर्नामेंट में दो स्वर्ण की दौड़ में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह शनिवार को मलेशिया के जोहोर में एशियाई डबल्स स्क्वाश चैम्पियनशिप में पुरूष युगल और मिश्रित स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीय अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने जापान के टोमोटाका एंडो और नाओकी हयाशी की जोड़ी पर 23 मिनट में 11-9, 11-2 से शानदार जीत सं पुरुष युगल खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया जिसमें उनकी भिड़ंत मलेशिया के दूसरे वरीय ओंग साई हंग और स्याफिक कमाल की जोड़ी से होगी। फिर अभय ने तीसरी वरीय अनुभवी जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में चेंग नगा चिंग और लाई चेउक नाम मैथ्यू की हांगकांग की जोड़ी पर 11-8, 11-10 से जीत हासिल की। अब अभय और जोशना का सामना मिश्रित युगल फाइनल में हांगकांग के दूसरे वरीय टोंग त्सज विंग और टैंग मिंग हांग की जोड़ी से होगा।

### टाईब्रेकर में हारा भारत, कारुआना ने जीता खिताब

**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** भारत के आर प्रज्ञानंदा और डी गुकेश को चार खिलाड़ियों के बीच खेले गए टाइब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा जिसमें दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने तीनों रैपिड गेम जीतकर सुपरबेट क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। कारुआना क्लासिकल प्रारूप में नीदरलैंड के अनीश गिरी से हार गए, जिससे मुकाबला रोचक बन गया क्योंकि गुकेश, प्रज्ञाननंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा सभी उनकी बराबरी पर पहुंच गए। प्रज्ञाननंदा मुख्य बाजी में अलीरेजा के सामने एक समय बेहद मुश्किल स्थिति में फंसे हुए थे। जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली जिससे विजेता का फैसला करने के लिए चार खिलाड़ियों के बीच टाइब्रेकर की स्थिति बन गई। अमेरिका के इस खिलाड़ी ने टाइब्रेकर में तीनों प्रतिद्वंदियों गुकेश, प्रज्ञाननंदा और अलीरेजा को हराकर 68500 अमेरिकी डॉलर का पहला पुरस्कार जीता।

# जिम्बाब्वे के घर में भारतीय युवा पस्त

## पहले टी-20 में जिम्बाब्वे ने भारत को 13 रन से हराया, रजा और चतारा ने झटके 3-3 विकेट



अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी। ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

कप्तान सिकंदर रजा के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर जिम्बाब्वे ने शनिवार को खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में भारत को 13 रनों से हराकर 8 साल बाद ऐतिहासिक जीत दर्ज की। बल्लेबाजों के लिए मुश्किल भरी पिच पर 116 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी फ्लॉप रही। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी के आगे भारतीय बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटते रहे और पूरी टीम 19.5 ओवर में 102 रन पर सिमट गई। यह 2024 में भारत की टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहली हार थी। यह आठ साल में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की पहली हार भी है।

भारत की ओर से कप्तान शुभमन गिल ने 29 गेंदों में पांच चौके लगाते हुये सर्वाधिक (31) रनों की पारी खेली। 11वें ओवर में सिकंदर रजा ने गिल को बोल्ड का मैच का रुख पलटा। हालांकि इसके बाद वाशिंगटन सुंदर और आवेश खान ने एक बार फिर से टीम की वापसी करते हुये मैच रूख भारत के पक्ष में कर दिया था। आवेश ने 12 गेंदों में तीन चौके लगाते हुये 16 रन बनाये। वॉशिंगटन सुंदर एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 27 रन बनाए। भारत के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। टी-20 मुकाबले में यह जिम्बाब्वे की भारत के खिलाफ तीसरी जीत है। जिम्बाब्वे की ओर से सिकंदर रजा और टेंडई चतारा ने तीन-तीन विकेट लिए। ब्रायन बेनेट, वेलिंग्टन मसाकाट्जा, ब्लेसिंग मुजाराबानी और ल्यूक जॉन्गवे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




सिकंदर रजा की गेंद को समझने में नाकाम हुए कप्तान शुभमन गिल। ● एजेंसी

इससे पहले आज यहां हरारे स्पोर्ट्स क्लब में भारत के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में मुकेश कुमार ने इनोसेंट काइया (शून्य) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद वेस्ले मधेवीरे और ब्रायन बेनेट ने दूसरे विकेट के लिये 34 रन जोड़े। छठें ओवर में रवि बिश्नोई ने ब्रायन बेनेट (22)को बोल्ड कर जिम्बाब्वे को दूसरा झटका दिया।

बिश्नोई ने आठवें ओवर में वेस्ले मधेवीरे (21) को भी बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान सिकंदर रजा ने (17) डिओन मेयर्स (23) रन बनाकर आउट हुये। क्लाइव मडांडे ने 25 गेंदों में नाबाद (29) रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी के आगे जिम्बाब्वे के पांच बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके। रवि बिश्नोई (चार विकेट) और वॉशिंगटन सुंदर (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने जिम्बाब्वे को निर्धारित 20 ओवरों में 115 स्कोर रोक दिया था। भारत की ओर से रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट चटकाए। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने चार ओवर में 11 रन देकर दो विकेट लिए और इस तरह टी-20 में अपने 100 विकेट भी पूरे किए। मुकेश कुमार और आवेश खान को एक-एक विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे 115/9 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेसली मेडेवेरे बो बिश्नोई | 21 | 22 | 3/0 |
| इनोसेंट केइया बो मुकेश | 0 | 1 | 0/0 |
| ब्रायन बेनेट बो बिश्नोई | 22 | 15 | 5/0 |
| सिकंदर रजा का बिश्नोई बो आवेश | 17 | 19 | 1/1 |
| डियोन मायर्स का और बो सुंदर | 23 | 22 | 2/0 |
| जोनाथन कैंपबेल रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| क्लाइव मडांडे नाबाद | 29 | 25 | 4/0 |
| वेलिंगटन मसाकाजा स्ट जुरेल बो सुंदर | 0 | 0 | 0/0 |
| ल्यूक जोंगवी पगबाधा बो बिश्नोई | 1 | 3 | 0/0 |
| ब्लेसिंग मुजाराबानी बो बिश्नोई | 0 | 2 | 0/0 |
| टेंडाइ छटारा नाबाद | 0 | 9 | 0/0 |

अतिरिक्त : 2, गेंदबाजी : खलील 3-0-28-0, मुकेश 3-0-16-1, बिश्नोई 4-2-13-4, अभिषेक 2-0-17-0, आवेश 4-0-29-1, सुंदर 4-0-11-2

| भारत 102/10 (19.5 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक कैच मसाकाजा बो बेनेट | 0 | 4 | 0/0 |
| शुभमन गिल बोल्ड सिकंदर रजा | 31 | 29 | 5/0 |
| ऋतुराज कैच इनोसेंट बो मुजाराबानी | 7 | 9 | 1/0 |
| रियान पराग कैच ब्रॉडेन बो छटारा | 2 | 3 | 0/0 |
| रिंकू सिंह कैच ब्रॉडेन बो छटारा | 0 | 2 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल कैच मडांडे बो जोंगवी | 7 | 14 | 1/0 |
| वॉशिंगटन कैच मुजाराबानी बो जोंगवी | 27 | 34 | 1/1 |
| रवि बिश्नोई पगबाधा बो रजा | 9 | 8 | 2/0 |
| आवेश खान कैच रजा बो मसाकाजा | 16 | 12 | 3/0 |
| मुकेश बोल्ड रजा | 0 | 3 | 0/0 |
| खलील अहमद नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 3, गेंदबाजी : ब्रायन बेनेट 1-1-0-1, वेलिंगटन मसाकाजा 3-0-15-1, टेंडाइ छटारा 3.5-1-16-3, ब्लेसिंग मुजाराबानी 4-0-18-1, ल्यूक जोंगवी 4-0-28-1, सिकंदर रजा 4-0-25-3

# करो या मरो मुकाबले में वापसी करना चाहेगी भारतीय महिला टीम



**मैच का समय : शाम 07:00 बजे**

**चेन्नई।** भारतीय महिला टीम पहले मैच में 12 रन से मिली हार के बाद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में वापसी करने के लिए दूसरे टी-20 मैच में बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना चाहेगी। भारत को शुक्रवार को हुए पहले मैच में कैच छूटने और बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे टीम दक्षिण अफ्रीका के चार विकेट पर 189 रन के जवाब में 20 ओवर में चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी।

दक्षिण अफ्रीका के इस मौजूदा दौरे में यह पहली जीत थी और इससे पहले उसे वनडे श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था जबकि एकमात्र टेस्ट में 10 विकेट से शिकस्त मिली थी। शुक्रवार के मैच के बाद दोनों टीमों के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। भारत की ऋचा घोष और दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स को क्रमशः सिर में चोट और मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। खिलाड़ियों के दिमाग में क्षेत्ररक्षण में फ्लॉप शो जरूर चल रहा होगा। विशेषकर पर तब जब मुख्य कोच कोच अमोल मजूमदार इस मामले में बेहद सख्त हैं।

### हमने गेंदबाजी में गलतियां की : राधा

**चेन्नई।** भारतीय स्पिनर राधा यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में 12 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों ने कुछ गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। तजमिन ब्रिट्स (81) और मारिजान कैप (57) ने गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी जिससे दक्षिण अफ्रीका चार विकेट पर 189 रन बनाने में सफल रहा। जवाब में भारत चार विकेट पर 177 रन ही बना पाई। राधा ने कहा यह जानना महत्वपूर्ण था कि विकेट पर किस लेंथ और किस गति से गेंदबाजी करनी है। हमने गेंदबाजी इकाई के रूप में कुछ गलतियां की। हमने उन्हें 10 से 15 रन अधिक बनाने दिए। हमें उन्हें यॉर्कर लेंथ पर गेंद करनी चाहिए थी। हमें रणनीति पर अमल करना होगा और जल्द ही विकेट के व्यवहार को समझना होगा।



### विंबलडन सेंटर कोर्ट पर तेंदुलकर का अभिवादन

**लंदन।** चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का शनिवार को दोपहर में यहां पहुंचने पर विंबलडन सेंटर कोर्ट पर दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। बादामी रंग का सूट पहने तेंदुलकर ने हाथ हिलाकर सभी के अभिवादन का जवाब दिया। विंबलडन ने एक्स पर डाले वीडियो के साथ लिखा सेंटर कोर्ट पर फिर आपका स्वागत है सचिन। सेंटर कोर्ट पर प्रस्तोता ने भी तेंदुलकर का स्वागत करते हुए कहा हमारे बीच भारत के महान क्रिकेटर, विश्व कप विजेता और क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले लीजैंड हैं।



सचिन तेंदुलकर का स्वागत कीजिये। इंग्लैंड के टेस्ट और सीमित ओवरों के कप्तान बेन स्टोक्स और जोस बटलर के साथ पूर्व कप्तान जो रूट भी रॉयल बॉक्स में बैठे थे। तेंदुलकर पिछले काफी साल से नियमित तौर पर विंबलडन देखने जाते हैं।

**पेरिस डायमंड लीग**

### साबले और जेना के सामने होंगे विश्व स्तरीय खिलाड़ी



**पेरिस।** भारत के शीर्ष स्टीपलचेस एथलीट अविनाश साबले और भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना रविवार को एक दिवसीय डायमंड लीग के पेरिस चरण में अपनी ओलंपिक तैयारियों को बेहतर करने की उम्मीद करेंगे।

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पिछले कुछ समय से परेशान कर रही जांघ की समस्या के कारण इसमें हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। साबले और जेना दोनों ही फॉर्म में नहीं हैं और उन्होंने ओलंपिक से पहले ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया है। पर अब वे पेरिस की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक में एथलेटिक्स स्पर्धायें एक अगस्त से शुरू होंगी। 29 वर्षीय साबले ने अभी तक दो 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धाओं में हिस्सा लिया है। उन्होंने पोर्टलैंड में 8:21.85 और पंचकुला में 8:31.75 का समय निकाला था जबकि उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 8:11.20 है। एशियाई खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता ने कहा मैंने पिछले दो साल में गलतियां की हैं।

## सदस्य इकाइयों से डाउनलोड होंगे खिलाड़ियों के पहचान पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया की ई-गवर्नेंस की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अब खिलाड़ी सदस्य इकाइयों के पोर्टल से सीधे अपने पहचान पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों के लिए डिजिटल पहचान पत्र को जारी करने की प्रणाली शुरुआत कर दी है। यह नई प्रणाली पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। यह कई प्रमुख सुविधाएँ प्रदान करती है।

पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रिया में सदस्य इकाई पोर्टल पर खिलाड़ी पंजीकरण, सभी आवश्यक व्यक्तिगत विवरण तथा दस्तावेज प्रस्तुत करना, सदस्य इकाई द्वारा प्रोफाइल की समीक्षा, हॉकी इंडिया को स्वीकृत प्रोफाइल प्रस्तुत करना, हॉकी इंडिया द्वारा अंतिम समीक्षा और अनुमोदन तथा आखिर में खिलाड़ियों को सदस्य इकाई पोर्टल पर अपना विवरण दर्ज करके सीधे अपना डिजिटल आईडी



कार्ड डाउनलोड करने की क्षमता शामिल है। इन सुविधाओं को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप सिंह टिर्की ने कहा, हमें आधार कार्ड मॉडल की तरह डिजिटल खिलाड़ी पहचान पत्र पेश करने पर बहुत गर्व है। यह एक अच्छी पहल है। हॉकी इंडिया का यह कदम न केवल हमारे खिलाड़ियों के लिए पहचान पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, बल्कि पहुंच और सुविधा को भी काफी हद तक बढ़ाता है। प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक तथा सरल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता अटूट है, यह उस दिशा में एक बड़ा कदम है।

## एंडर्स एंटोनसेन को हराकर राजावत सेमीफाइनल में

कैलगरी (कनाडा), एजेसी

भारत के प्रियांशु राजावत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीय और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराकर कनाडा ओपन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने शुक्रवार रात एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई। यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी चीनी ताइपे के पेई शान हसीह और एन-त्जु हंग से 18-21 21-19 16-21 से हार गई। राजावत ने एंटोनसेन को हराकर करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि इस 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। राजावत दूसरी बार विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना फ्रांस के अलेक्स लेनियर से



होगा। राजावत ने अच्छी शुरुआत की तथा पहले गेम में एक समय वह 7-4 से आगे थे। एंटोनसेन ने हालांकि जल्द ही स्कोर 9-9 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार पांच अंक बनाए। एंटोनसेन ने फिर वापसी की कोशिश की लेकिन राजावत ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। एंटोनसेन ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी की लेकिन राजावत ने उन्हें कड़ी चुनौती दी। तीसरे गेम में राजावत एक समय 5-1 से आगे थे लेकिन एंटोनसेन इंटरवल तक 11-10 मामूली बड़त हासिल करने में सफल रहे।

# घुटने के दर्द से जूझते हुए जीते ज्वेरेव

लंदन, एजेंसी




एलेक्जेंडर ज्वेरेव

- ज्वेरेव बोले- पेप को देखा तो हो गया था नर्वस
- चौथे दौर में पहुंचे बेन शेल्टन, उगो हम्बर्ट भी जीते
- महिला वर्ग में चीन की जिन्यू जीतीं

जर्मनी के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने घुटने की समस्या, मैराथन टाई-ब्रेकर और रॉयल बॉक्स में अपने आदर्शों में से एक को देखने की घबराहट पर काबू पाकर यहां विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने शनिवार को सेंटर कोर्ट पर टाईब्रेकर में अपना छठा मैच प्वाइंट हासिल करने के बाद कैमरून नौरी को 6-4, 6-4, 7-6 (15) से हरा दिया। नौरी टूर्नामेंट में आखिरी ब्रिटिश खिलाड़ी थे। ज्वेरेव दूसरे सेट में गिरने के बाद बायें घुटने से परेशान रहे उन्हें कई बार उपचार की जरूरत पड़ी।

रॉयल बॉक्स में कई प्रमुख खेल हस्तियां बैठी थीं जिसमें से एक मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला को देखकर वह थोड़े नर्वस भी थे। ज्वेरेव ने कहा, जब मैंने पेप को देखा तो मैं कुछ गेम के दौरान नर्वस हो गया था। बेन शेल्टन भी चौथे दौर में पहुंच गए। तीसरे पांच सेट के मुकाबले में डेनिस शापोवालोव को हराया जिसे पहले सेट में बारिश के कारण रात भर के लिए स्थगित कर दिया था। वहीं, उगो हम्बर्ट ने ब्रैंडन नाकाशिमा को हराया जिससे अब उनका सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। महिला वर्ग में चीन की जिन्यू वांग ने ब्रिटेन की हैरियट डार्ट को हराया। जबकि येलेना ओस्टापेंको ने बर्नार्डा पेरा को 6-1, 6-3 से पराजित किया।

### बारिश ने बाधित किया खेल, डि मिनौर को वॉकओवर

**लंदन।** बारिश के कारण लगातार दूसरे दिन विम्बलडन में खेल बाधित हो गया और मौसम विभाग का कहना है कि यह मौसम दोपहर तक बना रह सकता है। नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर को चौथे दौर में वॉकओवर मिला जब उनके प्रतिद्वंद्वी फ्रांस के क्वालीफायर लुकास पोउली ने चोट के कारण नाम वापिस ले लिया। दूसरे दौर में भारत के यूकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट्टी को जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से पुरुष युगल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

# रोनाल्डो का सपना टूटा, फ्रांस सेमीफाइनल में पहुंचा

हैम्बर्ग (जर्मनी), एजेंसी

फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में जगह बनाई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का खिताब के साथ टूर्नामेंट से विदाई लेने का सपना तोड़ दिया।

इस मुकाबले को रोनाल्डो बनाम काइलियन एमबापे के बीच जंग के रूप में देखा जा रहा था लेकिन आखिर में फ्रांसीसी खिलाड़ी अपने आदर्श फुटबॉलर पर भारी पड़ा। दोनों टीम ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन अतिरिक्त समय तक भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें पुर्तगाल के जोआओ फेलिक्स का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया। इसके बाद




यूरो 2024 में फ्रांस के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हार के बाद पेपे को गले लगाते पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

थियो हर्नांडेज ने निर्णायक किक को गोल में बदलकर फ्रांस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। फ्रांस को यूरो 2021 के अंतिम 16 में और विश्व कप 2022 के फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां किस्मत उसके साथ थी। पुर्तगाल की इस हार से 39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूरोपीय चैंपियनशिप से भी विदा ली। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। रोनाल्डो ने रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। फ्रांस सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा।

### मेरिनो के गोल से स्पेन सेमीफाइनल में, जर्मनी बाहर

**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** माइकल मेरिनो के अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी को 2-1 से पराजित करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। जब मैच पेनल्टी शूटआउट की तरफ बढ़ रहा था तब स्थानापन्न खिलाड़ी मेरिनो ने 119वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। मेरिनो ने गोल करने के बाद कॉर्नर फ्लैग के पास उसी तरह से जश्न मनाया जैसे उनके पिता मिगुएल मेरिनो ने 1991 में यूएफा कप में इसी स्टेडियम में खेले गए मैच में ओसासुना की तरफ से स्टुटगार्ट के खिलाफ गोल करने के बाद मनाया था। मेरिनो ने कहा मैं जानता था कि बहुत कम समय बचा है और यह हमारी तरफ से आखिरी हमला हो सकता है। कुछ सेकेंड तक तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मैंने गोल कर दिया है। मैं बेहद खुश हूं। हमने कड़ी मेहनत की थी और हमें अपने पर भरोसा था। मैच में तीनों गोल स्थानापन खिलाड़ियों ने किए।



जर्मनी के खिलाफ मैच में हेडर लगाता स्पेन का खिलाड़ी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### ट्यूनीशिया ने राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा की

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया में राष्ट्रीय चुनाव कराने वाली स्वतंत्र निकाय (आईएसआईई) ने अगले राष्ट्रपति चुनाव के लिये कार्यक्रमों की घोषणा की है। ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस (टीएपी) ने शुक्रवार को बताया है कि आईएसआईई तीन सितंबर को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा करेगा। चुनाव अभियान 14 सितंबर से शुरू होगा और चार अक्टूबर को समाप्त होगा। राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम परिणाम नौ नवंबर तक घोषित किए जाएंगे। देश के मौजूदा राष्ट्रपति कैस सईद 2019 में चुने गए थे। उन्होंने अभी तक 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की घोषणा नहीं की है।

### चीन में शक्तिशाली तूफान पांच लोगों की मौत

**जिनान।** पूर्वी चीन के शांदोंग प्रांत के हेज शहर में आए शक्तिशाली तूफान में पांच लोगों की मौत हो गयी है। हेज के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार दोपहर को डोंगमिंग काउंटी और जुआनचेंग काउंटी में आए भयंकर तूफान में 88 लोग घायल हो गये। इनमें से पांच लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गयी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आपदा में कुल 2,820 घर, 60,900 म्यू (4,060 हेक्टेयर) फसलें और 48 बिजली आपूर्ति लाइनें क्षतिग्रस्त हो गयीं।

### लेबनान-इजरायल सीमा पर बढ़ सकता तनाव

**संयुक्त राष्ट्र।** संरा ने ब्लू लाइन के नाम से मशहूर लेबनान-इजरायल सीमा पर तेज झड़पों पर शुक्रवार को गंभीर चिंता व्यक्त की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता के कार्यालय के एक नोट के अनुसार गुरुवार को हुई शत्रुता की यह हालिया वृद्धि, पूर्ण पैमाने पर युद्ध के खतरे को बढ़ाती है। नोट में संयम की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है, जिसमें कहा गया है, टकराव बढ़ने से बचा जा सकता है।

### पाकिस्तानी प्रांतों में बाढ़ की चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एनडीएमए ने देश में जारी मूसलाधार वर्षा के कारण संभावित बाढ़ आने को लेकर चेतावनी जारी की है। एनडीएमए के राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि बारिश के कारण इस्लामाबाद, पूर्वी पंजाब के कुछ हिस्सों और उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की स्थानीय नदियों में अचानक बाढ़ आने के आसार हैं।

# मानसून में एसी का इस्तेमाल करते वक्त जान लें ये जरूरी बातें, वरना हो सकता नुकसान

मानसून के मौसम में तापमान में गिरावट तो आती है लेकिन कई बार यह बारिश उमस भी बढ़ा देती है। उमस से बचने के लिए हम एसी का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इस मौसम में एसी के रखरखाव की जरूरत बढ़ जाती है क्योंकि नमी वाले वातावरण में एसी आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। दरअसल बारिश के समय बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। इनके लिए एसी का नम तापमान सबसे मुफीद माना जाता है। इसलिए बरसात के मौसम में एसी का इस्तेमाल करते समय बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। इसलिए मानसून के समय एसी को किस टेंपरेचर पर चलाना सही है, साथ ही जानेंगे कि एसी का इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए



### मानसून में हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती है

बारिश की वजह से जब बाहर का मौसम ठंडा हो जाए तो कई घंटे तक एसी का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। मानसून के दौरान रात भर एसी चलाकर सोने से मसल्स में दर्द या थकान हो सकती है। एसी की ठंडक की वजह से सर्दी, जुकाम जैसी समस्याएं हो सकती हैं। एक बार जब एसी से कमरा ठंडा हो जाए तो सीलिंग फैन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### स्टेबलाइजर्स का इस्तेमाल जरूरी

बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा समस्या वोल्टेज के घटने-बढ़ने की सामने आती है। ऐसे में एसी व घर के अन्य एप्लायंसेज की सेफ्टी के लिए वोल्टेज स्टेबलाइजर्स का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। यह बिजली की अचानक होने वाली कटौती और उतार-चढ़ाव से बचाता है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक एप्लायंसेज की शेल्फ लाइफ को बढ़ाता है।

### एसी का टेंपरेचर पर ध्यान दें

मानसून के दौरान एसी को 24 से 30 डिग्री टेंपरेचर के बीच चलाने की सलाह दी जाती है क्योंकि बरसात के दिनों में बहुत ज्यादा ठंडा रखना स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकता है। इस पर बिजली की खपत भी कम होती है। बारिश के समय एसी का इस्तेमाल करना सही है या नहीं यह यक्ष प्रश्न हमेशा लोगों के मन में उठता है, लेकिन हमेशा कम तापमान में एसी चलाने से बचना चाहिए।

### क्या बारिश होने पर एसी चालू करना सही है

सिर्फ बारिश से एयर कंडीशनर को कोई खासा नुकसान नहीं पहुंचता है क्योंकि अधिकांश एसी में मौसम के अनुसार ठंडा, गर्म, ड्राई करके का ऑप्शन दिया होता है। हालांकि तेज बारिश और आंधी-तूफान की स्थिति में एसी को बंद करना ही बेहतर है क्योंकि आंधी-तूफान से एसी यूनिट के आस-पास धूल-मिट्टी जमा हो सकती है। साथ ही बारिश की वजह से एसी के कॉइल गीले हो सकते हैं। इससे ओवरहीटिंग के कारण ब्रेकडाउन हो सकता है। अगर आउटर यूनिट वाली जगह कवर नहीं है तो एसी को नहीं चलाना चाहिए। विंडो एसी में भी अगर उसका पिछला हिस्सा खुली जगह में है तो तेज बारिश के दौरान उसे बंद रखना ही बेहतर है।

### ऐसे करें एसी का रखरखाव

- तेज बारिश आउटडोर यूनिट को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए आउटडोर यूनिट को बारिश के डायरेक्ट एक्सपोजर से बचाने के लिए उसके ऊपर टीन कवर का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- बारिश के दौरान एसी में पानी का रिसाव, पानी की रुकावट और फिल्टर के जाम होने की समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए मानसून से पहले एसी की मरम्मत कराना जरूरी है।
- मानसून के मौसम से पहले एसी की सर्विसिंग जरूर कराएं। सर्विसिंग से यह पता लगाया जा सकता है कि एसी के सभी पार्ट्स सही से काम कर रहे हैं या नहीं। शॉर्ट सर्किट का खतरा रहता है।
- बारिश के मौसम में ड्राई मोड का इस्तेमाल करना चाहिए। यह हवा से नमी को हटाता है और कमरे को ठंडा और ड्राई बनाता है।

# स्टार्मर बोले-एफटीए को जल्द करेंगे पूरा

## मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से फोन पर की बातचीत, शीघ्र भारत आने का दिया निमंत्रण

नई दिल्ली, एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर से शनिवार सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोन पर बात की और उन्हें शीघ्र भारत आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान स्टार्मर ने कहा कि दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने के लिए वह तैयार हैं। भारत और ब्रिटेन दो वर्षों से अधिक समय से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन दोनों देशों में आम चुनावों के बीच 14वें दौर में वार्ता रुक गई थी।

उम्मीद है कि अब स्टॉर्मर के नेतृत्व वाली नई लेबर सरकार फिर वार्ता शुरू करेगी। लेबर सरकार को इस सप्ताह भारी बहुमत से वोट मिला है। नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री की हिंद-प्रशांत क्षेत्र से संबंधित अंतरराष्ट्रीय फोन वार्ता के संबंध में डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि शनिवार को सबसे पहले मोदी से बात हुई और उसके बाद जापान और ऑस्ट्रेलिया से बात की गई। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा दोनों नेताओं ने चुनावी जीत पर एक-दूसरे को बधाई दी और ब्रिटेन तथा भारत के बीच संबंधों की मजबूती पर विचार-विमर्श किया। मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे दोनों पक्षों के लिए लाभकारी समझौता करने के लिए तैयार हैं। दोनों नेताओं ने जल्द से जल्द मिलने की उम्मीद जताई। जनवरी, 2022 में जब बोरिस जॉनसन ब्रिटिश प्रधानमंत्री थे, तब से दोनों पक्ष 38.1 अरब पाउंड की द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को बढ़ाने के लिए एक समझौते पर पहुंचने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके बाद से वार्ता को ब्रिटेन में राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा। पहले लिज ट्रस को थोड़े समय के लिए प्रधानमंत्री बनाया गया, उसके बाद ऋषि सुनक ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री बने।

फोन पर बातचीत में दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। मोदी ने स्टार्मर को शीघ्र भारत की यात्रा पर आने का निमंत्रण दिया है तथा दोनों नेता आपस में बराबर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि मोदी ने प्रधानमंत्री स्टार्मर से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने बातचीत में भारत और ब्रिटेन के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख किया और पारस्परिक व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराया।

**दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी**



### मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई, अगले सप्ताह नाटो की बैठक के लिए वाशिंगटन जाएंगे

लंदन। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शनिवार को मंत्रिमंडल की पहली बैठक बुलाई। स्टार्मर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपने नए आधिकारिक आवास के बाहर समर्थकों की मौजूदगी में कहा किसी देश को बदलना स्विच दबाने जैसा नहीं है। इसमें कुछ समय लग जाएगा। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि बदलाव का काम तुरंत शुरू हो गया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री अगले सप्ताह नाटो बैठक के लिए वाशिंगटन जाएंगे और 18 जुलाई को यूरोपीय राजनीतिक समुदाय शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे।

### प्रधानमंत्री स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में लीसा नंदी समेत रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में भारतीय मूल की लीसा नंदी समेत रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल हैं। उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के विगन संसदीय क्षेत्र से भारी अंतर के साथ पुनर्निर्वाचित होने वालीं लीसा नंदी (44) शनिवार को ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री के रूप में अपना पदभार ग्रहण करेंगी। आम चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज करने वाले स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में शामिल 11 महिलाओं में रेचेल रीव्स (वित्तमंत्री), एंजेला रेनर (उप प्रधानमंत्री) भी शामिल हैं। दोनों ने इतिहास रचा है क्योंकि रीव्स के तौर पर ब्रिटेन को पहली महिला वित्तमंत्री मिली हैं, वहीं रेनर उप प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला हैं।

### आलोक शर्मा उच्च सदन के सदस्य मनोनीत

**लंदन।** भारतीय मूल के पूर्व सांसद आलोक शर्मा को संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स का सदस्य मनोनीत किया गया था। शर्मा के मनोनयन पर ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने अपनी मुहर लगा दी जिसके बाद वह हाउस ऑफ लार्ड्स के सदस्य बन गये हैं। ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने (दो दिन पहले) शर्मा समेत सात व्यक्तियों को उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री थेरेसा मे भी शामिल हैं। शर्मा ने कहा कंजरवेटिव पार्टी के कई अच्छे उम्मीदवारों का हारते देखकर दुख हुआ। आगरा में जन्मे शर्मा (56) को दो साल पहले सीओपी-26 जलवायु शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में उनके नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर उनके योगदान के लिए चार्ल्स तृतीय की नव वर्ष सम्मान सूची में सर आलोक की उपाधि दी गई थी।

# ईरान की जनता ने सुधारवादी नेता को स्वीकारा, कट्टरपंथी को नकारा

दुबई, एजेंसी

- सुधारवादी पेजेशकियान ने हिजाब कानून में ढील देने का किया वादा, आर्थिक प्रतिबंधों के संकट से बाहर निकालना होगा चुनौती
- हृदय रोग विशेषज्ञ हैं पेजेशकियान, चुनाव प्रचार के दौरान शिया शासन प्रणाली में परिवर्तन नहीं करने का किया था वादा

ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। सुधारवादी मसूद पेजेशकियान ने जीत हासिल की है, उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हराया है। पेजेशकियन ने आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहे ईरान के पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने और देश में अनिवार्य हिजाब कानून में ढील देने का वादा किया है। साथ ही आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहे ईरान के पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने और देश में अनिवार्य हिजाब कानून में ढील देने का वादा किया है।

ईरान में राष्ट्रपति का चुनाव ऐसे समय में हुए हैं, जब इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में व्यापक स्तर पर तनाव है और ईरान पिछले कई वर्षों से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पेजेशकियन का झुकाव पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी की ओर है, जिनके शासन के तहत तेहरान ने विश्व शक्तियों के साथ 2015 का ऐतिहासिक परमाणु समझौता किया था। हालांकि, यह परमाणु समझौता रद हो गया था और कट्टरपंथी नेता दोबारा सत्ता पर काबिज हो गए थे। पेजेशकियन (69) फिर से परमाणु समझौता करने और पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने के पक्षधर हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रिय ईरानवासियों, चुनाव समाप्त हो चुके हैं और यह हमारे सहयोग की शुरुआत मात्र है। आगे का कठिन रास्ता आपके सहयोग, साथ और विश्वास के बिना आसान नहीं होगा। मैं अपना हाथ आपकी ओर बढ़ाता हूं और कसम खाता हूं कि मैं आपको इस रास्ते पर अकेला नहीं छोड़ूंगा। आप भी मुझे अकेला मत छोड़िएगा।



जीत का जश्न मनाते मसूद पेजेशकियान

### कौन हैं मसूद पेजेशकियान

29 सितंबर 1954 को जन्में मसूद पेजेशकियान पेशे से डॉक्टर हैं और वह ईरान की तबरीज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रमुख रहे हैं। साल 1994 में एक कार हादसे में मसूद पेजेशकियान की पत्नी और बेटी की मौत हो गई थी। पेजेशकियान साल 1997 में ईरान के स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुके हैं। मसूद पेजेशकियान ने साल 2011 में पहली बार ईरान के राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया था, लेकिन बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। पेजेशकियान की पहचान एक उदारवादी नेता की है और वह पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी के करीबी माने जाते हैं।

# यूक्रेन पर परमाणु हमले के विकल्प खुले हैं

मॉस्को, एजेंसी



- बोले- पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को परमाणु का इस्तेमाल नहीं करेगा तो यह उनकी गलती

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन यदि यूक्रेन की मदद कर रहे पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को ऐसा कभी नहीं करेगा तो यह उनकी गलती है।

पुतिन ने यह संदेश ऐसे समय में दिया है जब यूक्रेनी सैन्य बलों को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश मदद पहुंचाने के लिए कदम उठा रहे हैं। पुतिन ने इन नाटो सदस्यों को स्पष्ट संदेश दिया कि यूक्रेन को सैन्य सहायता मुहैया कराने पर उनका रूस के साथ संघर्ष हो सकता है जो परमाणु संघर्ष में बदल सकता है।

मॉस्को ने हाल में दक्षिणी रूस में सहयोगी बेलारूस के साथ मिलकर अपने परमाणु हथियार संबंधी सामरिक तैयारी के लिए अभ्यास किया। पश्चिमी देश यूक्रेन में नाटो सैनिकों की तैनाती और रूसी क्षेत्र में सीमित हमलों के लिए उसे लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। रूस ने अपने सैन्य अभ्यास को पश्चिमी देशों के इसी कदम की प्रतिक्रिया बताया। पुतिन ने यूक्रेन में 24 फरवरी 2022 को हमला शुरू किया था और इसके बाद से वह युद्ध में पश्चिमी देशों के हस्तक्षेप को हतोत्साहित करने के लिए रूस की परमाणु ताकत का कई बार जिक्र कर चुके हैं।

### पुतिन बोले- अगर हमला किया तो अमेरिका बचाने नहीं आएगा

पुतिन ने रूस की हालिया सैन्य सफलताओं के बीच कहा कि मॉस्को को यूक्रेन में जीत के लिए परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं है लेकिन यूरोप में खासकर छोटे देशों समेत नाटो के सदस्यों के प्रतिनिधियों को यह अंदाजा होना चाहिए कि वह किसके साथ खेल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रूस उन पर हमला करता है तो अमेरिकी सुरक्षा पर भरोसा करना उनकी गलती हो सकती है। पुतिन ने कहा लगातार तनाव के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यदि यूरोप में ये गंभीर परिणाम होते हैं, तो सामरिक हथियारों के मामले में हमारी क्षमता को देखते हुए अमेरिका क्या कदम उठाएगा ? कहना मुश्किल है। क्या वे वैश्विक संघर्ष चाहते हैं।

## सीमा पार से दुश्मन कश्मीर में भाड़े के सैनिकों का इस्तेमाल कर रहा

**डोडा/जम्मू।** डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा कि सीमा पार से दुश्मन जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बरकरार रखने के मद्देनजर लोगों में भय का माहौल पैदा करने के लिए भाड़े के विदेशी सैनिकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। डीजीपी स्वैन ने कहा कि पुलिस अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। डोडा जिले के गंदोह इलाके में हाल में आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान बहादुरी के लिए सात विशेष पुलिस अधिकारियों को पदोन्नत करने के बाद वह पत्रकारों से बातकर रहे थे।



# इजराइल-हमास संघर्ष विराम की राह साफ

दीर-अल-बला, एजेंसी

- अमेरिका समर्थित प्रस्ताव को प्रारंभिक मंजूरी दे दी, अहम मांग अभी छोड़ी

हमास ने अपनी अहम मांग छोड़कर गाजा में चरणबद्ध संघर्ष विराम समझौते के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव को प्रारंभिक मंजूरी दे दी है। हमास और मिस्र के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि हमास ने अपनी इस प्रमुख मांग को छोड़ दिया है कि इजराइल युद्ध को पूरी तरह से समाप्त करने की सार्वजनिक प्रतिबद्धता जताए।

उग्रवादी समूह द्वारा किया गया स्पष्ट समझौता पिछले नवंबर से जारी लड़ाई को पहली बार रोकने में मदद करने के साथ नौ महीने के विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने पर आगे की बातचीत के लिए मंच तैयार कर सकता है। लेकिन सभी पक्षों ने आगाह किया कि समझौते की अब भी गारंटी नहीं है। इजराइल पर 7 अक्टूबर के हमले के साथ युद्ध शुरू होने से पहले हमास गाजा को नियंत्रित करता था। दोनों अधिकारियों ने कहा कि वाशिंगटन के चरणबद्ध समझौते में सबसे पहले छह सप्ताह का समग्र और पूर्ण संघर्ष विराम शामिल होगा, जिसमें सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले महिलाओं, बुजुर्गों और घायलों समेत कई बंधकों की रिहाई होगी। इन 42 दिनों के दौरान, इजराइली सेना गाजा के घनी आबादी वाले इलाकों से हट जाएगी और विस्थापित लोगों को उत्तरी गाजा में उनके घरों में लौटने की अनुमति देगी।



### मध्यस्थों से लिखित गारंटी चाहता है हमास

हमास अब भी मध्यस्थों से लिखित गारंटी चाहता है कि पहला चरण प्रभावी होने के बाद इजराइल स्थायी संघर्ष विराम समझौते पर बातचीत जारी रखेगा। हमास के प्रतिनिधि ने बताया कि समूह की मंजूरी मध्यस्थों से मौखिक प्रतिबद्धताओं और गारंटी प्राप्त करने के बाद आई है कि युद्ध फिर से शुरू नहीं किया जाएगा और स्थायी संघर्ष विराम तक बातचीत जारी रहेगी। इससे पहले संघर्ष विराम वार्ता नहीं हो सकी है क्योंकि हमास इस मांग पर अड़ा है कि किसी भी समझौते में युद्ध का पूर्ण अंत शामिल हो। नेतन्याहू ने लड़ाई को रोकने की पेशकश की है, लेकिन पूरी तरह से तब तक समाप्त नहीं किया जाएगा जब तक कि इजराइल हमास की शासन करने और सैन्य क्षमताओं को नष्ट करने तथा आतंकवादी समूह द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर लेता।

## बॉलीवुड हलचल

### जस्टिन बीबर ने अनंत-राधिका के संगीत समारोह में मचाई धूम



**मुंबई।** मशहूर अंतर्राष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर ने जाने-माने उद्योगपति एवं अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के संगीत समारोह में अपनी प्रस्तुतियों से मनोरंजन जगत और खेल जगत की नामचीन हस्तियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जस्टिन बीबर शुक्रवार सुबह लॉस एंजिलिस से मुंबई पहुंचे थे। उन्होंने रात में नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित अनंत-राधिका के संगीत समारोह में अपने प्रसिद्ध गानों बेबी, सॉरी, लव योर सेल्फ और पीचेस से धूम मचा दी। समारोह में सलमान खान, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, अर्जुन कपूर जैसी बॉलीवुड की हस्तियों के अलावा क्रिकेटर एम एस धोनी उपस्थित रहे।

### सलमान को पसंद आया विक्की कौशल का तौबा-तौबा डांस



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान को विक्की कौशल का तौबा तौबा गाना पर डांस बेहद पसंद आया है। विक्की कौशल की आने वाली फिल्म बैड न्यूज से उनका गाना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कई सेलेब्स ने उनकी डांस मूव्स की तारीफ की। अब सलमान खान ने भी विक्की का डांस वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सलमान ने उनके डांस मूव्स की तारीफ भी की है। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर वीडियो सॉन्ग 'तौबा तौबा' शेयर कर कैप्शन में लिखा,शानदार मूव्स विक्की, गाना बहुत अच्छा लग रहा है। बेस्ट विशेज। सलमान खान से तारीफ पाकर विक्की कौशल को बेहद खुशी हुई। विक्की ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, सो स्वीट ऑफ यू सलमान सर।


### अमिताभ ने फैंस के प्रति जताया आभार

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 एडी की सफलता के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के प्रति आभार जताया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। कल्कि 2898 एडी को समीक्षकों और दर्शकों से शानदार समीक्षा मिली है। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा की भूमिका निभाई है, जो भगवान विष्णु के दसवें अवतार कल्कि की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**हुंकार** बइडेन ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं व खराब प्रदर्शन से चुनावी दौड़ से बाहर होने की अटकले की खारिज

# केवल भगवान ही मुझे चुनाव लड़ने से रोक सकता है

वाशिंगटन, एजेंसी



- अटलांटा में 27 जून को डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद गिरी रेटिंग
- कई नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का किया था आग्रह

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुई पहली बहस में खराब प्रदर्शन के बाद, उनके चुनावी दौड़ से बाहर होने को लेकर लगाई जा रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि केवल सर्वशक्तिमान ईश्वर ही उन्हें मुकाबले से बाहर होने के लिए राजी कर सकते हैं।

बाइडेन (81) ने यह बात एक टेलीविजन चैनल से साक्षात्कार के दौरान कही। राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत अटलांटा में 27 जून को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन की लोकप्रियता की रेटिंग गिर गई है, जिसके बाद उन्हीं की पार्टी (डेमोक्रेटिक पार्टी) के कुछ नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया था।

बाइडेन ने कहा कि राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई अपनी पहली बहस से पहले वह थके हुए और बीमार थे। साथ ही कहा कि केवल भगवान ही उन्हें 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर कर सकते हैं। बाइडेन ने दावा किया कि वह दुनिया को चला रहे हैं और राष्ट्रपति बनने के लिए उनसे ज्यादा योग्य कोई नहीं है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का लक्ष्य लिए चुनावी मैदान में उतरे बाइडेन ने ट्रंप पर आदतन झूठा होने का आरोप लगाया। बाइडेन ने एबीसी न्यूज से साक्षात्कार के दौरान राष्ट्रपति पद के चुनाव के तहत हुई अपनी पहली बहस में अपने खराब प्रदर्शन को लेकर कहा मैं थक गया था। मैंने तैयारी के दौरान अपने मन की बात नहीं सुनी। अपनी पहली बहस के बाद किसी टेलीविजन चैनल के साथ उनका पहला साक्षात्कार था।

### मैं बीमार था और अस्वस्थ महसूस कर रहा था

उन्होंने कहा मैं बीमार था और बहुत अस्वस्थ महसूस कर रहा था। चिकित्सक मेरे साथ थे। मैंने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने मेरी कोविड-19 संबंधी जांच की है। वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि मेरे बीमार होने का कारण क्या है। उन्होंने मेरी कोविड जांच की लेकिन मुझे संक्रमण नहीं हुआ था। मुझे बस सर्दी लगी थी। बाइडेन ने कहा कि बहस में उनके खराब प्रदर्शन में किसी और की नहीं बल्कि मेरी गलती थी। डेमोक्रेटिक पार्टी के किसी भी प्रमुख नेता ने उनसे चुनाव से हटने के लिए नहीं कहा है। बाइडेन ने इससे पहले विस्कॉन्सिन में एक रैली के दौरान कहा कि वह चुनावी दौड़ में हैं और वह फिर से चुनाव जीतेंगे।